THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 309 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.2 2081 शुक्रवार, 31 जनवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

जेपीसी ने लोकसभा स्पीकर को रिपोर्ट सौंपी

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर संसद की जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) ने गुरुवार को ड्रॉफ्ट रिपोर्ट लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी। इस दौरान जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल, निशिकांत दुबे सहित अन्य भाजपा सांसद मौजूद रहे। विपक्ष का कोई सांसद नजर नहीं आया। जेपीसी ने एक दिन पहले ही ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। 16 सदस्यों ने इसके पक्ष में वोट डाला। वहीं 11 मेंबर्स ने विरोध किया। कमेटी में शामिल विपक्षी सांसदों ने इस बिल पर आपत्ति जताई। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, हमें 655 पन्नों की ड्रॉफ्ट रिपोर्ट मिली थी। 655 पन्नों की रिपोर्ट को एक रात में पढ़ना असंभव था।

महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर

शहीदों को श्रद्धांजलि : मोदी

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 77वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत सभी बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी सेवा और बलिदान को याद करता हूं। राहुल गांधी ने लिखा- गांधी जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, वह भारत की आत्मा हैं, और हर भारतीय में आज भी जीवित हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा- शहीद दिवस पर हम बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक रहे। सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव के उनके विचार हमारे मार्ग को प्रकाशित करते रहते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जो समानता और सभी के उत्थान के उनके आदर्शों को नष्ट करना चाहते हैं। आइए हम भारत की विविधता में एकता की रक्षा करें और सभी के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करें।

'देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं'

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति और उसकी अलग रह रही पत्नी के बीच के विवाद में यह टिप्पणी की। दरअसल व्यक्ति के वकील ने अदालत में कहा कि महिला आईपीएस अधिकारी है और इस वजह से उसके मुवक्किल को हमेशा परेशानी झेलनी पड़ेगी। इस पर जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि 'देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है'। पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों को आपस में बातचीत कर विवाद को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि वह एक आईपीएस अधिकारी है और आप एक व्यवसायी हैं।

सेवानिवृत सैनिकों की पेंशन के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की केंद्र को फटकार

नीति बनाने का निर्देश

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। सर्वोच्च अदालत ने गुरुवार को सेना के सेवानिवृत कर्मियों की पेंशन के मुद्दे पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई। साथ ही अदालत ने केंद्र से रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन के मुद्दे पर नीति बनाने का निर्देश दिया। सशस्त्र बल ट्रिब्यूनल ने सेवानिवृत रेडियो फिटर को दिव्यांगता पेंशन देने का आदेश दिया था। ट्रिब्यूनल के इस आदेश के खिलाफ केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के इस कदम के प्रति नाराजगी जाहिर की।

जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइंया की पीठ ने कहा कि सेना के एक जवान ने 15-20 साल सेना में सेवा दी और सशस्त्र बल ट्रिब्यूनल ने उन्हें पेंशन देने का आदेश दिया था। फिर इन लोगों को सुप्रीम कोर्ट में क्यों खींचा गया? सरकार को इस मामले में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि हमारा ऐसा मानना है कि केंद्र सरकार को ऐसी नीति बनानी चाहिए, जिसमें सशस्त्र बलों के जवानों को सुप्रीम कोर्ट में खींचने की समीक्षा हो सके। पीठ ने कहा कि इस तरह से सैनिकों के हौसलों को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए।

सुरजागढ़ खदान आगजनी मामले में अगले हफ्ते सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट :

सुप्रीम कोर्ट ने सुरजागढ़ खदान आगजनी मामले में सुनवाई अगले हफ्ते के लिए टाल दी है। यह सुनवाई वकील सुरेंद्र गाडलिंग की याचिका पर होगी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार की तरफ से पेश होने वाले एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल राजा ठाकरे की अनुपस्थिति के चलते मामले की सुनवाई अगले हफ्ते के लिए टाल दी। 25 दिसंबर 2016 को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में माओवादियों ने सुरजागढ़ लौह अयस्क खदान में परिवहन में लगे 76 वाहनों को आग लगा दी थी। सुरेंद्र गाडलिंग पर आरोप है कि उन्होंने माओवादियों की मदद की। पुलिस ने गाडलिंग के खिलाफ यूएपीए कानून के तहत धाराओं में मामला दर्ज किया।

'राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेंगे'

अजित पवार ने बीड में पार्टी कार्यकर्ताओं को चेताया

मुंबई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बीड जिले में जबरन वसूली मामले में हुई सरपंच देशमुख की हत्या ने राज्यभर की राजनीति को गर्म कर रखा है। इसी बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को बीड जिला का दौरा किया।

जहां एनसीपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे विकास परियोजनाओं में जबरन वसूली के प्रयासों में शामिल न हों और हमेशा स्वच्छ चरित्र बनाए रखें। बता दें कि अजित पवार के ये बयान भी सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले के संदर्भ में आया, जिसमें एनसीपी के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को गिरफ्तार किया गया था। पवार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रशासन में किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी को भी विकास कार्यों में जबरन वसूली करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर उन्हें इस तरह की गतिविधियों के बारे में पता चलता है, तो वे कड़ी कार्रवाई करेंगे, जिसमें मकोका के तहत कठोर सजा भी शामिल होगी। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यदि कोई सार्वजनिक जगह पर हथियार लहराता हुआ पाया गया तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बदलाव लाने के लिए कानून सबके लिए समान होना चाहिए। साथ ही बीड जिले के विकास के बारे में पवार ने कहा कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले मामलों पर निर्णय लेंगे और मुख्यमंत्री के साथ मिलकर उन मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिन पर उनका अधिकार नहीं है।

बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। संसद के बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके। बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा।

पंजाब सीएम के आवास पर चुनाव आयोग की रेड

> अंदर जाने से रोका गया > रिटर्निंग अफसर बोले-ऐप पर पैसे बांटने की शिकायत मिली थी

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर कपूरथला हाउस पर गुरुवार को चुनाव आयोग की टीम तलाशी लेने पहुंची है। कपूरथला हाउस के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं। टीम को फिलहाल अंदर जाने से रोक दिया गया है।

मान के घर पहुंचे रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडे ने कहा, हमें पैसे बांटने की शिकायत मिली है। हमें 100 मिनट में शिकायत का निपटारा करना है। हमारी फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम यहां आई थी, जिसे अंदर नहीं जाने दिया गया। मैं उनसे अनुरोध करने आया हूं कि हमें एक कैमरापर्सन के साथ अंदर जाने दिया जाए। पैसे बांटने की शिकायत सीविजिल ऐप पर मिली थी।

सीएम भगवंत मान ने कहा, प्रवेश वर्मा खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, लेकिन यह चुनाव

आयोग को नहीं दिख रहा। वर्मा ट्वीट करके बताते हैं कि वे कहां पैसे बांटेंगे। लेकिन भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज के घर पर छापेमारी होती है। दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर पंजाबियों को बदनाम कर रही है, जो की बहुत ही निंदनीय है। आप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- हार सामने देख, कांप उठी भाजपा। भाजपा वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चादर बांट रहे हैं, मगर पुलिस और चुनाव आयोग की आंखों पर तो भाजपाई पट्टी बंधी है। आप ने एक वीडियो शेयर कर दावा किया कि बिजवासन सीट से भाजपा उम्मीदवार कैलाश गहलोत अपने चुनाव ऑफिस में लोगों को पैसे बांट रहे हैं।

भाजपा उम्मीदवार के कार्यालय में खुलेआम लाखों रुपये वोट खरीदने के लिए गिने जा रहे हैं। पुलिस और चुनाव आयोग में हिम्मत है तो गृह मंत्री के घर पर रेड करें। अरविंद केजरीवाल ने कहा मुझे समझ नहीं आता है कि पैसे तो भाजपा के नेता बांट रहे हैं वे खुलेआम बांट रहे हैं, लेकिन रेड पंजाब के मुख्यमंत्री के यहां पर हो रही है। ये कहां का राज है।

तिरुवनंतपुरम में घंटों लापता रहने के बाद कुएं से मिला बच्ची का शव

तिरुवनंतपुरम, 30 जनवरी (एजेंसियां)। केरल के तिरुवनंतपुरम में दो साल की बच्ची की मौत पर रहस्य छाया हुआ है। बच्ची लापता होने के कुछ घंटों बाद अपने ही घर के पास कुएं में डूबी हुई पाई गई। पुलिस के अनुसार, सुबह से बच्ची को गायब देखकर माता-पिता ने पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान बच्ची का शव घर के पास वाले कुएं से मिला। पुलिस ने बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि बच्ची कुएं में कैसे गिरी, क्योंकि कुएं के आसपास दीवार है। परिवार वालों से पूछताछ की जा रही है। अग्निशमन और बचाव कर्मियों ने बच्ची के शव को कुएं से बाहर निकाला।

कोच्चि में अवैध रूप से रहने वाली दो बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

कोच्चि, 30 जनवरी (एजेंसियां)। अवैध रूप में भारत में रहने के आरोप में कोच्चि से दो बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान 22 वर्षीय कोबीतिबा और 19 वर्षीय रूबीना शेख के तौर पर की गई है। दोनों को एर्नाकुलम ग्रामीण पुलिस सीमा के कोडानाडु से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों ने पहले पश्चिम बंगाल की सीमा पार की और फिर बंगलूरू की यात्रा की। यहां से उन्होंने एजेंट की मदद से फर्जी आधार कार्ड हासिल किया। दोनों बांग्लादेशी महिलाओं को अदालत के समक्ष पेश किया गया और फिर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

श्रीलंका की जेल से रिहा हुए तमिलनाडु के छह मछुआरे; चेन्नई हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत

चेन्नई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। श्रीलंका की जेल से रिहा किए गए तमिलनाडु के रामेश्वरम जिले के छह मछुआरे चेन्नई पहुंच गए हैं। चेन्नई हवाई अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के हस्तक्षेप से उनकी रिहाई संभव हो सकी है। कोलंबो से विमान पर सवार होकर बुधवार रात छह लोग यहां हवाई अड्डे पर पहुंचे। राज्य के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और सड़क मार्ग से उनके गृह जिले तक उन्हें पहुंचाने में मदद की। श्रीलंकाई तटरक्षक बल ने इन मछुआरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया था, जब ये 12 जनवरी को मछली पकड़ने निकले थे। कथित तौर पर समुद्री सीमा पार करने के बाद इन मछुआरों की नौका भी जब्त कर ली गई थी। बाद में उन्हें अदालत में पेश किया गया और हिरासत में लिया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री एस। जयशंकर को पत्र लिखकर गिरफ्तार लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप किए जाने की मांग की थी।

बसपा के नेता की हुई थी हत्या, हरियाणा पुलिस ने एक संदिग्ध को मार गिराया

अंबाला, 30 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा में हाल ही में बहुजन समाज पार्टी के नेता हरविलास सिंह रज्जुमाजरा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हरविलास सिंह हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में अंबाला के नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से बसपा के प्रत्याशी थे। अब इस हत्या के मामले के एक संदिग्ध को अंबाला पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एनकाउंटर में मार गिराया है। पुलिस और संदिग्ध के बीच ये एनकाउंटर हुआ है। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि बसपा नेता हरबिलास सिंह रज्जूमाजरा की हत्या के केस में एक संदिग्ध को पुलिस और एसटीएफ की टीम ने अंबाला के पास एनकाउंटर में मार गिराया है। जानकारी के मुताबिक, मारे गए आरोपी का नाम सागर है।

अंबाला पुलिस ने बताया है कि इस मुठभेड़ में क्रॉस फायरिंग में 2 से 3 जवान भी घायल हुए हैं। अंबाला पुलिस की ओर से ये जानकारी दी गई है कि बसपा नेता रज्जूमाजरा की हत्या के मामले में सागर नाम का एक संदिग्ध बुधवार को नारायणगढ़ से करीब 30 किलोमीटर दूर मुल्लाना में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया है। आरोपी सागर को अंबाला पुलिस और एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया है।

मद्रास हाईकोर्ट ने पुलिस प्रशासन को लगाई फटकार

राज्य के गृह सचिव को पेश होने का दिया आदेश

चेन्नई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के गृह सचिव को 31 जनवरी 2025 को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। यह आदेश पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने और जांच के बाद अंतिम रिपोर्ट दाखिल न करने के मामले को लेकर दिया गया है। बता दें कि न्यायधीश पी वेलमुरुगन ने पी सुंदर द्वारा दायर याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए यह निर्देश दिया, जिसमें 2015 में दर्ज एक मामले में पुलिस द्वारा अंतिम रिपोर्ट दाखिल न किए जाने की शिकायत की गई थी।

न्यायाधीश पी वेलमुरुगन का तर्क

मामले में सुनवाई के दौरान न्यायधीश ने कहा कि न्यायाधीश ने कहा कि जब बुधवार को मामले की सुनवाई हुई तो सरकारी वकील ने कहा कि यह मामला वर्ष 2015 में ही बंद हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब पुलिस मामलों में अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं कर रही है।

पुलिस समय पर रिपोर्ट नहीं दाखिल कर रही- न्यायाधीश

न्यायाधीश ने तर्क दिया कि कानून के बनाए गए नियमों के अनुसार, एफआईआर दर्ज होने के बाद उसे तुरंत संबंधित मजिस्ट्रेट के पास भेजा जाना चाहिए, लेकिन तमिलनाडु में कई मामलों में पुलिस समय पर रिपोर्ट नहीं दाखिल कर रही है। इससे न्याय पाने के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है, खासकर गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को। साथ ही न्यायाधीश ने कहा कि जब भी पुलिस जांच करती है, तो बरामद और जब्त की गई सामग्री और दर्ज किए गए बयानों को बिना किसी अनावश्यक देरी के तुरंत संबंधित मजिस्ट्रेट के पास पहुंचना होता है। जांच पूरी होने के बाद, पुलिस को समय-सीमा के भीतर संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष अंतिम रिपोर्ट दाखिल करनी होती है।

मनमाने तरीके से काम कर रही पुलिस- न्यायाधीश

साथ ही मामले में न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि पुलिस अधिकारी मनमानी तरीके से काम कर रहे हैं और अदालत के आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे जनता को कठिनाई हो रही है। इसलिए गृह सचिव को अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया है, ताकि इस समस्या का समाधान किया जा सके।

छात्र के साथ प्रोफेसर ने की शादी, वीडियो वायरल होने के बाद महिला ने सामने आकर बताई सच्चाई

कोलकाता, 30 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की एक यूनिवर्सिटी का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में एक महिला प्रोफेसर छात्र से शादी करती हुई नजर आ रही है। क्लास रूम में प्रोफेसर एक दुल्हन की तरह तैयारी होकर आई थी। एप्लाइड साइकोलॉजी विभाग की प्रमुख पायल बनर्जी, जो वीडियो में दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। एक छात्र उनकी मांग भरता हुआ नजर आ रहा है। 'वेडिंग' के इस पल का वीडियो वायरल होने के बाद यूनिवर्सिटी अथॉरिटी ने डिपार्टमेंट हेड पायल बनर्जी को छुट्टी पर भेज दिया था। महिला प्रोफेसर की छात्र से शादी की वायरल वीडियो नादिया जिले के माकाउट के हरिनघाटा कैंपस से सामने आई है। यह वीडियो एप्लाइड साइकोलॉजी विभाग की है, जिसमें डिपार्टमेंट हेड पायल बनर्जी छात्र से शादी करती हुई नजर आ रही है। क्लास में हुई इस शादी ने अब कई सवाल खड़े कर दिए हैं, लेकिन इसके पीछे की कहानी क्या है? क्या सचमुच विभागाध्यक्ष ने छात्र से शादी की है?

यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को लीव पर भेजा

वायरल वीडियो को लेकर यूनिवर्सिटी अधिकारियों के मुताबिक, उन्हें इस बारे में कुछ भी पता नहीं था। हालांकि, की प्रोफेसर ने बताया कि सब साइको ड्रामा था। क्लासरूम में उनका प्रोजेक्ट चल रहा था। शादी की वीडियो वायरल होने के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रोफेसर के खिलाफ तीन सदस्य जांच कमेटी बनाकर उन्हें फोर्स लीव पर भेज दिया है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो फ्रेशर्स पार्टी की है।

'केजरीवाल के घर पर फेंकेंगे कूड़ा'

स्वाति मालीवाल ने कचरे से ट्रक भर किया कूच

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल गुरुवार को विकासपुरी रोड के पास पहुंची। स्वाति मालीवाल ट्रक में कूड़ा भर के अरविंद केजरीवाल के घर की ओर निकल गई है। वे केजरीवाल के घर के बाहर कूड़ा फेंकेंगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली को कूड़े की राजधानी बना दिया है। कहा कि महिलाएं आज केजरीवाल के घर के बाहर कूड़ा फेंकेंगी। उन्होंने बताया कि विकासपुरी की सड़क साफ कर सारा कूड़ा केजरीवाल के घर फेंका जाएगा। बता दें कि आम आदमी पार्टी की बागी सांसद स्वाति मालीवाल आज यानी गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ विकासपुरी पहुंचीं।

इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों के साथ ट्रक में कूड़ा भरा और फिर अरविंद केजरीवाल के घर की ओर चली गईं। आप सांसद स्वाति मालीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर भी पोस्ट डालकर केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंने एक्स अकाउंट पर लिखा कि यह कूड़ा केजरीवाल के घर पर फेंकने जा रही हूं।

अरविंद केजरीवाल का निशाना

'अमित शाह, राहुल गांधी और नायब सैनी को यमुना के पानी का बोतल भेज रहे हैं

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव की सियासी लड़ाई यमुना के पानी पर केंद्रित हो गई है। आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच इस मुद्दे को लेकर जमकर घमासान जारी है।

इसी क्रम में गुरुवार को आप नेताओं यमुना के पानी के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधा। साथ ही बीजेपी नेता अमित शाह, नायब सिंह सैनी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को यमुना का पानी पीने के लिए भेजने की बात कही। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली में हरियाणा से यमुना के जरिए और यूपी से गंगा के जरिए पानी आता है। यमुना के जरिए हरियाणा से आने वाला पानी पिछले कुछ दिनों से जहरीला है। इसका स्तर 7 पीपीएम तक पहुंच गया है। इससे मौत तक हो सकती है। हम यह मुद्दा उठाने के लिए बेबस थे। आप संयोजक ने आगे कहा, जब यह स्तर बढ़ रहा था तो आतिशी ने नायब सैनी को कई बार फोन किया और कहा कि अमोनिया के लेवल बढ़ रहा है, इसे कम कराइए। इसे हम ट्रीट नहीं कर पा रहे हैं। नायब सैनी ने तीन बार कहा कि कुछ करता हूं लेकिन कुछ नहीं हुआ और फिर सैनी ने आतिशी के फोन अटेंड करने बंद कर दिए। जब स्तर 7 तक पहुंच गया तब आतिशी को सबके सामने आकर यह बोलना पड़ा। उन्होंने कहा, ट्रीटमेंट प्लांट में पानी में क्लोरीन मिलाया जाता है। अमोनिया और क्लोरीन का कंबिनेशन डेडली होता है। अगर ऐसा पानी हम पिला देते तो पता नहीं क्या हो जाता। हमारा यह मुद्दा उठाने के बाद अमोनिया की मात्रा कम होनी शुरू हुई और अब यह तीन हो गई है। कुछ करने के बजाय धमकी दे रहे हैं कि जेल में डाल देंगे।

डाल दो, मैं जेल से ही होके आ रहा हूं। मैं धमकी से नहीं डरने वाला, नोटिस कितना भी दिला दें, मैं जब तक जिंदा हूं दिल्ली वालों को जहरीला पानी नहीं पीने दूंगा। अरविंद केजरीवाल ने ये भी कहा, कल नायब सैनी ने नौटंकी की। पानी पीया और फिर फेंक दिया। जो एक घूंट पानी नहीं पी सकते वे चाहते हैं कि हम दिल्ली वालों को पिलाएं। हम अमित शाह, वीरेंद्र सचदेवा, राहुल गांधी और नायब सैनी को बोतल भेज रहे हैं। क्लोरीन और अमोनिया मिला यह पानी है। वे पीकर दिखा दें। फिर हम मान लेंगे कि हमने जो बोला था वो गलत बोला था।

सुमित मिश्रा बने इंदौर के भाजपा नगर अध्यक्ष, श्रवण चावड़ा को मिली ग्रामीण की जिम्मेदारी

इंदौर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार इंदौर शहर में नगर और जिला अध्यक्ष की घोषणा हो गई। शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा बनाए गए हैं, जबकि जिले की जिम्मेदारी श्रवण चावड़ा को मिली है। दोनों ही युवा हैं। श्रवण पहले जिले के भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं। शहर अध्यक्ष के लिए सुमित के अलावा दीपक जैन टीनू भी दौड़ में सबसे आगे थे। सुमित और टीनू दोनों ही कैलाश विजयवर्गीय खेमे से जुड़े हैं। विजयवर्गीय ग्रामीण में अपने कट्टर समर्थक चिंटू वर्मा को फिर से जिला अध्यक्ष नहीं बनवा सके। उन्हें दो साल पहले ही जिम्मेदारी मिली थी। माना जा रहा था कि वर्मा फिर से रिपीट हो सकते हैं। श्रवण चावड़ा को जिम्मेदारी देने में वीडी शर्मा की खास भूमिका रही। सुमित मिश्रा कुशल वक्ता हैं और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में भी सक्रिय भूमिका में रहे हैं। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री भी रह चुके हैं। इंदौर जिले के शहर में ग्रामीण के अध्यक्ष युवा है।

विधानसभा चुनावों के बाद राज ठाकरे ने तोड़ी चुप्पी

बीजेपी पर निशाना साधते हुए उठाए कई सवाल

मुंबई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचाने वाले राज ठाकरे ने चुनाव के बाद अपनी चुप्पी तोड़ी है और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद पूरे महाराष्ट्र में फैला सन्नाटा कई सवालों को जन्म देता है। ठाकरे ने विशेष रूप से राज्य में हुए चुनावी परिणामों पर सवाल उठाए। उन्होंने बालासाहेब थोराट की हार और अजित पवार की पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भी हैरानी जताई। ठाकरे ने कहा कि विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी को भी वोट मिले थे लेकिन वे सारे वोट कहीं 'गायब' हो गए। ठाकरे ने कहा, 'बालासाहेब थोरात 7 बार चुनाव जीते थे, हर बार 70 से 80 हजार वोट से जीतते थे, लेकिन इस बार वे सिर्फ 10 हजार वोट से हार गए। ये कैसे संभव है?' ठाकरे ने यह भी कहा कि बीजेपी को इतनी सीटें मिल सकती हैं, लेकिन अजित पवार की 42 सीटें और शरद

पवार की केवल 10 सीटें जीतना, यह भी एक बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा, 'लोकसभा के बाद सिर्फ 4 महीने में इतना बदलाव कैसे हुआ? क्या आप सोचते हैं कि हमें वोट नहीं मिला? हमें वोट मिला था, लेकिन वे सारे वोट कहां गायब हो गए?' ठाकरे ने खुद पर लगाए जा रहे आरोपों पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उन पर आरोप लगाया जाता है कि वे हमेशा अपना स्टैंड बदलते हैं, लेकिन महाराष्ट्र के सभी राजनीतिक दलों ने कभी ना कभी अपनी भूमिका बदली है। ठाकरे ने कहा कि 'लेकिन मैंने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए कभी स्टैंड नहीं बदला।' बीजेपी का साथ ईडी केस के कारण देने के आरोपों पर सफाई देते हुए ठाकरे ने, 'मैं शिवाजी महाराज की कसम खाकर बताता हूं कि मैंने बिजनेस किया था। कोहिनूर मिल के लिए हमने टेंडर भरा था। हमें टेंडर मिल गया था, लेकिन कानूनी अड़चनों के कारण हम उस डील से बाहर निकल गए।' बीजेपी पर सीधा निशाना साधते हुए ठाकरे ने कहा, 'बीजेपी ने जिन नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया उन्हें ही पार्टी में लिया और सत्ता में बैठाया, लेकिन उस पर कोई सवाल नहीं उठाता। बीजेपी ने बीएस येदुरप्पा, अजित पवार, अशोक चव्हाण को सत्ता में लिया। बीजेपी ने 370 का विरोध करने वाले फारुख अब्दुल्ला के साथ गठबंधन किया और मुफ्ती के साथ मिलकर सरकार बनाई। इतना सब बीजेपी ने किया, लेकिन कोई नहीं कहेगा कि बीजेपी ने अपना स्टैंड बदला। एक बाद याद रखिए, मैं हमारी पार्टी और आपके प्रेम को कभी भी बीजेपी के सामने लाचार होने नहीं दूंगा।

महाराष्ट्र के बाद बंगाल में भी जीबीएस सिंड्रोम का कहर, तीन की मौत

मुंबई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। देश में लगातार जीबीएस सिंड्रोम बीमारी का कहर बढ़ता जा रहा है। यह बीमारी अब राज्य दर राज्य फैलने लगी है। बंगाल में पिछले चार दिनों में संदिग्ध जीबीएस से एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। हालांकि, हेल्थ डिपार्टमेंट ने अभी तक मौत के कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जानकारी के मुताबिक, मरने वालों में नॉर्थ 24 परगना के जगद्दल निवासी देबकुमार साहू (10), अमदंगा निवासी अरित्रा मनाल (17) और हुगली जिले के धनियाखली गांव निवासी 48 साल के एक व्यक्ति शामिल हैं। देबकुमार की 26 जनवरी को कोलकाता के बीसी रॉय अस्पताल में मौत हो गई, जबकि शहर के एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज करा रहे अमदंगा के मनाल की अगले दिन मौत हो गई। हुगली के व्यक्ति की वहां के एक अस्पताल में मौत हो गई। देबकुमार साहू के चाचा गोविंदा साहू ने कहा कि अस्पताल ने हमें यह नहीं बताया कि उसकी मौत जीबी सिंड्रोम से हुई है,

बाल-बाल बचे जीतू पटवारी

कार में आगे की सीट पर थे, पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर

भोपाल, 30 जनवरी (एजेंसियां)।मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी इंदौर से भोपाल लौटते समय एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। हालांकि, इस हादसे में वे बाल-बाल बच गए। हादसा तब हुआ जब पटवारी की फॉर्च्यूनर कार इंदौर-भोपाल हाईवे पर फंदा टोल के पास पहुंची और अचानक पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि फॉर्च्यूनर कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन घटना में जीतू पटवारी और उनके स्टाफ को कोई गंभीर चोट नहीं आई। हादसे के वक्त जीतू पटवारी अपनी कार की आगे की सीट पर बैठे थे और इस घटना में वे पूरी तरह से सुरक्षित रहे। हादसे के बाद उनकी सुरक्षा के बारे में चिंता जताई गई।

कांग्रेस पार्टी ने 'एक्स' कर जानकारी दी, इंदौर-भोपाल हाईवे पर फंदा टोल के पास कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी! प्रदेश अध्यक्ष जी और उनका स्टाफ सुरक्षित हैं! पार्टी ने आगे, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी राज्य सरकार से पूर्व में भी पीसीसी चीफ की सुरक्षा को लेकर आग्रह कर चुकी है! हम पुनः इस दिशा में सरकार का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं!

बोरे में 500 के नोटों की गड्डियां, शराब की बोतलें, आप के पर्चे, 'पंजाब सरकार' की कार पर बढ़ी तकरार

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव से महज एक हफ्ते पहले दिल्ली में पंजाब के नंबर प्लेट वाली एक सफेद रंग की ह्यूंडई कार। कार के ऊपर पंजाबी भाषा में लिखा हुआ है- 'पंजाब सरकार'। तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन ने बुधवार रात को इस कार को पकड़ा। उसके भीतर से बोरे में भरकर 500-500 रुपये के नोटों की गड्डियां मिलती हैं। लाखों रुपये। शराब की बोतलें भी मिलती हैं और साथ में मिलती हैं आम आदमी पार्टी के पर्चे। चुनाव प्रचार सामग्री। अब इसे लेकर दिल्ली की चुनावी फिजा की सियासत और गरमा गई है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की ही सरकार है। बीजेपी इसे आप के भ्रष्ट चेहरे का बेनकाब होना बता रही है तो पंजाब सरकार उस कार से ही पल्ला झाड़ रही है। आम आदमी पार्टी तो बीजेपी के आरोपों को हास्यास्पद बता रही है। बीजेपी, आप और कार...वार-पलटवार। ये तो नारा जैसा बन गया! खैर, क्या है दिल्ली में 'पंजाब सरकार' लिखी कार से कैश और शराब मिलने का मामला? आइए जानते हैं। बुधवार को दिल्ली पुलिस ने पंजाब भवन के पास खड़ी एक सफेद रंग की कार से भारी मात्रा में कैश, शराब की बोतलें और आम आदमी पार्टी के पर्चे बरामद किए। कार पर लाल रंग से 'पंजाब सरकार' लिखा है। गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर पीबी से शुरू है यानी पंजाब में रजिस्ट्रेशन। दिल्ली पुलिस ने बताया कि तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में इस मामले को लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

बीजेपी का हमला

'पंजाब सरकार' लिखी कार से कैश, शराब और आम आदमी पार्टी के पर्चे मिलने को लेकर बीजेपी हमलावर है। दिल्ली से बीजेपी के सांसद प्रवीण खंडेलवाल इसे आप के 'घिनौने चेहरे' का 'बेनकाब' होना ठहराया है। उन्होंने कहा, 'दिल्ली पुलिस ने पंजाब सरकार की एक गाड़ी पकड़ी है और उसमें से नकदी और शराब बरामद हुई है। इससे आप का घिनौना चेहरा दिल्ली में बेनकाब हो गया है। उन्होंने 'आम आदमी' के नाम पर दिल्ली की जनता को बेवकूफ बनाया है... अरविंद केजरीवाल की आप सरकार दिल्ली में भ्रष्टाचार, घोटालों और झूठ की नींव पर काम कर रही है। दिल्ली में बदलाव होगा और बीजेपी की सरकार बनेगी।'

मणिपुर में 70 अधिकारियों का तबादला हिंसा के बाद लिया गया फैसला

इंफाल, 30 जनवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में जारी जातीय अशांति के बीच राज्य सरकार ने प्रशासनिक चुनौतियों से निपटने के लिए बड़ा फेरबदल किया है। मुख्य सचिव प्रशांत कुमार सिंह ने बुधवार को इसकी घोषणा की। इस फेरबदल में वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस और मणिपुर सिविल सेवा के 70 प्रमुख अधिकारियों का तबादला शामिल है। फेरबदल के तहत 10 आईपीएस और मणिपुर पुलिस सेवा अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, साथ ही वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों सहित 60 नौकरशाहों की तैनाती में बदलाव किया गया है। यह फेरबदल मणिपुर में पिछले 21 महीनों से जारी मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा के बाद किया गया है, जिसमें 250 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। यहां 1,000 से ज्यादा घायल हुए हैं और 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। यह हिंसा तब शुरू हुई थी जब मैतेई समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा मांगने के खिलाफ ट्राइबल सॉलिडैरिटी मार्च निकाला गया था। इस प्रशासनिक बदलाव से पहले 3 जनवरी को अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया था और 15 जनवरी को प्रशांत कुमार सिंह ने मुख्य सचिव का पदभार संभाला था। सरकार को उम्मीद है कि यह फेरबदल प्रशासन को स्थिर करने और राज्य में सुरक्षा हालात सुधारने में मदद करेगा। राज्य में हुई हिंसा के बाद से प्रतिबंधित समूहों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। ऐसे में पुलिस ने पिछले एक हफ्ते में 7 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है जो प्रतिबंधित समूह के हैं। सुरक्षाबलों और पुलिस को इनके पास से हथियार और गोला बारूद भी मिले हैं। मणिपुर में भारतीय सेना और अन्य सुरक्षाबलों के संयुक्त ऑपरेशन में पिछले एक सप्ताह में भारी मात्रा में हथियार और बरामद किया गया है। संयुक्त ऑपरेशन में भारतीय सेना, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बल शामिल हैं। इस दौरान थौबल, तैंग्नोपॉल, बिष्णुपुर, चुराचंदपुर, इंफाल पश्चिम, नोने, जिरीबाम और ककचिंग जिलों से 35 हथियारों, गोलाबारूद और युद्ध सामग्री की बरामदगी की गई थी।

दिल्ली चुनाव के बीच अरविंद केजरीवाल को लेकर आदित्य ठाकरे का बड़ा बयान

आरोप लगाने की कोशिश हुई है

मुंबई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे सियासी हलचल तेज होती जा रही है। चुनावी बिगुल बजते ही समाजवादी पार्टी (एसपी) और तृणमूल कांग्रेस ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को अपना समर्थन देने की बात कही। इस बीच अब शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने अरविंद केजरीवाल और आप सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। आदित्य ठाकरे ने कहा, कई आरोप लगाने की कोशिश हुई है, लेकिन पिछले 10 साल में अरविंद केजरीवाल ने दिखाया कि सरकार कैसे चलाते हैं। केजरीवाल ने पानी, बिजली, स्कूल, अस्पताल के क्षेत्र में अच्छा काम किया है। दिल्ली अहम राज्य है, जिसने काम किया है उसे ही जनता जिताएगी। ऐसी हमारी उम्मीद है, ऐसा मेरा विश्वास है। प्रयागराज के महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर आदित्य ठाकरे ने कहा, महाकुंभ में जो घटना हुई वह बहुत दुखद है। भगदड़ में जिन भी श्रद्धालुओं मौत हुई है, उन्हें हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। जो घायल है वह जल्द ठीक हो जाए ऐसी हम कामना करते हैं, लेकिन यह घटना व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है। जितना खर्चा सरकार ने विज्ञापन और वीवीआईपी पर किया। जैसी सुविधाएं वीवीआईपी को दी जाती हैं वैसी सुविधाएं आम श्रद्धालुओं को भी मिलनी चाहिए। वहीं परीक्षा केंद्र में बुर्का पर पाबंदी लगाने की मंत्री नितेश राणे की मांग पर आदित्य ठाकरे ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, इस देश के हर विद्यार्थी को परीक्षा देने का अधिकार है। जिसने (नितेश राणे) ये बयान दिया है, उस गंदगी के मैं मुंह नहीं लगता। जबकि सिद्धीविनायक ड्रेस कोड विवाद पर उन्होंने कहा कि पहले मंदिर प्रशासन बताएं क्या ड्रेस होगा? अगर मंदिर या किसी अन्य धार्मिक स्थल के लिए सभ्य ड्रेस कोड है तो ठीक है। दुनिया भर में कहीं भी आप जाइए, वहां धार्मिकस्थल के लिए ड्रेस कोड होता है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025 3

सुविचार: कथनी और करनी में समरूपता रखना ही महान आत्मा का लक्षण है

सभी यूटीएस काउंटर बेहतर क्यूआर कोड भुगतान प्रणाली से लैस

> दक्षिण मध्य रेलवे में टिकटों की खरीद अब आसान

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे यात्रियों को कतार में लगने में लगने वाले समय की बचत करने और मौद्रिक लेनदेन में सटीकता बनाए रखने की सुविधा प्रदान करने के लिए पूरे जोन में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित कर रहा है। इस दिशा में, अनारक्षित टिकटों में डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे के सभी यूटीएस काउंटरों पर 879 क्यूआर डिवाइस लगाकर क्यूआर कोड भुगतान विकल्प को सक्षम करने वाले नवीनतम संस्करण के साथ-साथ उन्नत उपकरणों के साथ सभी यूटीएस काउंटरों को बदल दिया गया है। इससे तुरंत टिकट प्राप्त करने के अलावा नकदी ले जाने और खुले पैसे देने की आवश्यकता को खत्म करने में सुविधा होगी। अधिक तरीकों से कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देना और सामान्य बुकिंग और आरक्षण काउंटरों पर भी डिजिटल भुगतान को बढ़ाना। यह सुविधा कैशलेस लेनदेन को सक्षम करके लेनदेन को पूरा करने में लगने वाले कुल समय को कम करेगी, मुद्रा/सिक्कों के आदान-प्रदान और खुले पैसे वापस करने आदि से बच जाएगी। यह यात्रियों के लिए भुगतान का एक परेशानी मुक्त और सुविधाजनक तरीका होगा। पूरे जोन के सभी स्टेशनों के सभी टिकट काउंटरों पर टिकट खिड़की के ठीक बाहर अलग-अलग डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। राशि की प्राप्ति की पुष्टि के बाद, टिकट तैयार किया जाएगा और यात्री को जारी किया जाएगा। महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे अरुण कुमार जैन ने सभी रेल उपयोगकर्ताओं से इस अवसर का उपयोग आरक्षित टिकट/सामान्य टिकट खरीदने के लिए करने की अपील की, जिससे उन्हें सही मुद्रा देने में बहुत मदद मिलेगी और लेन-देन में समय की बचत होगी।

तेलंगाना विधानसभा का सत्र 7 फरवरी को

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विधानसभा के सत्रों का कार्यक्रम अब तय हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने 7 फरवरी को विधानसभा सत्र आयोजित करने का विकल्प चुना है। इन सत्रों के दौरान, केंद्र सरकार से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण में वृद्धि का अनुरोध करने के लिए विधानसभा में एक प्रस्ताव रखा जाएगा। यह सर्वविदित है कि राज्य सरकार ने हाल ही में पूरे तेलंगाना में जाति जनगणना सर्वेक्षण कराया था। अधिकारियों ने इस सर्वेक्षण की अंतिम रिपोर्ट तैयार कर ली है, जिसे 2 फरवरी को कैबिनेट उप-समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कैबिनेट उप-समिति जाति जनगणना सर्वेक्षण पर रिपोर्ट की समीक्षा करेगी और उसके बाद इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट के पास भेजेगी। रिपोर्ट पर चर्चा और अनुमोदन के लिए कैबिनेट 5 फरवरी को अलग से बैठक करेगी। इसके बाद, सदन के भीतर जाति जनगणना रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करने और मंजूरी प्राप्त करने के लिए 7 फरवरी को एक विशेष विधानसभा सत्र आयोजित किया जाएगा।

सीपीआर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने गुरुवार को यहां मैथ्री अस्पताल, मेहदीपट्टनम के तत्वावधान में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए आनंद ने कहा कि चार दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे चरण में हैदराबाद शहर के कुल 1248 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भाग लेंगे। उन्हें 15 बैचों में बांटा जाएगा और प्रत्येक बैच को 90 मिनट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जो न केवल पुलिस कर्मियों के लिए बल्कि आम जनता के लिए भी उपयोगी होगा। एक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत की 98 प्रतिशत आबादी अभी भी कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थितियों में जान बचाने के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण और बुनियादी तरीका है। अमेरिका, जापान, सिंगापुर और यूरोपीय देशों जैसे अन्य देशों ने अपनी शिक्षा प्रणाली में सीपीआर को अनिवार्य बना दिया है। आनंद ने अस्पताल प्राधिकारियों से हैदराबाद के सभी 16,000 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सीपीआर प्रशिक्षण प्रदान करने का अनुरोध किया।

सरकार की तेलंगाना में एआई-आधारित डिजिटल शिक्षा शुरू करने की योजना

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में स्कूल शिक्षा विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रणनीतिक एकीकरण के माध्यम से महत्वपूर्ण सुधारों से गुजरने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के मार्गदर्शन में, शिक्षा विभाग ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए एआई और डिजिटल पहल का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

छात्रों के लिए सीखने के तरीकों में सुधार और तकनीकी मानकों को बढ़ाने के लिए अभिनव कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। इस प्रयास के तहत, राज्य शिक्षा सचिव डॉ. योगिता राणा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को बेंगलुरु स्थित एक्स-स्टेप फाउंडेशन का दौरा किया। एक्स-स्टेप फाउंडेशन शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल तरीकों को पेश करके छात्रों के बीच शैक्षिक गुणवत्ता मानकों को बढ़ाने में अग्रणी है।प्रतिनिधिमंडल में राज्य इंटरमीडिएट शिक्षा आयुक्त कृष्ण आदित्य, निदेशक ईवी नरसिम्हा रेड्डी, सहायक कलेक्टर उमा आरती और गरिमा और अन्य शामिल हैं।

फाउंडेशन पहले से ही गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब और तमिलनाडु राज्यों में संबंधित राज्य सरकारों के साथ काम कर रहा है। तेलंगाना शिक्षा विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने बैंगलोर में एक्सस्टेप-फाउंडेशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और शिक्षा क्षेत्र में की जाने वाली विभिन्न पहलों पर चर्चा की। तेलंगाना एक्स-स्टेप फाउंडेशन के साथ साझेदारी में इस एआई-आधारित शिक्षा को पेश करने के लिए एक व्यापक योजना तैयार कर रहा है। यह योजना डिजिटल पहल, प्राथमिक स्तर पर सीखने के कौशल को बढ़ाने और छात्रों और शिक्षकों के लिए अनुकूल शिक्षण विधियों में सहायता प्रदान करने के क्षेत्रों में विकसित की जा रही है।

किसानों को समर्थन के लिए इंतजार कराने पर राज्य सरकार की आलोचना

> केटीआर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कांग्रेस सरकार पर एक साल के शासन में तेलंगाना के किसानों के समर्थन के लिए कभी न खत्म होने वाले इंतजार के लिए तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि किसान हर चीज के लिए इंतजार कर रहे हैं- रैतु बंधु से लेकर रैतु बीमा तक, फसल ऋण माफी से लेकर बिजली और पानी की आपूर्ति और यूरिया की आपूर्ति से लेकर फसल खरीद तक। रामा राव ने महत्वपूर्ण मुद्दों की अनदेखी करने के लिए सरकार की आलोचना की, जिसके कारण पलामुरू, वायरा, बय्यारम और जगतियाल के किसान महत्वपूर्ण फसलों, बिजली और उर्वरकों के समर्थन मूल्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए खेती छोड़ने और सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने बीआरएस शासन के साथ इसकी तुलना करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के शासन में जो किसान कभी आत्मविश्वास के साथ खेती करते थे, वे अब कांग्रेस सरकार के शासन में दुख और अनिश्चितता से भरे हुए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पिछले दशक में हासिल की गई प्रगति मौजूदा सरकार की अक्षमता के कारण खत्म होती जा रही है। उन्होंने तेलंगाना के किसानों और लोगों से अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।

बीआरएस नेताओं ने महाकुंभ भगदड़ में हुई मौतों पर जताया शोक

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेताओं ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में हुई दुखद भगदड़ पर गहरा दुख व्यक्त किया है, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पार्टी नेताओं ने भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए बड़े धार्मिक समारोहों में उचित भीड़ प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा कि वह इस घटना से बेहद दुखी और व्यथित हैं।

उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों की कुशलता के लिए प्रार्थना की। विधान परिषद में विपक्ष के नेता एस मधुसूदन चारी ने इस त्रासदी को स्तब्धकारी बताया तथा केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार से मृतकों के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा घायलों के लिए बेहतर चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने इस घटना को हृदय विदारक बताया और केंद्र तथा उत्तर प्रदेश सरकार से पीड़ितों के साथ खड़े होने तथा हर संभव सहायता देने का आग्रह किया।

कोंडा सुरेखा जोगुलम्बा ब्रह्मोत्सव के लिए आमंत्रित



हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वन, पर्यावरण एवं धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा को 30 जनवरी से 3 फरवरी तक जोगुलम्बा बाला ब्रह्मेश्वरी स्वामी मंदिर में आयोजित होने वाले ब्रह्मोत्सव तथा 25 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। मंदिर के ईओ पुरेंद्र कुमार और पुजारियों ने गुरुवार को सचिवालय में मंत्री से मुलाकात की और उन्हें सादर आमंत्रित किया। मंदिर के पुजारियों ने मंत्री को वैदिक आशीर्वाद दिया और देवी का प्रसाद तथा निमंत्रण भेंट किया। इस अवसर पर कोंडा सुरेखा ने ईओ को निर्देश दिया कि वे त्योहारों के मद्देनजर श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान करने के लिए अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें। मंत्री ने निर्देश दिया कि त्योहारों के प्रबंधन में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि ब्रह्मोत्सव और महाशिवरात्रि उत्सवों का आयोजन भव्य तरीके से किया जाना चाहिए। एआईसीसी सचिव और आलमपुर कांग्रेस पार्टी प्रभारी संपत कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

इंदिराम्मा आवास योजना पर सरकार को स्पष्टता देनी चाहिए : एलेटी

निर्मल, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीजेएलपी नेता एलेटी महेश्वर रेड्डी ने आज कहा कि तेलंगाना में सभी पात्र गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और सरकार से इंदिराम्मा आवासों के आवंटन पर स्पष्टता देने की मांग की।एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सभी वर्गों के लोगों को धोखा दिया है और कहा कि सरकार पिछले विधानसभा चुनावों में किए गए 420 वादों को लागू करने में विफल रही है।

उन्होंने सवाल किया कि जब जिले में गरीबों से 1 लाख 90 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनके पास घर नहीं है, तो केवल 3500 घर क्यों आवंटित किए गए हैं। उन्होंने मांग की कि लोगों को पात्र व्यक्तियों की पहचान करने की पूरी प्रक्रिया के बारे में सूचित किया जाए और राशन कार्ड जारी करने पर स्पष्टता दी जाए। इस कार्यक्रम में जिला भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कविता ने खाद्य विषाक्तता के मामलों पर जताई चिंता

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी के कविता ने तेलंगाना भर में सरकारी स्कूलों और छात्रावासों में खाद्य विषाक्तता की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई है और इसे कांग्रेस सरकार के तहत प्रशासनिक उपेक्षा का प्रतिबिंब बताया है। उन्होंने सवाल किया कि सिर्फ एक दिन में तीन जिलों में 50 मामले सामने आए हैं। इस गैरजिम्मेदार सरकार के जागने (कार्रवाई करने) से पहले कितने और मासूम बच्चों को तकलीफ़ उठानी पड़ेगी? कविता ने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी राजनीतिक नौटंकी और फोटो खिंचवाने में व्यस्त हैं, जबकि तेलंगाना का भविष्य कहे जाने वाले छात्र उपेक्षा के कारण पीड़ित हैं। उन्होंने राज्य सरकार से इस मुद्दे को तुरंत हल करने का आग्रह किया। उन्होंने याद दिलाया कि हर बच्चे को सुरक्षित, पौष्टिक भोजन और सम्मान का अधिकार है। उन्होंने कहा कि आज, कांग्रेस शासन के तहत, तेलंगाना शासन का एक टूटा हुआ मॉडल बनकर रह गया है, जहां सरकार ने इसकी परवाह न करने का विकल्प चुना है।

बालानगर में मृत पाया गया अज्ञात व्यक्ति

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार दोपहर बालानगर के जिंकालावाड़ी में एक सुनसान जगह पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने बताया कि संदेह है कि पीड़ित की पीट-पीटकर हत्या की गई है। स्थानीय निवासियों ने पेड़ों के बीच पड़े शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। मृतक की उम्र 40 के आसपास बताई जा रही है। सूचना मिलने पर बालानगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने बताया कि मौके से सुराग जुटाए गए हैं और सर्विलांस कैमरे की फुटेज की जांच की जा रही है। पीड़िता और हत्यारों की पहचान के प्रयास जारी हैं। उन्हें संदेह है कि पीड़ित हमलावरों के साथ मौके पर आया था, जो उसके परिचित हैं। उनसे बहस के बाद उसकी हत्या कर दी गई होगी। आस-पास के सभी पुलिस थानों को अलर्ट कर दिया गया है।

जैन समुदाय के लोगों ने भाजपा सांसद लक्ष्मण से मुलाकात की

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद जैन समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज तेलंगाना भाजपा के संगठन सचिव चंद्रशेखर से मुलाकात की, साथ ही राज्यसभा सांसद के. लक्ष्मण ने जैन समुदाय की कुछ मांगें रखीं, उन्हें ज्ञापन सौंपा और उन मांगों से उन्हें अवगत कराया। यहां जारी एक प्रेस बयान में ऋद्धिश जागीरदार और मुकेश चौहान ने कहा कि आगामी मार्च और अप्रैल माह में जैन समुदाय के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव और 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आ रही है।इस संदर्भ में जैन समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाजपा नेताओं से मुलाकात की और उनसे केंद्र सरकार तक दोनों तीर्थंकरों की जयंती के अवसर पर अवकाश देने और देशभर में मांस की दुकानें बंद करने का संदेश पहुंचाने को कहा। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष ऋषभदेव जन्म कल्याण महोत्सव 23 मार्च को तथा महावीर जन्म कल्याण महोत्सव 10 अप्रैल को मनाया जाएगा।

इस अवसर पर के. लक्ष्मण ने आश्वासन दिया कि जैन समुदाय से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे को संसद में रखकर वे जैन समुदाय को पूरा सहयोग देंगे। सांसद ने कहा कि मैं शाकाहारी हूं, इसलिए शाकाहार का महत्व अच्छी तरह जानता हूं। जैन समुदाय की इस मांग को ध्यान में रखते हुए चंद्रशेखर ने सुझाव दिया कि अवकाश के अलावा मीडिया, आम जनता और यहां तक कि बच्चों को भी जैन तीर्थंकरों के जीवन से अवगत कराकर दोनों तीर्थंकरों के बारे में जागरूकता पैदा की जानी चाहिए। जैन धर्म के सिद्धांत अहिंसा को सर्वोच्च धर्म मानते हैं और जीने दो तथा हम सभी के जीवन में इनका बहुत महत्व है।इस दिन देशभर के जैन समुदायों को अपने मंदिरों और भवनों पर भगवान की तस्वीरें रखकर पुष्प अर्पित करने की सलाह दी जाती है। इस अवसर पर जैन समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

सरकार सब्सिडी के साथ टेरेस गार्डन को बढ़ावा दे रही है : तुम्मला

> मंत्री ने 17वें ग्रैंड नर्सरी मेले का उद्घाटन किया

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहरी हरियाली को बढ़ाने की एक बड़ी पहल में, राज्य के कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने सब्सिडी के माध्यम से टेरेस गार्डन को बढ़ावा देने की सरकार की योजना की घोषणा की। इस कदम का उद्देश्य शहर के निवासियों को उपलब्ध स्थानों में पौधे और सब्जियां उगाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे एक स्वस्थ और अधिक टिकाऊ वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री ने गुरुवार को नेकलेस रोड पीपुल्स प्लाजा में 17वें ग्रैंड नर्सरी मेले का उद्घाटन करते हुए यह घोषणा की। मेले के हिस्से के रूप में आयोजित अखिल भारतीय बागवानी शो में भारत और विदेशों से पौधों, बीजों और बागवानी की आवश्यक वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में बोलते हुए, मंत्री तुम्माला ने शहरी जीवन में हरियाली के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से अपने घरों में हर खाली जगह का उपयोग बागवानी के लिए करने का आग्रह किया, तनाव से राहत और समग्र कल्याण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, मानव अस्तित्व के लिए हरियाली आवश्यक है, और शहरी निवासियों को यथासंभव अधिक से अधिक पौधे उगाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने छत पर उद्यान और ऊर्ध्वाधर उद्यान अपनाने को प्रोत्साहित किया, जो प्रदूषण को कम करने और शहरों में जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। शहरी और ग्रामीण जीवन शैली के बीच तुलना करते हुए, मंत्री ने बताया कि कृषि में लगे लोग अधिक स्वस्थ होते हैं। उन्होंने कहा, खेती करने वाले लोग शायद ही कभी बीमारियों से पीड़ित होते हैं, जबकि गतिहीन जीवन शैली विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं में योगदान देती है। उन्होंने दुनिया के विभिन्न हिस्सों से दुर्लभ पौधों और बीजों को लाने के प्रयासों की भी प्रशंसा की, जो नर्सरी मेले में बागवानी के शौकीनों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। नर्सरी मेला प्रभारी खालिद अहमद ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि मेले में 150 स्टॉल हैं जो विभिन्न प्रकार के फूलदार पौधे, किचन गार्डन की आवश्यक वस्तुएं, औषधीय पौधे और सजावटी वनस्पतियां पेश करते हैं। प्रदर्शनी में कई राज्यों से प्राप्त बागवानी उपकरण और सामग्री भी शामिल हैं, जो पौधे प्रेमियों और उत्साही लोगों के लिए हैं। बागवानी अधिकारी बाबू और अन्य अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे शहरी बागवानी और टिकाऊ जीवन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को बल मिला।

पूर्व तट रेलवे

(1) सूचना सं.: eT-West-WAT-04-2025, दिनांक: 24.01.2025

कार्य का नाम : वाल्टियर मंडल के केके-II लाइन में सहायक मंडल अभियंता/ जगदलपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन ORN-3 पुल संख्या 842, 855, 881 और पुल संख्या 882 का पुनर्वास।

विज्ञापित मूल्य (₹): 2,49,25,162.58, EMD (₹): 2,74,600.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 08 (आठ महीने)

(2) सूचना सं.: eT-West-WAT-05-2025, दिनांक: 24.01.2025

कार्य का नाम : वाल्टियर मंडल के केके-II लाइन में सहायक मंडल अभियंता/ किरन्दुल के अधिकार क्षेत्र के अधीन पुल संख्या 1123 (ORN-3 पुल) एवं पुल संख्या 1252B (रेल क्लस्टर पुल) का पुनर्वास।

विज्ञापित मूल्य (₹): 1,08,57,600.83, EMD (₹):2,04,300.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 06 (छः महीने)

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 18.02.2024 को 1500 बजे (दोनों निविदा के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-929/P/24-25

लैंड फॉर जॉब स्कैम: पूर्व आईएएस समेत 2 पर चलेगा केस

लालू के रेल मंत्री रहते रेलवे बोर्ड में थे आरके महाजन, 7 फरवरी को अगली सुनवाई

पटना, 30 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आज यानी (30 जनवरी) लैंड फॉर जॉब मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने 2 अधिकारियों पर केस चलाने की मंजूरी दे दी है। इसमें एक पूर्व आईएएस अधिकारी आरके महाजन हैं। महाजन लालू के रेल मंत्री रहते रेलवे बोर्ड में थे। स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर डीपी सिंह और मनु मिश्रा ने इसकी जानकारी दी है। इस मामले में अब 7 फरवरी को अगली सुनवाई होगी।

इससे पहले 16 जनवरी को हुई सुनवाई टल गई थी। उस दिन कोर्ट ने एक रेलवे अधिकारी पर केस चलाने की अनुमति नहीं दी थी। वहीं इससे पहले भी 23 दिसंबर को केस चलाने की अनुमति नहीं मिलने के कारण सुनवाई टल गई थी।

इस केस में लालू परिवार के पांच सदस्य आरोपी हैं। इसमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती और हेमा यादव शामिल हैं। 7 अक्टूबर को हुई सुनवाई में लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार समेत सभी 9 आरोपियों को जमानत मिल गई थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सभी को 1-1 लाख के निजी मुचलके पर बेल दी थी। कोर्ट ने सभी को पासपोर्ट सरेंडर करने के निर्देश दिए थे।

लैंड फॉर जॉब्स मामले में 20 जनवरी 2024 को ईडी की दिल्ली और पटना टीम के अधिकारियों ने लालू और तेजस्वी से 10 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक लालू प्रसाद से 50 से ज्यादा सवाल किए गए थे।

उन्होंने ज्यादातर जवाब हां या ना में ही दिए थे। पूछताछ के दौरान कई बार लालू झल्ला भी गए थे। वहीं, तेजस्वी से 30 जनवरी को लगभग 10-11 घंटे तक पूछताछ चली थी।

डील 1: सीबीआई ने शुरुआती जांच में पाया कि 6 फरवरी 2008 को पटना के किशुन देव राय ने अपनी जमीन काफी कम कीमत पर राबड़ी देवी के नाम कर दी। यानी 3,375 वर्ग फीट जमीन सिर्फ 3.75 लाख रुपए में राबड़ी देवी को बेच दी। साथ ही इसी साल परिवार के 3 मेंबर्स राज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार और अजय कुमार को मध्य रेलवे मुंबई में ग्रुप डी के पद पर नौकरी मिल गई।

डील 2: फरवरी 2008 में पटना के महुआबाग के संजय राय ने भी सिर्फ 3.75 लाख रुपए में 3,375 वर्ग फीट जमीन राबड़ी देवी को बेच दी। सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि संजय राय के अलावा परिवार के 2 अन्य मेंबर्स को रेलवे में नौकरी मिल गई।

डील 3: पटना की रहने वाली किरण देवी ने नवंबर 2007 में सिर्फ 3.70 लाख रुपए में अपनी 80,905 वर्ग फीट जमीन लालू यादव की बेटी मीसा भारती को बेच दी। इसके बाद 2008 में सेंट्रल रेलवे मुंबई में किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को नौकरी मिल गई।

डील 4: फरवरी 2007 में पटना निवासी हजारी राय ने अपनी 9,527 स्क्वायर फीट जमीन दिल्ली की कंपनी एके इंफोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को 10.83 लाख रुपए में बेच दी। बाद में हजारी राय के 2 भतीजे दिलचंद कुमार और प्रेम चंद कुमार को वेस्ट-सेंट्रल रेलवे जबलपुर और साउथ-ईस्टर्न रेलवे कोलकाता में नौकरी मिल गई।

सीबीआई ने पाया कि एके इंफोसिस्टम्स के सभी अधिकार और संपत्ति साल 2014 में लालू प्रसाद यादव की बेटी और पत्नी को दे दिए गए थे। राबड़ी देवी ने 2014 में कंपनी के ज्यादातर शेयर खरीद लिए और बाद में कंपनी की डायरेक्टर बन गईं।

डील 5: पटना निवासी लाल बाबू राय ने मई 2015 में मात्र 13 लाख रुपए में अपनी 1,360 वर्ग फीट जमीन राबड़ी देवी के नाम कर दी। सीबीआई ने जांच की तो पता चला कि लाल बाबू राय के बेटे लाल चंद कुमार को 2006 में नॉर्थ-वेस्टर्न रेलवे जयपुर में नौकरी मिली थी।

डील 6: बृज नंदन राय ने मार्च 2008 में अपनी 3,375 वर्ग फीट जमीन गोपालगंज निवासी हृदयानंद चौधरी को 4.21 लाख रुपए में बेच दी। हृदयानंद चौधरी को साल 2005 में ईस्ट-सेंट्रल रेलवे हाजीपुर में नौकरी मिल गई। 2014 में हृदयानंद चौधरी ने गिफ्ट डीड के जरिए इस जमीन को लालू प्रसाद यादव की बेटी हेमा को ट्रांसफर कर दिया।

सीबीआई ने जांच की तो पाया कि हृदयानंद चौधरी और लालू प्रसाद यादव दूर के भी रिश्तेदार नहीं हैं। साथ ही जिस जमीन को गिफ्ट के रूप में दिया गया, उस वक्त सर्कल रेट के अनुसार उसका मूल्य 62 लाख रुपए था।

डील 7: विशुन देव राय ने मार्च 2008 में अपनी 3,375 वर्ग फीट की जमीन सीवान निवासी ललन चौधरी को दे दी। ललन के पोते पिंटू कुमार की साल 2008 में वेस्टर्न रेलवे मुंबई में नौकरी लग गई। इसके बाद ललन चौधरी ने फरवरी 2014 में इस जमीन को हेमा यादव को दे दिया।

मौनी अमावस्या के बाद काशी पहुंचे 20 लाख श्रद्धालु

26 ट्रेनें निरस्त, 5 लाख फंसे; मंदिर के बाहर 5 किमी लंबी लाइन

वाराणसी, 30 जनवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ स्नान के बाद श्रद्धालु काशी दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वाराणसी में इस समय 20 लाख से अधिक श्रद्धालु मौजूद हैं। ट्रेनों के निरस्त होने के कारण पांच लाख से अधिक यात्री फंस गए हैं। ढाई लाख से अधिक लोगों ने यात्रा टाल दी है। दिल्ली, आगरा वंदे भारत समेत 26 ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं।

इस वक्त कैंट रेलवे स्टेशन पर ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु मौजूद हैं। रेलवे प्रशासन द्वारा लोगों को होल्डिंग एरिया में रोका गया है। वहीं गुरुवार सुबह से काशी के 10 घाट पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ पैदल ही बाबा विश्वनाथ के धाम पहुंच रही हैं।

गोदौलिया से विश्वनाथ मंदिर, दशाश्वमेध घाट से गंगा द्वार और चौक से विश्वनाथ मंदिर तक करीब 5 किमी लंबी लाइन लगी हुई है। काशी विश्वनाथ धाम में बुधवार रात 1 बजे तक बाबा का दर्शन जारी रहा। प्रशासन के मुताबिक पट बंद होने तक करीब 5.50 लाख भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया।

प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे के बाद कई मेला स्पेशल ट्रेनों को रोक दिया गया। वाराणसी में 29 जनवरी को ये ट्रेनें वाराणसी रेलवे स्टेशन नहीं पहुंची, जिससे हजारों लोग फंस गए। पहले बनारस से चलने वाली 12559 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस निरस्त हुई।

उसके बाद बलिया-नई दिल्ली एक्सप्रेस, गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस, 05004 गोरखपुर-झूसी कुम्भ .गोरखपुर-झूसी कुम्भ विशेष, 05179 गोरखपुर-झूंसी कुम्भ विशेष, 05187 गोरखपुर-झूसी कुम्भ विशेष, 05193 गोरखपुर-झूसी कुम्भ विशेष, गोरखपुर-प्रयागराज रामबाग कुम्भ विशेष गाड़ी निरस्त होने के कारण हजारों लोगों की यात्रा छूट गई।

वाराणसी में देर रात तक 60 से अधिक ट्रेनें प्रयागराज वाराणसी होते हुए गंतव्य को रवाना हुई। स्टेशन पर अधिकारियों संग आरपीएसएफ, सीआरपीएफ, जीआरपी के साथ सिविल पुलिस तैनात थी। वहीं मौनी अमावस्या पर काशी में उमड़े जन सैलाब ने सबको हिलोर दिया।

आला अधिकारी सुबह से देर रात तक व्यवस्था संभालने में लगे रहे। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन जब डीएम पहुंचे, स्टेशन के प्लेटफार्म पर ढाई लाख से अधिक लोग थे। अनहोनी की आशंका को देखते हुए तत्काल प्लेटफार्म से लोगो की भीड़ होल्डिंग एरिया में शिफ्ट कराई गई।

महाकुंभ- मेले में आने-जाने के रास्ते अलग किए

गाड़ियों की नो-एंट्री, वीवीआईपी पास रद्द; भगदड़ के बाद 34 घंटे से मां को ढूंढ रहा बेटा

प्रयागराज, 30 जनवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को हुई भगदड़ के बाद आज भीड़ कम है। मेले में आने-जाने के रास्ते अलग कर दिए गए हैं। प्रयागराज शहर में गाड़ियों की एंट्री पर रोक है। मेला क्षेत्र को पूरी तरह से नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। यानी यहां किसी भी गाड़ी की एंट्री नहीं होगी। इसके अलावा, वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। यह नियम 4 फरवरी तक लागू रहेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि मैं पीड़ितों से मिलने नहीं जाऊंगा। अगर मैं मिलने गया तो भाजपा राजनीति करने का आरोप लगा देगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- जांच के लिए आयोग का गठन किया गया है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे।

आज दोपहर 12 बजे तक 1.15 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। मौनी अमावस्या पर मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात को भगदड़ मच गई थी। हादसे में 35 से 40 मौतें हो गईं। सरकार की ओर से अब तक 30 मौतों की पुष्टि की गई है। वहीं, 60 घायल हुए हैं।

भगदड़ के 36 घंटे बीत चुके हैं। अब लोग अपनों को खोजते हुए संगम पहुंच रहे हैं। एक युवक ने कहा- मेरी मां भगदड़ के बाद से लापता हैं। मैं दिल्ली से आया हूं। उन्हें तलाश रहा हूं, लेकिन उनका अब तक पता नहीं चला है। इधर, सरकार ने 2019 में कुंभ में तैनात रहे दो अफसरों- आईएएस आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज बुलाया है, ताकि व्यवस्थाएं और बेहतर की जा सकें। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में भगदड़ को लेकर जनहित याचिका दायर की गई। इसमें यूपी सरकार से स्टेटस रिपोर्ट और जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग की गई है। कहा गया है कि धार्मिक आयोजनों में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए। महाकुंभ का आज 18वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 27.58 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। कल मौनी अमावस्या (29 जनवरी) पर करीब आठ करोड़ लोगों ने स्नान किया था।

पवन सिंह बोले- घर में घुसकर मारेंगे

लखनऊ में खुले मंच से दी धमकी; कहा-दो कुत्ते भौंक रहे हैं, मैं जवाब देना जरूरी नहीं समझता

पटना, 30 जनवरी (एजेंसियां)। भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने खुले मंच से धमकी दी है। हाल ही वो लखनऊ में अपने नए गाने 'काला ओढ़नी' का प्रमोशन करने पहुंचे। इस दौरान मंच से पावर स्टार ने धमकी देते हुए कहा कि वे अब घर में घुस कर मारेंगे। बताया जा रहा है कि ये धमकी निर्भय सिंह और दीपक राजपूत को दी गई है। धमकी देने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें पवन सिंह कह रहे हैं कि- 'मेरा चिथड़ा उड़ाएगा, मुझे लखनऊ में घुसने नहीं देगा। मैं घर में घुसकर मारूंगा।'

पवन सिंह के प्रमोशनल प्रोग्राम में उनकी मां भी शामिल हुई थीं। साथ ही 'काला ओढ़नी' गाने की पूरी टीम मौजूद थी। इसी मंच से उनका धमकी देते वीडियो सामने आया है।

वीडियो में पवन सिंह कह रहे हैं कि 'कुत्तों की भौंकने दो, हम जवाब देना उचित नहीं समझते। कुत्तों को जितना भौंकना है भौंकते रहें, लेकिन अगर इसका जवाब आया तो घर में घुस कर मारूंगा। आगे कहा कि, 'दो कुत्ते तो लखनऊ में ही भौंक रहें हैं, क्या मुझे वहां जाना पड़ेगा, मेरा कोई चिथड़ा उड़ाएगा। मेरा नाम पवन सिंह है।

मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो निर्भय सिंह और दीपक राजपूत पहले पवन सिंह के अच्छे दोस्त हुआ करते थे। कुछ समय पहले ही निर्भय सिंह ने पवन सिंह पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पवन सिंह को अपनी जिंदगी के 10 साल दिए, लेकिन पवन सिंह उन्हें आज तक एक अच्छा रोल भी ऑफर नहीं कर पाए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्भय सिंह इन दिनों खेसारी लाल की टीम में शामिल हो गए हैं। उन्होंने हाल ही में खेसारी लाल की काफी तारीफ की थी। वहीं इंस्टाग्राम पर लाइव लाकर कहा था कि पवन सिंह को लखनऊ में घुसने नहीं देंगे। जिसके बाद पवन सिंह ने इसका जवाब दिया है।

आईआईटी कानपुर में नॉर्थ ईस्ट की इंजीनियर का यौन शोषण

पीड़िता बोली– प्रोजेक्ट मैनेजर ने मारपीट की, धमकाया; एफआईआर दर्ज

कानपुर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। आईआईटी कानपुर में डेढ़ महीने के भीतर ही यौन उत्पीड़न का एक और मामला सामने आया है। प्रोजेक्टर मैनेजर ने साइबर सिक्योरिटी से जुड़े प्रोजेक्ट के लिए काम करने वाली इंजीनियर का यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता की तहरीर पर कल्याणपुर थाने में दो दिन पहले रिपोर्ट दर्ज की गई। पीड़ित नॉर्थ ईस्ट की रहने वाली है।

केस दर्ज कर पुलिस ने पीड़िता का बुधवार को मेडिकल कराया। पुलिस पूरे मामले की गोपनीय रूप से जांच कर रही है। अभी तक आरोपी की अरेस्टिंग नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि मजिस्ट्रेटी बयान दर्ज होने के बाद आरोपी को अरेस्ट किया जाएगा। नॉर्थ ईस्ट की रहने वाली एक युवती आईआईटी कानपुर के साइबर सिक्योरिटी के एक प्रोजेक्टर में बतौर इंजीनियर इंप्लॉई है। युवती ने आरोप लगाया है कि उसके प्रोजेक्ट मैनेजर शुभम मालवीय ने उसका यौन उत्पीड़न किया। वह एक साल से शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा है।

जब उसने शादी के लिए कहा तो वह मुकर गया। शादी करने का दबाव डालने पर उसके साथ मारपीट की और उसे धमकाया। बताया कि आरोपी मूल रूप से इंदौर का रहने वाला है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने जब उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी तो उसने मामले की जानकारी आईआईटी प्रशासन दी। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कल्याणपुर थाने में तहरीर दी।

केस सामने आने के बाद आईआईटी प्रशासन ने भी पूरे मामले की जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी है। वहीं, दूसरी तरफ कल्याणपुर पुलिस ने तहरीर मिलते ही आरोपी शुभम मालवीय के खिलाफ शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न करने, धमकी देने और मारपीट करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कानपुर में डेढ़ महीने के भीतर यह दूसरा मामला सामने आया है। आईआईटी की एक रिसर्च स्कॉलर ने भी 12 दिसंबर 2024 को कल्याणपुर थाने में शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न करने की रिपोर्ट एसीपी मोहसिन के खिलाफ दर्ज कराई थी। मामले की जांच के लिए पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी का गठन किया था। अभी एसआईटी मामले की जांच कर रही है। एक मामले की जांच पूरी नहीं हो सकी और दूसरा मामला सामने आ गया।

होटल के महाप्रबंधक की फर्जी आईडी बनाकर 42 हजार ठगे

पटियाला निवासी श्रद्धालु से किया फ्रॉड, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

प्रयागराज, 30 जनवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित होटल कान्हा श्याम के महाप्रबंधक रूपेश कुमार सिंह के नाम पर साइबर ठगों ने फर्जी आईडी बना ली। इसके बाद खुद को मैनेजर बताकर पंजाब के पटियाला निवासी श्रद्धालु से 42 हजार रुपए ठग लिए। महाप्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

महाप्रबंधक ने पुलिस को बताया- साइबर ठग ने उनके होटल में बुकिंग के नाम पर फर्जी नंबर का इस्तेमाल किया। उनके नाम से फर्जी आईडी बना ली।

इसके बाद खुद को होटल का मैनेजर बताकर श्रद्धालु के लिए 24 जनवरी को होटल बुक कर दिया। उसने बुकिंग का पैसा सिविल लाइंस के एक्सिस बैंक के नाम पर मंगवाया गया।

होटल मैनेजर ने बताया कि उनके पास पटियाला से फोन आया कि आपके होटल में कमरा बुक कराया गया है। इसके लिए ऑनलाइन पेमेंट भी किया है।

इसके बाद उन्हें मामले की जानकारी हुई। पुलिस जांच में पता चला कि बैंक में साइबर ठग का पता उत्तराखंड के एक शहर का लिखा हुआ है। इससे पहले भी ऐसा की एक मामला सामने आ चुका है।

होटल कान्हा श्याम के महाप्रबंधक रूपेश कुमार सिंह ने 16 दिसंबर को सिविल लाइंस में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उनके होटल के नाम से एक फर्जी वेबसाइट बनाई गई है।

यौन शोषण के आरोपी सांसद राकेश राठौर गिरफ्तार

सीतापुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच पुलिस ने उठाया, हाईकोर्ट से खारिज हुई थी जमानत याचिका

सीतापुर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। यूपी के सीतापुर से कांग्रेस सांसद और यौन शोषण के आरोपी राकेश राठौर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राकेश राठौर को सीतापुर में अपने आवास प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। राकेश राठौर की जमानत याचिका बुधवार को हाईकोर्ट से खारिज हो गई।

सीतापुर में तैलिक महासभा से जुड़ी एक महिला नेता ने 15 जनवरी को एसपी चक्रेश मिश्र से मुलाकात कर शिकायत पत्र सौंपा था। महिला नेता ने आरोप लगाया था कि सांसद ने उससे राजनैतिक कॅरियर बनाने और शादी का झांसा देकर 4 साल तक शारीरिक शोषण किया। शादी का दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने सांसद की कॉल रिकॉर्डिंग सहित कई इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पुलिस को सौंपे थे। जिसके आधार पर 17 जनवरी को कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ थाना कोतवाली नगर में केस दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि पीड़िता के आरोपों की 2 दिन जांच की गई। मेडिकल करवाने के बाद आरोपी सांसद के खिलाफ रेप समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने बयान कराया गया। पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के सामने आपबीती बयां की, जिसकी मेडिकल रिपोर्ट में भी पुष्टि हो गई है।

राकेश राठौर 2017 के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के रूप में सीतापुर से चुने गए थे। मई 2021 में, उनकी निजी बातचीत के कई ऑडियो क्लिप लीक हुए थे। जिसमें वे सरकार की कड़ी आलोचना कर रहे थे। खासकर कोरोना महामारी की प्रतिक्रिया पर। साथ ही पार्टी के भीतर जातिवादी रुझान की भी शिकायत कर रहे थे।

सरस्वती पूजा के चंदा विवाद में फायरिंग

मुजफ्फरपुर में हॉस्टल में चली गोलियां, पहले भी हुई थी मारपीट

मुजफ्फरपुर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में गुरुवार को सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर हुए विवाद में उपद्रवियों ने फायरिंग की है। घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र की है। कुछ दिन पहले सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर दो हॉस्टल के छात्रों के बीच मारपीट हो गई थी। फायरिंग का सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें एक बाइक पर दो लड़के बैठे हैं। पीछे वाले के हाथ में हथियार है जिससे वह हॉस्टल के गेट पर फायरिंग कर रहा है। बताया जा रहा कि तीन राउंड फायरिंग हुई है। पुलिस ने तीन खोखा भी जब्त किया है।

सोमवार को भी हॉस्टल में चंदा को लेकर मारपीट हुई थी। पुलिस ने उस समय मामले को शांत करा दिया था, लेकिन आज सुबह फिर से कुछ असामाजिक तत्वों ने एक हॉस्टल पर कई राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

एसडीपीओ टाउन सीमा देवी भी मौके पर पहुंचीं और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान करने में जुटी है।

घटना के बाद जांच करती पुलिस। पीजी हॉस्टल के छात्र बबन कुमार ने बताया कि सभी लड़के सो रहे थे। अचानक सुबह छह बजे हॉस्टल के गेट पर गोली फायरिंग होने लगी। गोली की आवाज सुनकर हॉस्टल के छात्रों में अफरा-तफरी मच गई।लगभग 10 राउंड गोली फायरिंग की है। दो बाइक से कुछ लोगो थे। हॉस्टल के गेट पर गई गोली के निशान मिले हैं। तीन खोखा भी बरामद हुआ है।

50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार ग्रेटर नोएडा में छिपकर रहता था शिवदत्त

सूचना मिलने पर पहुंची बेगूसराय पुलिस

बेगूसराय, 30 जनवरी (एजेंसियां)। बेगूसराय पुलिस ने बिहार पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स के साथ की गई छापेमारी में 50 हजार के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। टीम को यह सफलता यूपी के गौतमबुद्ध नगर (ग्रेटर नोएडा) में मिली है। गिरफ्तार अपराधी तेघड़ा थाना क्षेत्र के बनहारा गांव का निवासी शिवदत्त राय है।

एसपी मनीष ने बताया कि शिवदत्त राय तेघड़ा थाना कांड संख्या- 253/22 तथा तेघड़ा थाना कांड संख्या- 256/23 में फरार चल रहा था। पुलिस की टीम उसके पीछे लगी हुई थी। लेकिन गिरफ्तार नहीं हो पा रहा था। जिला आसूचना इकाई को इनपुट मिला कि वह दिल्ली के आसपास रह रहा है। सूचना मिलते ही टीम वहां पहुंच गई तथा टेक्निकल सर्विलांस और इनपुट के आधार पर दिल्ली के समीप ग्रेटर नोएडा परी चौक सुरजपुर से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि उक्त अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छिपने के सभी संभावित जगहों पर लगातार छापेमारी करायी जा रही थी।

एसपी ने बताया कि अपराधी के आपराधिक मामलों को देखते हुए गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रूपए का इनाम घोषित कराया गया था। इन पर हत्या सह-डकैती एवं आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर कांड दर्ज हैं। 2-3 सितम्बर 2022 की रात में शिवदत्त राय ने अपने अन्य सहयोगी साथियों के साथ मिलकर गांव के ही सुबोध राय (सरपंच पति) के घर में घुस कर लूट-पाट करते हुए ट्रैक्टर को लेकर भागने की कोशिश किया।

घर के लोगों के द्वारा विरोध करने पर अपराधियों ने सुबोध राय के पुत्र अवनीश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दिया। जबकि सुबोध राय एवं इनके एक बेटे को भी घायल कर दिया था। इस घटना में समझौता करने एवं केस नहीं उठाने पर 18 अगस्त 2023 की सुबह में फिर से सुबोध राय के घर पर पहुंचकर अपराधियों द्वारा फायरिंग किया गया था।

पूर्णिया में महिला दुकानदार को मारी गोली

चाय में देरी होने पर महिला दुकानदार से हुई थी कहासुनी, गंभीर हालत में चल रहा इलाज

पूर्णिया, 30 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्णिया में एक युवक ने आपसी कहासुनी में एक महिला दुकानदार को गोली मार दी। घटना सदर थाना क्षेत्र के गुलाबबाग रहमतनगर की है। महिला और उसका पति अपनी चाय दुकान में थे, तभी एक युवक चाय पीने आया। इसमें देरी होने पर महिला से चाय दुकानदार की आपसी कहासुनी हुई, जिसके बाद युवक ने हथियार निकालकर गोली चला दी, जो महिला के पैर में लग गई। महिला को इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। महिला की पहचान सजरा खातून के रूप में हुई है, जो गुलाबबाग रहमतनगर निवासी मो मोईन की पत्नी हैं। घटना के संबंध में महिला के पति मो मोईन ने बताया कि घर के पास ही उनकी चाय नाश्ते की दुकान है। वे अपनी पत्नी के संग चाय दुकान के पास ही थे, इसी दौरान घर के पास का ही रहने वाला युवक दुकान पर चाय पीने आया। रात होने की वजह से वे दुकान बंद करने की तैयारी में थे, मगर ग्राहक के आने पर उन्होंने दोबारा से चूल्हे पर चाय चढ़ाया। समान समेटे जाने की वजह से इसमें उन्हें 15 मिनट लग गया।

इसी को लेकर एक की महिला दुकानदार से आपसी कहासुनी हो गई। जिसके बाद युवक ने पिस्टल निकालकर महिला दुकानदार पर चला दी, जो महिला के पैर में जाकर लग गई। गोली लगने के बाद महिला वहीं पर गिर गई और युवक वहां से भागने लगा। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन युवक हथियार फेक घटनास्थल से फरार हो गया।

वहीं घटना के फौरन बाद परिजनों की मदद से महिला को इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर हथियार बरामद किया है और मामले की जांच में जुट गई है।

डिवाइडर से टकराई कार एक की मौत, 5 घायल

हाजीपुर (वैशाली), 30 जनवरी (एजेंसियां)। हाजीपुर-पटना मुख्य सड़क पर महात्मा गांधी सेतु के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक ही परिवार के 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार छपरा जिले के नयागांव थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के रहने वाले ये लोग पटना मरीन ड्राइव घूमकर वापस लौट रहे थे। हादसे में विपिन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में अमित कुमार, हर्ष कुमार, पिंकी देवी, जयप्रकाश कुमार, रंगोली कुमारी और रवि रंजन कुमार शामिल है।

जौनपुर में बस की टक्कर से कार सवार 3 की मौत, कुंभ से स्नान कर लौट रहे थे

जौनपुर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। जौनपुर में वैगन-आर कार की सिकंदराबाद डिपो की रोडवेज बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर सतहरिया पुलिस चौकी के पास हुआ। कार सवार सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ से स्नान करके लौट रहे थे। मृतकों में महराजगंज के कार चालक संजय सिंह (45), गोरखपुर के बिंदु सिंह (40) और विमला देवी (50) शामिल हैं।

यूपी की तरह दिल्ली में भी बनेगा 'एंटी रोमियो' स्क्वॉड? अनुराग ठाकुर ने की इसकी पुष्टि

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने इस बात की पुष्टि की है कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में सत्ता में आई तो एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया जाएगा। एबीपी शिखर सम्मेलन में गुरुवार को अनुराग ठाकुर ने इसकी जरूरत पर बल देते हुए कहा कि यूपी में एंटी रोमियो स्क्वॉड बनने पर लोग बहन-बेटियों की तरफ आंख उठाकर नहीं देखते। बीजेपी ने एंटी रोमियो स्क्वॉड को अपने घोषणापत्र में भी शामिल किया है। इस पर अनुराग ठाकुर ने कहा, " कुछ ऐसे लोग हैं जो बहन-बेटियों को छेड़ते भी हैं और उनका जीना दुभर भी करते हैं और मुझे नहीं लगता कि जनता में कोई भी यह कहेगा कि बहन-बेटी से कोई छेड़खानी करे। क्या लोग नहीं चाहते कि बेटियां निर्भय हों और उन्हें भय ना हो। किसी भी समय निकले, वह सुरक्षित रहे। हमने यूपी में करके दिखाया। अखिलेश जी की सरकार में बहन-बेटियों के साथ छेड़खानी होती थी। आज किसी की हिम्मत नहीं है कि बहन-बेटियों की तरफ आंख उठाकर देख भी पाए। फिर दिल्ली पुलिस क्या करेगी? इस सवाल पर अनुराग ठाकुर ने कहा, " बेटियों की सुरक्षा के लिए कुछ भी करना पड़े तो करेंगे। चाहे वॉलिंटियर बनाना ही पड़े। समाज की सोच बदलने से काम चलता है। केवल पुलिस के लट्ठ से काम नहीं चलता है। मां और परिवार को बच्चों से बैठकर बात करनी चाहिए जैसे उनके परिवार की बेटी है वैसे ही दूसरे की बेटी है तो उसके साथ छेड़खानी नहीं होनी चाहिए। यह तो समाज की भी जिम्मेदारी है जितनी सरकार की है।"

पुरी में जगन्नाथ मंदिर की जमीन पर कौन करना चाहता है कब्जा? पुलिस के पास पहुंची मंदिर समिति

पुरी, 30 जनवरी (एजेंसियां)। ओडिशा के पुरी में भगवान श्री जगन्नाथ की जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने श्री गुंडिचा मंदिर के पास स्थित मंदिर की जमीन को कब्जाने और उस पर प्लाटिंग करने के प्रयास के खिलाफ कुम्भारपड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले को सुलझा लेगी। पुरी जगन्नाथ मंदिर के मुख्य प्रशासक अरविंद कुमार पाढ़ी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को प्राथमिक जांच करने का आदेश दिया है। यह जांच तालबेणीया मौजा के खाता नंबर 791 के तहत आने वाले प्लॉट नंबर 827, 824, 821, 823, 825 और 821/1816 पर अतिक्रमण की सूचना के आधार पर की जा रही है। जानकारी के अनुसार इन सभी प्लॉट्स का कुल क्षेत्रफल 50 डिसमिल है जिसकी सरकारी कीमत लगभग 5 करोड़ रुपए हैं। मंदिर प्रशासन ने पुरी के कुम्भारपड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और मुख्य प्रशासक ने इस मामले पर पुरी के पुलिस अधीक्षक विनीत अग्रवाल से चर्चा भी की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान जगन्नाथ की जमीन पर किसी भी तरह के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले पुरी के मटिटोटा इलाके में भी मंदिर की ज़मीन पर कब्जे की कोशिश की गई थी। माटीतोटा में 109 प्लॉट्स से कुछ प्लॉट्स के खरीदी बिक्री का मामला मंदिर प्रशासन की नजर में आया था। माटीतोटा के 109 प्लॉट्स के कुल 64 एकड़ क्षेत्रफल की सरकारी कीमत लगभग 512 करोड़ रुपए हैं। उस मामले में मंदिर प्रशासन ने बसलीसाही पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मंदिर प्रशासन ने जनता को आगाह किया है कि भगवान जगन्नाथ की जमीन की कोई भी अवैध बिक्री या खरीददारी पूरी तरह गैरकानूनी है। इसमें शामिल लोग न केवल ठगी का शिकार होंगे, बल्कि उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

मध्य प्रदेश में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर सरकार सख्त, भौतिक सत्यापन का आदेश जारी

भोपाल, 30 जनवरी (एजेंसियां)। देशभर की तमाम वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की तरह मध्य प्रदेश में भी सरकार वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर सख्त हो गई है। मध्य प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों संभाग आयुक्तों को 5 दिनों में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का भौतिक सत्यापन पूरा करने का निर्देश दिया है। इसे लेकर मध्य प्रदेश का सियासी पारा अब गरमाया हुआ है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर नया कानून बनाने की तरफ कदम बढ़ा दिया है। वक्फ बिल में बदलावों को संसद की संयुक्त समिति जेपीसी ने सोमवार को मंजूरी दे दी। दिल्ली में 26 दिसंबर को हुई संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक के बाद मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड से संबंधित संपत्तियों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश मध्यप्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने जिले के सभी कलेक्टरों, संभाग के कमिश्नरों दिए है जिसमे 5 दिन के अंदर पूरी जानकारी ऑनलाइन देनी होगी। दरअसल, इस्लाम में वक्फ का मतलब होता है इस्लाम को मानने वाले किसी व्यक्ति द्वारा चल अचल संपत्ति को मुस्लिम कानून द्वारा धर्मार्थ धार्मिक या पवित्र कार्य के रूप में मुस्लिम समाज के हित के लिए समर्पित करना। इसमें मुस्लिम समाज के लिए मस्जिद, मदरसे, कृषि भूमि, कब्रिस्तान, ईदगाह, यतीम खाने की जगह शामिल थी। लेकिन वक्त के साथ धीरे-धीरे इन जमीनों की गलत तरीके से शक्तिशाली लोगों द्वारा कब्जे में लेकर उसका गलत इस्तेमाल किया गया। नरेंद्र मोदी सरकार के मुताबिक वक्फ की जमीनों के बेजा इस्तेमाल को रोकने, कब्जे से बचाने, जमीनों को गैर कानूनी तरीकों से बेचने से बचाने के लिए कानून लाया गया है।

एक्सप्रेस ट्रेन में महिला से छेड़छाड़, रेलवे पुलिस ने आरोपी अटेंडेंट को किया गिरफ्तार



मुंबई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई से गुजरात जा रही कच्छ एक्सप्रेस में एक महिला यात्री से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने के मामले में बांद्रा रेलवे पुलिस ने एक कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी कोच अटेंडेंट की पहचान हरिओम विश्राम मीना(29) निवासी राजस्थान के रूप में हुई है। बांद्रा रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि आरोपी कच्छ एक्सप्रेस के एसी कोच में अटेंडेंट के तौर पर तैनात था। इसी दौरान बांद्रा से ट्रेन के रवाना होने पर उसने महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ की। जिसके बाद शिकायत मिलने पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। महाराष्ट्र में ट्रेन में महिलाओं से छेड़छाड़ के पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। इससे पहले जून 2024 में ठाणे के उपनगरीय ट्रेन के अंदर एक महिला यात्री से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में 22 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 32 वर्षीय महिला ने रेलवे पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज करवाई थी। अधिकारी ने कहा था कि महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि जब वह जनरल कोच में यात्रा कर रही थी तो आरोपी उसके पास आया और धार्मिक यात्रा के लिए पैसे मांगे। उसने उसे 10 रुपये दिए इसके बाद उसने उसे गलत तरीके से छुआ। अधिकारी ने बताया कि उस व्यक्ति पर आईपीसी की धाराओं के तहत यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज किया गया। वहीं इससे पहले मुंबई से भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया था।

जहां एक लोकल ट्रेन में भीड़ की वजह से जनरल डिब्बे खचाखच भरे थे। इस दौरान एक 25 वर्षीय व्यक्ति ने महिला से छेड़छाड़ की। 25 वर्षीय महिला अपने ऑफिस के सहकर्मी के साथ यात्रा कर रही थी।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे के रिसेप्शन वाले दिन बुलाई गई किसानों की बैठक, जीतू पटवारी ने उठाए सवाल

भोपाल, 30 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार शंभू-खनौरी बॉर्डर पर 1 साल से चल रहे किसान आंदोलन को लेकर गंभीर नहीं है। किसानों से बातचीत के लिए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 14 फरवरी शाम 5:00 बजे का समय दिया है, जबकि इसी दिन कृषि मंत्री के पुत्र के विवाह का रिसेप्शन रखा गया है। जीतू पटवारी ने केंद्र सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन का एक पत्र वायरल करते हुए आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि 18 जनवरी 2025 को कृषि मंत्रालय द्वारा जगत सिंह डल्लेवाल (संयुक्त किसान मोर्चा) और सरवन सिंह (किसान मजदूर मोर्चा फोरम) के नाम एक पत्र जारी किया है।

पत्र में क्या किया गया उल्लेख?

उन्होंने कहा कि इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि भारत सरकार और पंजाब सरकार के मंत्रियों के साथ 14 फरवरी 2025 की शाम 5:00 बजे (महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन पंजाब) सेक्टर 26 चंडीगढ़ में आयोजित की गई है। इस बैठक में किसान नेताओं को उनकी मांगों पर बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। किसान नेता जल्द ही अपना अनशन समाप्त करेंगे। इसी पत्र को लेकर पटवारी ने कृषि मंत्री पर आरोप लगाया है।

1 साल से चल रहा है आंदोलन

पटवारी ने कहा कि पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा के नेताओं के साथ 15 फरवरी 2024 को चंडीगढ़ में बैठक हुई थी। मतलब साफ है कि 1 साल से किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं। पटवारी ने यह भी कहा कि किसानों को लेकर सरकार कितनी चिंतित है। इस बात का अंदाजा बैठक की तारीख से लगाए जा सकता है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 14 फरवरी को अपने बेटे के रिसेप्शन का कार्यक्रम रखा है। ऐसी स्थिति में जब बैठक में वे मौजूद नहीं रहेंगे तो किसान से जुड़े मुद्दों का कैसे हल होगा?

जेके सीमेंट प्लांट में बड़ा हादसा, निर्माणाधीन स्लैब गिरा, 3 मजदूरों की मौत; कई घायल

पन्ना, 30 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में आने से 3 से ज्यादा मजदूरों की मौत हो गई, जबकि करीब 50 मजदूर घायल हुए हैं। कंपनी के सूत्रों ने बताया कि राहत बचाव कार्य किया जा रहा है।

मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। एम्बुलेंस भी मौके पर हैं, हालांकि अब तक घायल मजदूरों को अस्पताल नहीं पहुंचाया गया है। वहीं, मलबे में दबे कई मजदूरों को निकालने की कोशिश की जा रही है। सुरक्षा को देखते हुए फैक्टरी के अंदर प्रवेश पूरी तरह से रोक दिया गया है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मलबे में फंसे मजदूरों को निकालने में जुटी हुई हैं। हालांकि अभी तक मृतकों और घायलों की सटीक संख्या की प्रशासनिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन हादसे के कारणों का पता लगाने में जुट गया है।

नितेश राणे ने की परीक्षा में बुर्का बैन की मांग, क्या बोली डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी?

मुंबई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने शिक्षा मंत्री को चिट्ठी लिखकर परीक्षा में बुर्का पहनने पर बैन लगाने की मांग की है। इस पर महायुति के घटक दल शिवसेना के नेता राजू वाघमारे की प्रतिक्रिया आई है और उन्होंने कहा कि अगर मतदान में बुर्का पहनने की इजाजत दी जाती है तो फिर परीक्षा में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। नितेश राणे ने शिक्षा मंत्री से मांग की है कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बुर्का पहनने पर रोक लगाई जाए। इस समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में राजू वाघमारे ने कहा, उन्होंने जो कहा उनका आधा बयान सही है कि महायुति तुष्टिकरण की राजनीति बर्दास्त नहीं करेगी लेकिन साथ ही उन्होंने बच्चों की परीक्षा को लेकर जो कहा कि हिजाब नहीं पहन सकते हैं अगर वोटिंग में इसकी अनुमति है तो फिर परीक्षा के लिए उसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहए।"

नैतिक रूप से मांग स्वीकार नहीं- राजू वाघमारे

शिवसेना नेता ने आगे कहा, " अगर चुनाव में किसी को आपत्ति है तो कोई भी प्रत्याशी बदल सकते हैं लेकिन परीक्षा में हमें नहीं लगता कि इस तरह के बयान को आगे ले जाना चाहिए। यह धरती छत्रपति शिवाजी माहारज , फुले और अंबेडकर के विचारों की धरती है। इस महाराष्ट्र में इस तरह की चीजें नैतिक रूप से स्वीकार्य नहीं हैं।"

पीएम मोदी के बयान पर बोले राजू वाघमारे

दिल्ली चुनाव में पीएम मोदी ने भी रैली की है। रैली के दौरान उन्होंने कहा, "आप-दा वालों की लुटिया यमुना में डूब गई।" पीएम मोदी के इस बयान पर राजू वाघमारे ने कहा, "आम आदमी पार्टी के नेताओं की काफी आलोचना हुई है, उनके नेता जेल में रहे हैं। उनपर शराब घोटाले के आरोप हैं, पूरी दिल्ली की स्थिति खराब है। चाहे जन स्वास्थ्य की बात हो या सुविधाओं की। सभी मोर्चे पर खराब है। आप दिल्ली में विफल रही है। इसलिए पीएम मोदी ने कहा कि आप-दा की लुटिया डूबने वाली है। मुझे लगता है कि यह होगा।'

वन्य जीव तस्करों के विरुद्ध देवास पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, पांच आरोपी गिरफ्तार

देवास, 30 जनवरी (एजेंसियां)। नर्मदा नदी के किनारे रहने वाले वन्यजीवों का अवैध हथियार से शिकार करने व तस्करी करने वाले पांच आरोपियों को सतवास थाना पुलिस ने पकड़ा है। इसको लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित हुई। एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदोरिया ने बताया कि जयंती माता जंगल के कच्चे रास्ते में कुछ लोगों के होने की सूचना मिली थी, जो वन्य जीव तेंदुए की खाल और नाखून बेचने के इरादे से वहां पर थे। पुलिस ने जब वहां पर दबीश दी तो वहां से तीन आरोपी पकड़े गए। इन आरोपियों के पास से तेंदुए की खाल, तेंदुए के नाखून, अवैध बंदूकें वह अन्य सामान जब्त हुआ है। जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने रामनिवास से बंदूक खरीदना बताया और उनके बताए गए स्थान पर दबीश दी तो रामनिवास के लड़के कुलदीप और धर्मेंद्र वहां पर बंदूक के बना रहे थे, जिस पर उन्हें पकड़ा गया है।

विमान हाईजैक होने का एटीसी को मिला अलर्ट मच गया हड़कंप, फिर पायलट ने बताई पूरी कहानी

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली से मुंबई जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में एक दिलचस्प मामला देखने को मिला है। दरअसल एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 2957 ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल यानी एटीसी को इमरजेंसी सिग्नल भेजा। इस सिग्नल में हाइजैकिंग की आशंका जताई गई थी। विमान द्वारा सिग्नल मिलने के बाद तमाम सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और सैन्य बल एक्टिव हो गए। बता दें कि यह घटना 27 जनवरी 2025 की है, जब विमान ने उड़ान भरी तो 8 बजकर 40 मिनट पर यह अलर्ट एटीसी को भेजा गया। विमान द्वारा अलर्ट मिलने के बाद दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने नियम का पालन करते हुए इसकी सूचना डेस्टिनेशन एयरपोर्ट, सुरक्षा एजेंसियों और भारतीय एयरफोर्स को दी।

सूचना मिलने के बाद सेंट्रल कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई, जिसमें दिल्ली पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन और एयरफोर्स के प्रतिनिधियों की कमेटी बनाई गई। हालांकि अलर्ट भेजने के तुरंत बाद ही पायलट ने एटीसी से संपर्क किया और बताया कि यह झूठा अलार्म था और विमान सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। हालांकि पायलट द्वारा सूचना देने के बाद भी अधिकारी आशंकित थे, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि हो सकता है कि किसी के दबाव में पायलट हों और उनपर गलत तरीके से चीजों को बयान करने का दबाव हो। बता दें कि दिल्ली से मुंबई जा रही एयर इंडिया की इस विमान में 126 यात्री सवार थे। यह विमान मुंबई की छत्रपति शिवाजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रात 9 बजकर 47 मिनट पर उतरा। बता दें कि इस समय तक एयरपोर्ट पर स्थानीय पुलिस फोर्स, एनएसजी की तैनाती कर दी गई थी।

जहाज की की जांच पड़ताल के लिए एयरपोर्ट पर उसे एक किनारे पर लाया गया। इसके बाद पूरी जांच पड़ताल के बाद मुसाफिरों को जाने की इजाजत दी गई कि वहां पर कोई खतरा नहीं है। बता दें कि फॉल्स अलार्म बजने को लेकर जांच की जा रही है। वहीं इस जांच की अगुवाई डायरेक्टोरेट जनरल आफ सिविल एविएशन यानी डीजीसीए कर रहा है।

भारत-म्यांमार बॉर्डर पर मुक्त आवाजाही को खत्म करने का विरोध, इन दो राज्यों में प्रदर्शन

आईजोल, 30 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही की व्यवस्था (एमएफआर) को खत्म करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। उत्तर पूर्व के दो राज्यों मणिपुर और मिजोरम में इस फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए गए। 'जो री-यूनिफिकेशन ऑर्गनाइजेशन' (जोरो) इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया है। दोनों राज्यों के कई जिलों में केंद्र सरकार के इस फैसले का विरोध किया गया है। बता दें कि केंद्र सरकार ने भारत-म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही की व्यवस्था को खत्म करने और दोनों देशों के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत साल 2018 में एमएफआर को लागू किया था। इसके तहत बॉर्डर के दोनों ओर 16 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले जातीय समुदायों को वीजा-मुक्त आवाजाही की अनुमति मिलती है। हालांकि, बीते साल फरवरी में भारत सरकार ने इसे खत्म करने का फैसला किया था। भारत-म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही को खत्म करने और सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले के खिलाफ मिजोरम राज्य के आइजोल, चंफई, सेरचिप, लुंगलेई और कोलासिब में विरोध प्रदर्शन किए गए हैं।

वहीं, एक और सीमावर्ती राज्य मणिपुर के भी टेंग्नौपाल जिले में विरोध प्रदर्शन देखने को मिला है। विरोध प्रदर्शन करने वालों ने भारत-म्यांमार सीमा पर नया प्रोटोकॉल लागू करने वाले मिजोरम सरकार और केंद्र के आदेशों की प्रतियों को जलाया है। 'जोरो' के उपाध्यक्ष रोहमिंगथांगा कावलनी ने मिजोरम के आइजॉल में प्रदर्शन के दौरान एमएफआर को खत्म करने के फैसले को लेकर केंद्र की आलोचना की है। उन्होंने नए नियमों को लागू करने के लिए मिजोरम सरकार के कदमों पर भी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

हत्या के आरोपी से जेल प्रशासन परेशान, वह कैदियों का दूध पी जाता, तंबाकू की सप्लाई करता भी करता है

ग्वालियर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। भोपाल जेल प्रबंधन पर कोर्ट के सामने अपने को प्रताड़ित करने वाले हत्या के आरोपी गिर्राज यादव मामले में अब जेल प्रबंधन ने बंदी को लेकर काफी चौंकाने वाला जवाब हाईकोर्ट के सामने पेश किया हैं। जेल प्रबंधन ने कोर्ट को बताया कि आरोपी जेल में तंबाकू सप्लाई करता है और दूसरे कैदियो का दूध भी पी जाता हैं। वह शिवपुरी या अशोकनगर जेल ट्रांसफर होना चाहता है, ताकि वह वहां लोगों को धमकाने का काम कर सके। दरअसल, मामला अशोकनगर के पुलिस थाना बहादुरपुर का है। 27 अगस्त 2020 से हत्या का आरोपी गिर्राज कस्टडी में है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जेल प्रबंधन भोपाल एम्स में आरोपी के खर्च पर उसका इलाज करा रहा है। उसने केस की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में याचिका दायर की है। अशोकनगर पुलिस के इंस्पेक्टर नरेश रावत ने भोपाल सेंट्रल जेल से गिर्राज को मप्र हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच में पेश किया। आरोपों को खारिज करते हुए जेल की ओर से बताया गया कि आरोपी गिर्राज मनमानी करता है। गिर्राज ने जेल प्रबंधन पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाने के साथ ही जेल में हत्या की आशंका भी जताई है। कथित रूप से प्रताड़ित करने के आरोप पर भोपाल जेल प्रबंधन ग्वालियर हाईकोर्ट में जवाब पेश किया। हाईकोर्ट को बताया गया कि आरोपी जेल में अवैध अवैध रूप से तंबाकू की सप्लाई करता है। जेल प्रबंधन के साथ ही वह साथी कैदियों के लिए भी परेशानी खड़ी करता है। आए दिन वह अन्य कैदियों के हिस्से का दूध भी पी जाता है। सख्ती करने पर भूख हड़ताल पर बैठ जाता है। आरोपी किसी भी तरह शिवपुरी या फिर अशोकनगर जेल में ट्रांसफर होने के लिए प्रयासरत है।

जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने मामला आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया है। भोपाल जेल से ट्रांसफर के पीछे ये मंशा है कि वह शिवपुरी या अशोकनगर जेल से पीड़ित पक्ष के लोगों को धमकाकर प्रकरण को प्रभावित कर सके। एफआईआर के अनुसार 26 मई 2020 को मोहर सिंह बबूल का पेड़ काट रहा था। तभी बलराम यादव आया और बोला कि जमीन उसकी है। बलराम ने फोन लगाकर गिर्राज को बुलाया। थोड़ी देर बाद गिर्राज अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा और फरसा, लाठियों से खुमान सिंह, खिलन सिंह, मोहर सिंह, शेरसिंह व फूलबाई की मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाई। इससे भी मन नहीं भरा तो टपरियों में आग लगा दी। इलाज के दौरान खुमान सिंह की मौत हो गई थी। इस मामले मे गिर्राज जेल मे बंद हैं।

नए लुक में दिखे नवजोत सिंह सिद्धू, 5 महीने में घटाया 33 किलो वजन

चंडीगढ, 30 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू इन दिनों अपने वेट लॉस को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। सिद्धू ने पांच महीने से कम समय में 33 किलो वजन घटाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी है। नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पहले और बाद की तस्वीर शेयर करते हुए कहा कि अगस्त से अब तक पांच महीने से भी कम समय में 33 किलो वजन कम किया है। उन्होंने ने ये भी बताया कि उन्होंने ऐसा कैसे किया? सिद्धू ने कहा कि यह सब इच्छाशक्ति, दृढ़ संकल्प, प्रोसेस और प्राणायाम, वेट ट्रेनिंग और वॉक के साथ एक अनुशासित डायट का नतीजा है। कुछ भी असंभव नहीं है। बता दें कुछ समय पहले सिद्धू ने बताया था कि कैसे उनकी पत्नी नवजोत कौर ने स्टेज फोर कैंसर को मात दी, जबकि उनके बचने की संभावना सिर्फ तीन प्रतिशत थी। उन्होंने कहा था कि हमारे बेटे की शादी के बाद उनको वापस कैंसर हो गया था, जिस पर उन्होंने जोर दिया क्योंकि उन्हें अपने बचने पर संदेह था, लेकिन उन्होंने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी और बहादुरी से कैंसर का सामना किया। डॉक्टर के साथ-साथ सिद्धू ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे अनुशासन और जीवनशैली में बदलाव जरूरी है। इसमें एक सख्त डायट भी शामिल है जिसने उनके ठीक होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने बताया था कि उनकी पत्नी ने एक डाइट रुटीन फॉलो किया। जिससे उन्हें कैंसर के स्टेज फोर तक पहुंचने के बाद इससे जंग जीतने में मदद मिली। उनकी डाइट में नींबू पानी, अनार, आंवला, चुकंदर, खट्टे फल, जूस, कच्ची हल्दी, लहसुन, नीम की पत्तियां और तुलसी शामिल थी।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 31 जनवरी - 2025

भाजपा ने पलटी हारी हुई बाजी

पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए नतीजे सामने आते ही आप और कांग्रेस गठबंधन के लोग जहां मायूस नजर आए वहीं भाजपा ने अपने मेयर हरप्रीत कौर बबला की जीत के बाद बल्लियों उछलते नजर आए। मेयर चुनाव में बीजेपी ने तीन वोटों से जीत हासिल की है। बीजेपी की उम्मीदवार हरप्रीत कौर बबला ने कांग्रेस और आप गठबंधन की प्रत्याशी प्रेमलता को शिकस्त दी है। भाजपा के मेयर पद की उम्मीदवार हरप्रीत कौर बबला को कुल 19 वोट मिले। वहीं आम आदमी पार्टी की मेयर पद की उम्मीदवार प्रेमलता को सिर्फ 17 वोट से ही संतोष करना पडा। बता दें कि पिछले साल के चुनाव परिणाम में विवादों के बाद, इस बार सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया पर कड़ी नज़र रखने का फैसला किया था। इसके लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पिछले साल मेयर चुनाव के दौरान काफी हंगामा हुआ था। वोटों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी भी एकतरफा धांधली के आरोप भी लगे थे। इसकी एक वीडियो भी सामने आई थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट को मामले में दखल देकर परिणाम उलट दिया था। इस बार कोर्ट और चुनाव आयोग दोनों ही चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए पूरी तरह से सख्त सावधानी बरती। इस बार मेयर का चुनाव गुप्त मतदान के जरिए हुआ। पार्षदों को बैलेट पेपर पर निर्देशित स्थान पर ही वोट देना था। गुप्त मतदान होने से क्रॉस वोटिंग की भी संभावना बढ़ गई। चुनाव प्रक्रिया के अनुसार, सबसे पहले मेयर का चुनाव हुआ। नतीजे घोषित होने के बाद, नए मेयर सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। तीनों पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया एक जैसी ही रही। बता दें कि बीजेपी ने तीनों पदों के लिए अपने उम्मीदवार खड़े किए। वहीं, आप-कांग्रेस गठबंधन में मेयर पद आप के पास था, जबकि सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद कांग्रेस के पास। दिलचस्प बात यह है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्षद गुरबख्श रावत के बीजेपी में शामिल होने से बीजेपी के पास 16 पार्षद हो गए थे, जबकि कांग्रेस के पार्षदों की संख्या 7 से घटकर 6 रह गई। आप के 13 पार्षद हैं और एक वोट चंडीगढ़ के सांसद का था। इस तरह, गठबंधन के पास कुल 20 वोट थे। अगर क्रॉस वोटिंग नहीं होती है, तो आप-कांग्रेस गठबंधन की जीत पक्की थी। लेकिन बीजेपी ने अपनी कुशल रणनीति का परिचय देते हुए हुए बाजी पलट दी। अब चंडीगढ़ की कमान भाजपा मेयर के हाथों में होगी।

महाकुंभ हादसा दुर्भाग्यपूर्ण, जिम्मेदारी तय हो

अशोक भाटिया

प्रयागराज का महाकुंभ, जिसने मानव इतिहास की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के रूप में दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है, बुधवार तड़के भगदड़ मच गई। मौनी अमावस्या के दिन, त्रिवेणी संगम पर स्नान करने गई महिलाओं और बुजुर्गों की मौत हो गई। कई घायल हो गए। मृतकों और घायलों की संख्या आधिकारिक तौर पर नहीं बताई गई है। हालांकि, सत्तर एम्बुलेंस चलती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एक घंटे में चार बार बात की या सभी 13 अखाड़ों के अमृत स्नान को स्थगित कर दिया, जिसका मतलब है कि दुर्घटना बहुत बड़ी है। किसी को त्रासदी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। विवेक होना चाहिए कि किसी विषय को कितना प्रसारित किया जाए। यदि विषय व्यक्तिगत विश्वास जितना ही भावनात्मक है और उसकी हवा बनाने वाले लोग हैं, तो इस विवेक की अधिक आवश्यकता है। भावनाओं को छूना आसान है। बौद्धिक वैज्ञानिकता विकसित करना कई गुना अधिक कठिन है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए, विद्वान शासकों द्वारा प्रयागराज में 'महाकुंभ' के माहौल को बुधवार की सुबह भगदड़ की घटना से देखा जाना चाहिए। यह डरावना है। इतना कि कोई भी हमें दिन के दौरान यह बताने में संकोच नहीं करता था कि कितने लोगों के जीवन को सचमुच लिया गया था। बीबीसी जैसी समाचार सेवाओं के अनुसार, मीडियाकर्मियों को उन अस्पतालों से रोक दिया गया था जो ₹घायलों₹ को भर्ती करते थे। पता नहीं क्यों। क्योंकि गंगा के किनारे लाशों का नवाचार नहीं है। आज (शायद) 30 मौतें देश में कोविड के दौरान देखी गई मौतों से कम हैं। इसके बारे में इतना गुप्त होने का कोई कारण नहीं था। शायद अगर दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान इस मामले को प्रकाश में लाया गया, तो भी राजधानी अपनी पकड़ खो देगी। संकट कितना भी गहरा और गंभीर क्यों न हो, चुनावी जीत उस सब से अधिक महत्वपूर्ण थी! मुद्दों को संबोधित करने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, इस कुंभ मेले में शामिल होने वाले लोगों की संख्या। कुछ कहते हैं 10 करोड़, कुछ कहते हैं 12 करोड़ या कोई और। भले ही हम इस संख्या की सत्यता पर चर्चा न करने का निर्णय लें, किसी को यह सवाल नहीं करना चाहिए कि कीमत महत्वपूर्ण है या भक्तों की संख्या। इस अवसर पर यह याद रखना अनुचित नहीं होगा कि महाभारत में केवल संख्या प्रेम में पड़कर कृष्ण का साथ मांगने वाले कौरवों के युद्ध में क्या हुआ था और जिन पांडवों ने भक्ति के साथ कृष्ण का समर्थन मांगा था। आपको कब एहसास होगा कि जो लोग सबसे बड़ा, सबसे बड़ा, सबसे बड़ा, सबसे ज्यादा संख्या, पहले तीन आदि का दावा करते हैं, उनमें अपने प्रति हीन भावना होती है? असली शक्तिशाली या मजबूत बैठकर शादू नहीं मारते हैं, यह तथ्य यह है कि यह पहला और आखिरी महाकुंभ नहीं है। पहले भी ऐसे कई कुंभ हो चुके हैं और आगे भी होते रहेंगे। इससे पहले किसी ने भी 'सबसे अधिक भीड़' का दावा करने की आवश्यकता महसूस नहीं की। अब इसे महसूस करने का कारण क्या है? खैर, यह दावा करने के लिए कि सिस्टम को समान रूप से सटीक होना चाहिए। यह कितना नहीं था, यह विदेशी समाचार चैनलों से पता चलता है। पटाखा होने पर भी, लाइव प्रसारण में हमारे समाचार चैनलों द्वारा देखी गई 'मौनी अमावस्या' को याद नहीं करना मुश्किल है। खैर, इस अवसर पर, पवित्र गंगा के सबसे पवित्र संगम में डुबकी लगाने गए उत्सुक लोग हाथ से निकल गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं से अपील की और संतों के सिर भी कुछ स्टैंड लिए, जो कुछ सवाल खड़े करता है। उदाहरण के लिए योगी ने कहा कि सभी भक्त संगम पर आने की जिद न करें, जो भी घाट पास है उसमें स्नान करें। फिर मुद्दा यह है कि यदि घाट 'निकट' पर स्नान करने से समान पुण्य की गारंटी मिलती है, तो गांवों के भक्तों को संगम पर जाने के लिए कड़ी मेहनत क्यों करनी पड़ती है? हम हर नदी को गंगावतार मानते हैं। भले ही उनमें से कई सूख गए हों, लेकिन इस अवसर पर, हमारे अधिकारियों ने इन नदियों में पानी छोड़कर कई लोगों के पुण्य की गारंटी दी होगी। कुछ लोगों को याद होगा कि कैसे पुण्य के लाभ के लिए नासिक में विशेष पानी छोड़ा गया था। यह सही है। अगर ऐसा किया गया होता, तो गांव की नदियां सक्रिय हो जाती और स्थानीय लोगों को पुण्य के लाभ के लिए पीड़ित नहीं होना पड़ता। संतों के प्रमुखों द्वारा ली गई बहुत ही समझदार स्थिति का। हादसे के बाद उन्होंने आज के शुभ अवसर पर (कम से कम थोड़ी देर के लिए) नहाना बंद कर दिया। उनके समझदारी भरे कदम का मतलब यह भी हो सकता है कि महाकुंभ के दौरान जब भी संगम स्नान किया जाए तो वह उतना ही पुण्य भी हो सकता है। यदि यह व्याख्या सही है, तो इस दिन के मुहूर्त के इतने भस्म होने का क्या कारण है? श्रद्धालुओं को कुंभ के दौरान कभी भी आने के लिए कहा जा सकता था। भगदड़ दुर्घटना के कारण, आयोजकों के लिए भी ऐसा करने का समय आ गया। सुबह के शुभ अवसर पर प्रयागराज जाने वाली विशेष ट्रेनों के रद्द होने की खबर सुबह आई। फिर दोपहर में खबर आई कि उन्हें रद्द नहीं किया गया है। इस गड़बड़ी के कारण, इन विशेष ट्रेनों से आने वाले कई भक्त आज के मुहूर्त तक नहीं पहुंच सके। वे अपना आपा खो सकते हैं और दिवंगत पुण्य को पुनः प्राप्त करने के लिए 12 साल और इंतजार करना होगा। वे किस सवाल से हताश हो गए होंगे और अब सरकार को सोचना होगा कि उन्हें जल्द से जल्द अपना खोया पुण्य कैसे मिलेगा। पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के बाद, कुंभ में अमृत के वितरण को लेकर देवताओं और राक्षसों के बीच युद्ध छिड़ गया। कुंभ मेला हर 12 साल में प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक के चार स्थानों पर आयोजित किया जाता है, जहां आकाश के माध्यम से अमृत लेते समय अमृत की बूंदें बहाई जाती थीं। प्रयागराज को छह साल बाद अर्धकुंभ कहा जाता है। इसे पहले 'माघ मेला' कहा जाता था। अब आयोजन के राजनीतिक महत्व के कारण, मेला आदि शब्द मामूली है। और इस वर्ष 144 वर्षों के बाद श्रृंखला में 12वें महाकुंभ के रूप में बहुत प्रचार हो रहा है। किसी भी मामले में, यह निश्चित रूप से मानव इतिहास की सबसे बड़ी घटना है। कुंभ के 45 दिनों में 35-40 करोड़ लोग प्रयागराज आएंगे। यह दावा खुद सरकार का है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वही सरकार भगदड़ के कई घंटों के भीतर मृतकों और घायलों की संख्या नहीं बताती है। करोड़ों की इस भीड़ की योजना बनाने और उसे प्रबंधित करने की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकारों दोनों की है, खासकर खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की, जो शैव अखाड़े से जुड़े हैं, यानी प्रबंधक. यह कष्टप्रद है। जबकि सच्ची और आधिकारिक जानकारी को दबाया जा रहा है, त्रासदी के कारण योगी के प्रशासन के अधर में लटके हुए हैं। इस महाकुंभ में वीआईपी संस्कृति की अधिकता रही है। तथाकथित अभिजात वर्ग सरकार को कमजोर करने के लिए हाथ-पांव मार रहा है। हालाँकि, साधारण विश्वासियों को स्वयं के लिए छोड़ दिया गया है। नदी पर बने 28 पुलों में से अधिकांश को यह जानने के बावजूद बंद कर दिया गया था कि मेरी अमावस्या के दिन गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम पर लाखों श्रद्धालु आएंगे। सुबह के शुरुआती घंटों में, जब लाखों लोग संगम नोज की ओर जा रहे थे, घाटों से आने-जाने के लिए कोई अलग मार्ग नहीं था। 2003 में नाशिक, 2013 में इलाहाबाद, इलाहाबाद ही। 1986 में हरिद्वार में भगदड़ के अनुभव के बावजूद इस तरह की दुर्घटना को रोकने की कोशिश न करना अपराध और पाप है। यह पाप है। इतने बड़े आयोजन में तकनीक के इस्तेमाल की बहुत चर्चा हो चुकी है, लेकिन इस तकनीक के इस्तेमाल का अनुभव नहीं हो पाया है। 2015 में नासिक सिंहस्था के दौरान इस तकनीक का अच्छी तरह से इस्तेमाल किया गया था। अमेरिका में MIT में काम करने वाले डॉ. रमेश रसकर और सहयोगियों ने नासिक में सिंहस्थ कुंभ मेले के दौरान कुंभस्थान का आयोजन किया। इसे प्राप्त कर सकता है।

ब्रह्मपुत्र पर तैरती उम्मीदों की नावें

डॉ रघुवीर चारण

हमारे देश की भौगोलिक विविधताएं देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में बाधक हैं समाज़ का मुख्य वर्ग आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है क्योंकि भौगोलिक अवसरंचना से बुनियादी ढाँचे में समानता नहीं है जहाँ देश की स्वास्थ्य नीति सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के प्राप्ति उद्देश्यों की और गतिशील है वहीं दूसरी और दुर्गम इलाक़ों में बसे लोगों को प्राथमिक उपचार भी नसीब नहीं हो रहा है।

पूर्वोतर भारत अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है विशाल ब्रह्मपुत्र नदी के समीप असम घाटी में मनमोहक चाय बागानों की ख़ुशबू से लबरेज़ ये इलाका प्रतिवर्ष गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करता है दुनिया के सबसे बड़े नदी द्वीप माजुली के आसपास बसे लाखों लोग आधारभूत स्वास्थ्य सुविधाओं से रहित हैं इनके लिए स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर हैं जिसका मुख्य कारण वहाँ के स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य संस्थानों तक नहीं पहुंच पाना है। ब्रह्मपुत्र घाटी के लोगों की स्वास्थ्य की नब्ज टटोलने के लिए पूर्वोत्तर अध्ययन एवं नीति अनुसंधान केंद्र ने वर्ष 2005 में अनूठी पहल नाव क्लिनिक की शुरुआत की जिसका उद्देश्य नदी किनारे बसे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना था पूर्वोत्तर अध्ययन एवं नीति अनुसंधान केंद्र एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो स्वास्थ्य, प्रशासन क्षेत्रों और नदी अध्ययनों से संबंधित विभिन्न पहलों में सक्रिय भागीदारी निभाता है इस मोबाइल क्लिनिक में प्रयुक्त नाव को अखा नाम दिया अर्थात जिसे बाढ़ की घाटी में आशा का जहाज से वर्णित किया।

ब्रह्मपुत्र पर तैरती ये उम्मीदों की नावें उन घाटी समुदाय के लोगों के लिए आशा की किरण है डिब्रूगढ़ से शुरू हुई ये परिवर्तनकारी पहल नदी के बहाव की तरह फैलते हुए धुबरी जिले तक पहुंच चुकी है नदी किनारे ऊपरी असम के डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, धेमाजी, जोरहाट, लखीमपुर, सोनितपुर, सहित क़रीब 14 जिलों में बोट क्लिनिक संचालित हो रहे हैं इन विशेष क्लिनिकों में डॉक्टर और नर्सिंग कर्मियों की पूरी मेडिकल टीम मौजूद रहती है और ये नावें नदी के मध्य स्थित छोटे छोटे द्वीपों पर प्रतिमाह चार से पाँच फेरे लगाती हैं। ये क्लीनिक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर आपातकालीन और जटिल मामलों में रेफ़र की सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं इनके मुख्य उद्देश्य निम्न है उपचारात्मक देखभाल जैसे सामान्य जाँच स्थानीय संक्रामक रोगों तथा गैर-संचारी रोगों का शीघ्र पता लगाना एवं प्रजनन और बाल देखभाल प्रसव पूर्व जांच और संबंधित सेवाएं जटिल गर्भधारण के लिए रेफरल संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना प्रसवोत्तर जांच टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देने के साथ परिवार नियोजन सेवाएँ और स्वास्थ्य व उचित पोषण के विषय में जागरूकता फैलाना है।

बीते दो दशकों में इन मोबाइल क्लीनिकों से तक़रीबन 40 लाख लोगों का उपचार हुआ जिसमें प्रसव कराना भी शामिल है इस अद्भुत पहल के लिए ग़ैर लाभकारी संगठन की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है क्योंकि नदी किनारे द्वीपों पर निवासित लोगों तक इन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना बहुत मुश्किल काम है मानसूनी वर्षा में ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ने से यहाँ हर वर्ष लाखों लोग विस्थापित होते हैं और इनको जलजनित बीमारियों से जूझना पड़ता है घाटी में नदी के मध्य में स्थित वो बच्चे अपनी पोलियो की खुराक के लिए वहीं गर्भवती महिलाएं और बुज़ुर्ग अपने नियमित जाँच के लिए अखा के इंतज़ार में टकटकी लगाए रहते हैं अखा उनके लिए आशा की किरण है। नाव क्लीनिकों के सुखद परिणामों से प्रभावित होकर राज्य सरकार ने भी इस अभियान को समर्थित किया अब राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सहयोग प्रदान किया जा रहा है यूनिसेफ ने भी इस बोट क्लिनिक पहल को समर्थित किया जिससे इस अभियान को और गति मिलेगी।

बुनियादी शिक्षा में प्रयोग और विज्ञान के सार्थक उपयोग का महत्व

संजीव ठाकुर

भारत में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट बनाने कारखाने चल रहे हैं स्कूल महाविद्यालय और विश्वविद्यालय हर वर्ष लाखों ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार बनाने के लिए डिग्रियां वितरित कर रही है,जबकि आवश्यकता मूल रूप से बुनियादी शिक्षा में व्यवसायीकरण की है, बुनियादी शिक्षा से ही ऐसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएं जो परिणाम मूलक हो और युवाओं को रोजगार देने हेतु सक्षम हो। स्कूल के सिलेबस में ही व्यावसायिक शिक्षा को महत्व दिया जाना चाहिए जिससे आगे चलकर युवा अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करें बल्कि अपने कई साथी बेरोजगारों को रोजगार देने में पूरी तरह सक्षम बने। बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है1 शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं 1जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक, लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सके1 बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता1 वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

समाज सेवा के साइड इफेक्ट्स



डॉ. सुरेश मिश्रा

शहर का नाम था सेवा नगर। यह शहर अपने बड़े-बड़े समाजसेवकों के लिए मशहूर था, जो अखबारों में फोटो छपवाने और भाषण देने में माहिर थे। इन्हीं समाजसेवकों की टोली में शामिल थे श्रीमान भोलानाथ, जिन्हें लोग सेवा के देवता कहकर बुलाते थे। भोलानाथ का परिचय उनके महान कार्यों से था। वे हर गली में सफाई अभियान चलाते, पर झाड़ू कभी खुद नहीं पकड़ते। हर साल वृक्षारोपण का आयोजन करते, पर पेड़ पानी के लिए तरसते। उनके नाम पर एक एनजीओ भी था—मानव सेवा मिशन, जिसका काम सिर्फ मिशन शब्द तक सीमित था। एक दिन, भोलानाथ को एक नया सुविधा शुल्क विचार आया। उन्होंने तय किया कि गरीबों के बीच कंबल बाँटने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अपनी टीम को बुलाया और कहा, यह कंबल वितरण हमें अगले चुनाव के लिए तैयार करेगा। सोशल मीडिया पर हमारे फोटो वायरल होने चाहिए। टीम ने जमकर ताली बजाई। लेकिन समस्या थी कंबल खरीदने की। भोलानाथ ने तुरंत अपने सचिव रमेश को बुलाया और कहा, पुराने कंबल कहाँ हैं? वही बाँट देंगे। नए खरीदने की ज़रूरत नहीं। रमेश ने कहा, साहब, पुराने कंबल तो पिछले साल बांटने के बाद वापस इकट्ठा किए ही नहीं। भोलानाथ ने माथा पकड़ लिया। इस बार हमें कोई नया उपाय सोचना पड़ेगा, उन्होंने गहरी सांस लेते हुए कहा। तय हुआ कि पास के गोदाम से सस्ते, फटे-पुराने कंबल खरीदकर समाज सेवा का ढोंग किया जाएगा। कंबल आए, उन्हें साफ-सुथरा दिखाने के लिए प्रेस किया गया। हर कंबल पर मानव सेवा मिशन का नाम छपवाया गया। कार्यक्रम का दिन आया। मंच सजा, माइक लगाए गए, और गरीबों को न्योता दिया गया। लेकिन ये न्योता अपने आप में अनोखा था। गरीबों को कंबल पाने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, और तीन गवाह लाने की शर्त रखी गई। जब गरीब पहुंचे, तो उन्हें लाइन में खड़ा कर दिया गया। ठंड से कांपते हुए वे भोलानाथ के भाषण का इंतजार कर रहे थे। भोलानाथ मंच पर आए और बोले, गरीबों की सेवा करना हमारा धर्म है। सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं। इस बीच, ठंड में इंतजार करते-करते कई लोग बेहोश होने लगे। रामलाल, जो एक बुजुर्ग थे, लड़खड़ाते हुए बोले, साहब, पहले कंबल दे दीजिए। भाषण बाद में सुन लेंगे। भोलानाथ ने इसे अपनी इज्जत पर चोट मान लिया। उन्होंने कड़क आवाज़ में कहा, समाज सेवा का मतलब समझते हो? यह कोई खैरात नहीं है। यह तुम्हारे भले के लिए है। आखिरकार, भाषण खत्म हुआ और कंबल बांटे जाने लगे। हर कंबल के साथ भोलानाथ की टीम फोटो खींचने में व्यस्त थी। सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो चल रहा था। लेकिन जैसे ही रामलाल को कंबल मिला, उसने चिल्लाकर कहा, यह कंबल तो फटा हुआ है! लोगों ने देखा तो पाया कि ज्यादातर कंबल फटे-पुराने थे।

महाकुंभ में भगदड़ : प्रशासनिक लापरवाही या भक्तों का उन्माद

प्रियंका सौरभ

प्रयागराज में हुई भगदड़ के बारे में सुनना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिस के परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली गई। यह घटना निस्संदेह विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक चर्चाओं को जन्म देगी। विपक्ष आलोचना करेगा, जबकि सरकार अपने कार्यों को सही ठहराने का प्रयास करेगी, लेकिन जो लोग मर चुके हैं उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। प्रयागराज में संगम तट पर वर्ष 2013 के कुंभ मेले के दौरान 10 फरवरी दिन रविवार को मौनी अमावस्या का स्नान था। कुचलने और गिरने से 35 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि दर्जनों लोग घायल हुए थे। जिनका अस्पताल में कई दिनों तक इलाज़ चला था। 1954 में मौनी अमावस्या के दिन नेहरू जी ने संगम में स्नान किया, जो इस मेले का मुख्य आकर्षण था। इस कुंभ मेले के दौरान एक दर्दनाक हादसा भी हुआ। मौनी अमावस्या के स्नान के समय, एक हाथी नियंत्रण से बाहर हो गया और भगदड़ मच गई। इस दुर्घटना में करीब 500 लोग मारे गए। भगदड़ के बाद भीड़ को नियंत्रित करने और सूचना देने के लिए लाउडस्पीकर्स का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा, रात के समय मेले में रोशनी के लिए 1000 से अधिक स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई थीं। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद, कुंभ मेले में हाथियों के उपयोग पर हमेशा के लिए रोक लगा दी गई। अपने घर में छोटा-सा कार्यक्रम करिए उसको सकुशल संपन्न कराने में हवा निकल जाती है यहाँ तो पूरा विश्व आया हुआ है करोड़ों की संख्या में। एक पौराणिक शहर की सीमाओं पर विचार करना चाहिए, जिसे अपनी धार्मिक विरासत को बनाए रखते हुए आठ करोड़ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है। दस लोगों के लिए डिज़ाइन की गई जगह में सौ लोग कैसे रह सकते हैं? यह विचार करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके अलावा, वीवीआईपी संस्कृति और सरकार के मुनाफे की खोज, जिसमें राजस्व के लिए हर उपलब्ध भूमि को पट्टे पर देना और बिचौलियों को शामिल करना शामिल है, के बीच का सम्बंध मामले को और जटिल बनाता है। यह धार्मिक भक्ति का मामला है, प्रतिस्पर्धा या उन्माद का नहीं। कुछ लोग इसे प्रशासन की नाकामी बता रहे हैं। लिखना और आलोचना करना बहुत आसान है लेकिन जहाँ पर लाखों, करोड़ों लोगों की भीड़ हो और उसमें भी बहुत बड़ी संख्या में बुज़ुर्ग हो। घाटों पर जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर रहे हो, बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करके बाहर निकल रहे हो और बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान करने जा रहे हों। हादसे की संभावना बनी रहती है और अफ़सोस हादसा हो ही गया। हमेशा याद रखें। प्रशासन एक-एक का हाथ पड़कर स्नान नहीं करवा सकता। हादसा कहीं भी हो सकता है। ना इसमें पूरा प्रशासन का दोष है और ना ही इसे विपक्ष की साज़िश कहा जा सकता है। यह महज़ एक हादसा है। हादसे के बाद पूरे संगम क्षेत्र में स्थिति बिलकुल सामान्य है लेकिन मीडिया अपने टीआरपी के लिए सनसनी पैदा कर रहा है। जबकि मीडिया की जिम्मेवारी है कि वह घटना (भगदड़) की वज़ह की रिपोर्टिंग पर करें। इसके अतिरिक्त लोग महाकुम्भ में जिस श्रद्धा आस्था के साथ आएँ हैं, उसी श्रद्धा पूर्वक उन्हें कर्तव्यबोध भी रहे। सरकार के नियम, अनुशासन, चेतावनी का उसी आस्था से पालन करे। जब अयोध्या और काशी में आशातीत भीड़ हो गई है तो प्रयागराज में महाकुंभ में सम्मिलित श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान भी नहीं किया जा सकता। सभी लोग त्रिवेणी संगम में ही स्नान के लिए हठ न करें, चालीस किलोमीटर इधर और उधर, यानी अस्सी किलोमीटर तक फैला हुआ स्नान घाट बनाया गया है। वहीं स्नान कर कृपया व्यवस्था में सहयोग बनाएँ। ऐसा लगता है कि सरकार ख़ुद को सर्वश्रेष्ठ आयोजक के रूप में दिखाने पर केंद्रित है, जबकि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से सनातन को बढ़ावा देने में अधिक रुचि रखते हैं, आम भक्तों की भावनाओं की उपेक्षा करते हैं। ब्रह्म कल्प के दौरान लगभग 45 दिनों तक, शाही स्नान (शाही स्नान) प्रतिदिन होता है, फिर भी हमारे धार्मिक नेताओं ने इसे श्रद्धालुओं तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुँचाया है। इन नेताओं द्वारा कुंभ स्नान का वास्तविक महत्त्व जनता को पर्याप्त रूप से नहीं बताया गया है। यदि सनातन धर्म पर चर्चा करने के लिए अक्सर टेलीविजन पर आने वाले धार्मिक व्यक्ति कल्पवास के इन 45 दिनों के दौरान प्रत्येक प्रहर के दौरान स्नान के महत्त्व पर ज़ोर देते, तो भारी भीड़ को अलग-अलग दिनों में फैलाया जा सकता था, जिससे संभावित रूप से ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकता था।

कर्ण का किससे हुआ था विवाह ?

क्या था पत्नी का नाम? 10 में से 9 बेटे युद्ध में मरे, बचा कौन

महाभारत के पात्रों में कर्ण का जीवन काफी रहस्यों से भरा हुआ था। उसे दुर्योधन का साथ मिला और वह अंगदेश का राजा बना। वह कुंती पुत्र था, लेकिन सूत पुत्र के नाम से जाना जाता था। इस वजह से उसे काफी अपमान सहना पड़ा। द्रौपदी के स्वयंवर में भी उसे अपमान का घूंट पीना पड़ा। पांचाल देश के राजा द्रुपद ने अपनी बेटी द्रौपदी के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया था, जिसमें कर्ण समेत सभी वीर योद्धा पहुंचे थे। शर्त थी कि जो मछली की आंख पर निशाना साधेगा, द्रौपदी उसके गले में वरमाला डालेगी। क्या द्रौपदी कर्ण का पहला प्यार थी? कर्ण की शादी किससे हुई? कर्ण की पत्नी का क्या नाम था? उसके कितने बच्चे थे? आइए जानते हैं इस बारे में।

द्रौपदी और कर्ण के प्रेम की सच्चाई

कर्ण और द्रौपदी के प्रेम के बारे में कहीं लिखा नहीं है। महाभारत में द्रौपदी के स्वयंवर के बारे में लिखा गया है, जिसमें कर्ण भी शामिल हुआ था। कर्ण की वीरता से सभी परिचित थे। शर्त के अनुसार, कर्ण ने मछली की आंख पर निशाना साधने के लिए धनुष और बाण उठाया, लेकिन वहां पर उसे अपमान सहना पड़ा। सूत पुत्र होने के कारण उसे स्वयंवर से बाहर कर दिया गया। यदि ऐसा नहीं होता तो कर्ण स्वयंवर की शर्त को पूरा कर द्रौपदी से विवाह कर लेता। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। फिर अर्जुन ने मछली की आंख पर निशाना साधा, तो द्रौपदी ने उसके गले में वरमाला डाल दी।

कर्ण का विवाह

कर्ण की 2 पत्नियां थी। कर्ण का पहला विवाह वृषाली से हुआ था, जिसे वरुशाली के नाम से भी लिखा जाता है। वृषाली दुर्योधन के सारथी सत्यसेन की बेटी थी। लोक कथाओं के अनुसार, कुरुक्षेत्र के युद्ध में जब कर्ण वीरगति को प्राप्त हुआ तो वृषाली ने उसकी चिता पर ही समाधि ले ली थी। वृषाली एक पतिव्रता स्त्री थी।

कर्ण की दूसरी पत्नी का नाम पद्मावती था, जिसे अलग अलग जगहों पर सुप्रिया और पोन्नारुवि के नाम से बताया गया है। वह राजा चित्रवत की पुत्री अंसावरी की दासी धूम सेन की बेटी थी। उसे कर्ण से प्रेम था। कर्ण के प्रस्ताव पर उसने विवाह किया था। कर्ण ने पहले पद्मावती का हाथ मांगा था, लेकिन उसके पिता ने सूत पुत्र कहकर इंकार कर दिया था। कुछ जगहों पर सुप्रिया के बारे में लिखा है कि वह दुर्योधन की पत्नी की सहेली थी।

कर्ण के थे 10 पुत्र

अंगराज कर्ण के 10 पुत्र थे। उनका नाम सुदामा, शत्रुंजय, द्विपाता, बनसेन, प्रसेन, वृषकेतु, वृषसेन, चित्रसेन, सत्यसेन और सुषेण था। कर्ण के 10 में से 9 पुत्रों ने कुरुक्षेत्र के युद्ध में भाग लिया था, लेकिन सभी मारे गए। उसका एक मात्र पुत्र वृषकेतु ही जीवित बचा था।

कर्ण के पुत्रों को किसने मारा?

कुरुक्षेत्र के युद्ध में पांडव सेना के योद्धाओं ने कर्ण के 9 पुत्रों का मारा था। अर्जुन ने कर्ण के 4 पुत्रों शत्रुंजय, द्विपाता, सुदामा और वृषसेन को मारा, वहीं नकुल ने उसके 3 पुत्रों सुषेण, चित्रसेन और सत्यसेन का वध किया था। भीमसेन ने बनसेन और सात्यकि ने प्रसेन को वीरगति प्रदान की थी।

समुद्र के संगम पर बना 22 कुंडों वाला चमत्कारिक रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग

भारत के तमिलनाडु राज्य में रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम में स्थित रामेश्वरम मंदिर हिंदू धर्म के सबसे पवित्र स्थानों में से एक है। यह मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है और पूरी दुनिया में अपनी खास पहचान रखता है। हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी के बीच स्थित यह मंदिर धार्मिक आस्था, वास्तुकला और पौराणिक कथाओं का अद्भुत संगम है। यहां पहुंचने का सफर भी उतना ही रोमांचक है जितना कि इस मंदिर का महत्व। आपको बता दें कि कंक्रीट के 145 खंभों पर टिका सौ साल पुराने पुल से ट्रेन के द्वारा इस मंदिर में जाया जाता है। तो चलिए जानते हैं इस मंदिर की खासियत, पौराणिक कथा, यात्रा और इस मंदिर से जुड़ी हर जानकारी के बारे में।

रामेश्वरम मंदिर की पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान राम जब 14 साल का वनवास खत्म करके और लंका पति रावण का वध करके मां सीता के साथ लौटे, तब ऋषि-मुनियों ने उनसे कहा कि उनपर ब्राह्मण हत्या का पाप लगा है। इसलिए उन्हें ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए शिवलिंग की स्थापना करने की सलाह दी गई। ऐसे में भगवान राम ने शिवलिंग लाने के लिए हनुमान जी को कैलाश पर्वत भेजा, लेकिन हनुमान जी को आने में देर हो गई। इस बीच माता सीता ने समुद्र तट पर रेत से शिवलिंग बना दिया। बाद में हनुमान जी द्वारा लाए गए शिवलिंग को भी वहीं स्थापित किया गया। एक तरफ जहां माता सीता द्वार बनाए लिंग को 'रामलिंग' और तो वहीं दूसरी तरफ हनुमान जी द्वारा लाए गए लिंग को 'विश्वलिंग' कहा गया। उसके बाद भगवान राम ने रामेश्वरम के पास स्नान करके शिवलिंग की विधिवत पूजा की और अपने पापों से मुक्ति पाई। आपको बता दें कि आज भी रामेश्वरम मंदिर में ये दोनों शिवलिंग विराजमान हैं।

विशाल आकार और अद्भुत वास्तुकला

यह मंदिर करीब 1000 फुट लंबा और 650 फुट चौड़ा है। इसका प्रवेश द्वार 40 मीटर ऊंचा है। मंदिर की दीवारें और गलियारे द्रविड़ शैली की वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण हैं। बता दें कि इस मंदिर को बनाने के लिए पत्थरों को श्रीलंका से नाव के जरिए लाया गया था।

दुनिया का सबसे लंबा गलियारा

रामेश्वरम मंदिर का गलियारा विश्व प्रसिद्ध है। यह उत्तर से दक्षिण 197 मीटर और पूर्व से पश्चिम 133 मीटर लंबा है। यहां तीन गलियारे हैं, जिनमें से एक गलियारा 12वीं सदी का माना जाता है।

22 पवित्र कुंड

मंदिर परिसर में 22 पवित्र कुंड हैं, जहां श्रद्धालु पूजा से पहले स्नान करते हैं। यहां के कुंडों का पानी भचमत्कारिक गुणों से भरपूर है। कहा जाता है कि यहां के अग्नि तीर्थम में स्नान करने से सभी पाप धुल जाते हैं और बीमारियां दूर हो जाती हैं।

मंदिर का समय

रामेश्वरम मंदिर सुबह 4:30 बजे खुलता है और दोपहर 1:00 बजे बंद हो जाता है। इसके बाद यह दोपहर 3:00 बजे फिर से खुलता है और रात 9:00 बजे बंद होता है।

रामेश्वरम तक कैसे पहुंचे?

हवाई मार्ग

रामेश्वरम का निकटतम एयरपोर्ट मदुरई है, जो 149 किलोमीटर दूर है। यहां से टैक्सी या बस लेकर मंदिर तक पहुंचा जा सकता है।

रेल मार्ग

रामेश्वरम जाने के लिए आप मदुरई से ट्रेन ले सकते हैं।

सड़क मार्ग

रामेश्वरम सड़क मार्ग से भी अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। मदुरई से रामेश्वरम तक के लिए एसी और नॉन-एसी बसें चलती हैं।

मंदिर की अन्य मान्यताएं

पौराणिक कथा के अनुसार, रावण ब्राह्मण कुल से था, इसलिए भगवान राम को ब्रह्महत्या का पाप लगा। इस पाप से मुक्ति पाने के लिए उन्होंने रामेश्वरम में शिवलिंग की स्थापना कर विधिवत पूजा की। यहां के जल को चमत्कारिक गुणों से भरपूर माना जाता है।

रामेश्वरम की वास्तुकला

रामेश्वरम मंदिर द्रविड़ वास्तुकला का अद्भुत उदाहरण है। 15 एकड़ में फैला यह मंदिर एक बड़ी दीवार से घिरा हुआ है। मंदिर का प्रवेश द्वार भव्य और आकर्षक है। यहां के गलियारे और मूर्तियां इसे दुनिया के सबसे सुंदर मंदिरों में से एक बनाते हैं।

इन कुओं के जल से दूर होता है सारा दोष

रामेश्वरम मंदिर में कुल 24 कुएं हैं। ऐसी मान्यता है कि इसे स्वयं भगवान राम ने बनाया था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन कुओं स्नान करने से व्यक्ति के जीवन से जुड़े सारे दुःख और दोष दूर हो जाते हैं।



धन प्राप्ति के लिए घर में हर किसी को रखनी चाहिए ये 5 प्राचीन चीजें सकारात्मक ऊर्जा, नौकरी व्यापार में दिलाएगी कामयाबी

वास्तु शास्त्र में ऊर्जा का जीवन में बहुत महत्व बताया गया है। वास्तु शास्त्र के अनुसार हमारे चारों तरफ एक ऊर्जा घूम रही है। यह ऊर्जा हमारे मन, स्वभाव और विचारों को प्रभावित करती है इसलिए अगर हमारे आसपास सकारात्मक ऊर्जा होगी, तो न केवल हमारे तरक्की के रास्ते खुलते जाएंगे बल्कि हमारे जीवन में भी खुशियों का वास होता है। वास्तु शास्त्र में ऐसी चीजें बताई गई हैं, जो बहुत प्राचीन मानी जाती हैं, लेकिन इन्हें घर में रखने से देवी लक्ष्मी की कृपा सदैव आप पर बनी रहती है। इसका अर्थ यह है कि इन प्राचीन चीजों को घर में रखने से धन प्राप्ति होती है। आइए, जानते हैं कौन-सी हैं वे चीजें-

श्रीमद् भगवद् गीता घर में रखें

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में श्रीमद् भगवद् गीता रखने से व्यक्ति का जीवन उन्नति की ओर अग्रसर होने लगता है क्योंकि गीता को पढ़ने से आत्मबल में वृद्धि होती है, जिससे व्यक्ति खुद ही अपनी समस्याएं दूर करने लगता है।

चांदी का सिक्का तिजोरी में रोली लगाकर रखें

चांदी का सिक्का बहुत ही शुभ माना जाता है। चांदी का संबंध चंद्रदेव से हैं। इसका अर्थ यह है कि अगर आपका मन शांत रहेगा, तो इससे आप सही फैसले लेंगे और आपकी ऊर्जा हमेशा सकारात्मक बनी रहेगी। घर की तिजोरी या फिर जहां आप पैसे रखते हैं, उस स्थान पर चांदी का सिक्का रोजाना रोली लगाकर रखें।

पांच कौड़ियों को लक्ष्मी माता के पास रखें

ज्योतिष शास्त्र के अनुआर कौड़ियों का संबंध माता लक्ष्मी से माना जाता है क्योंकि कौड़ी भी समुद्र से उत्पन्न हुई थी। ऐसे में धन प्राप्ति के लिए इसे सबसे कारगर उपाय माना जाता है। आपको पांच कौड़ियों को लेकर इस पर हल्दी का तिलक लगाना है। इसके पास इन्हें मंदिर में लक्ष्मी माता के पास रख दें।

हल्दी की गांठ को तिजोरी में रखें

हल्दी का संबंध भगवान विष्णु से माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि जहां पर भगवान विष्णु विराजते हैं। वहीं, पर माता लक्ष्मी का स्थान भी होता है इसलिए माता लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए भगवान विष्णु से संबंधित हल्दी की गांठ को तिजोरी में जरूर रखें।

गुलाब का पौधा घर में लगाएं

माता लक्ष्मी को कमल के साथ गुलाब का फूल भी बेहद पसंद होता है। आप अगर गुलाब का पौधा घर में रखते हैं, तो इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। गुलाब के पौधे को घर में रखने से माता लक्ष्मी की कृपा आप पर सदैव बनी रहती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार गुलाब को अपने बेडरूम में नहीं रखना चाहिए क्योंकि इसमें कांटे भी होते हैं। घर की छत, बालकनी या फिर आंगन में लगा सकते हैं।

अनमोल विचार

नकारात्मक ना बने क्योकि इंसान जैसा सोचता है अपने चारो तरफ़ ऐसा माहौल बनता जाता है ।

अगर आपको हमेशा खुश और आत्मविश्वास से भरपूर रहना है तो अपने विचारों को हमेशा मधुर और सकारात्मक रखिए।

अगर आप कितना भी अच्छे दिखने की कोशिश कर ले अगर आप मन से सच्चे नहीं तो ईश्वर आपका साथ नहीं देगा ।

जीवन में आदर सम्मान बना कर रखिए आप पैसों से बड़े हो सकते हो दिल से ख़ुद को बनाना पड़ेगा ।

कभी कबार कोई साधारण आदमी आ कर सबका दिल जीत लेता है क्योकि हमेशा सादगी में रहना पसंद करता है ।

माता रानी को प्रसन्न करने के लिए गुप्त नवरात्रों में कर लें पूजा के समय ये छोटा सा काम

कहा जाता है, कि माता रानी की कृपा जिस पर हो जाती है, उसके कष्ट बहुत जल्दी दूर हो जाते हैं, ऐसे में गुप्त नवरात्रों में आप माता की विशेष कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, तो ज्योतिषाचार्य ने कुछ उपाय बताए हैं, जिन्हें आप कर सकते हैं। दरअसल सनातन धर्म में साल में माता रानी के चार बार नवरात्र आते हैं। नवरात्र कोई से भी हों, हिंदू धर्म में नवरात्र का काफी महत्व होता है। आपको बता दें, कि आज से वार्सतिक यानी गुप्त नवरात्र की शुरुआत हो रही है।

ऐसे में नवरात्रि पर माता दूर्गा के 9 रूपों की पूजा की जाती है। हर कोई माता का आशीवार्द प्राप्त करने और उन्हें मनाने के लिए विशेष पूजा अर्चना करते हैं। बता दें, कि माघ महीने में पड़ने वाले नवरात्र में लोग विशेष सिद्धि प्राप्त करते हैं। वहीं, तंत्र विद्या में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए यह नवरात्रि विशेष होते हैं। गुप्त नवरात्रों में 10 महाविद्याओं का गुप्त रूप से पूजन किया जाता है। ऐसे में जिले के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित गिरिधर गोपाल चौबे बताते हैं, कि गुप्त नवरात्रों में राशियों के अनुसार कुछ उपाय किए जाएं तो भाग्य चमक सकता है, और जीवन में अपार सफलता प्राप्त हो सकती हैं

मेष, वृषभ, मिथुन और कन्या राशियों के लिए उपाय

मेष राशि के जातकों को इस बार गुप्त नवरात्रों में इन 9 दिनों के दौरान 9 कन्याओं को लाल चुनरी भेंट करनी चाहिए। ऐसा करने से मेष राशि के जातकों के जीवन में खुशियों का आगमन होगा। वहीं, वृषभ राशि के जातकों को गुप्त नवरात्रों के 9 दिनों के दौरान माता दुर्गा को 9 तरह का भोग लगाना चाहिए। इससे वृषभ राशि के जातकों के धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। वहीं, मिथुन राशि के जातकों को गुप्त नवरात्रों के 9 दिनों के दौरान

हरी चुनरी और हरी चूड़ियां चढ़ानी चाहिए। ऐसा करना मिथुन राशि के जातकों के लिए बहुत शुभ होगा। कन्या राशि के जातकों को गुप्त नवरात्रों के 9 दिनों के दौरान दुर्गा का चालीसा पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से कन्या राशि के जातकों के जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

तुला, वृश्चिक और धनु के लिए उपाय

वहीं, तुला राशि के जातकों को गुप्त नवरात्रों के 9 दिनों के दौरान दान करना चाहिए। ऐसा करने से तुला राशि के जातक माता की विशेष कृपा प्राप्त कर सकेंगे। वहीं, वृश्चिक राशि के जातकों को गुप्त नवरात्रों के 9 दिनों के दौरान हनुमान जी को पान के बीड़े का भोग लगाना चाहिए। ऐसा करना वृश्चिक राशि के जातकों को बड़ा लाभ देने वाला साबित होगा। वहीं, धनु राशि के जातकों को गुप्त नवरात्रों के 9 दिनों के दौरान 21 गोमती चक्र 3 नारियल मां दुर्गा को अर्पित करने चाहिए। ऐसा करने से धनु राशि के जातकों के जीवन में सुख-शांति आएगी।

मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए उपाय

वहीं, मकर राशि के जातकों को गुप्त नवरात्रों के 9 दिनों के दौरान शिवलिंग पर लौंग का जोड़ा चढ़ाना चाहिए। ऐसा करने से मकर राशि के जातकों को लाभ मिलेगा। तो वहीं, कुंभ राशि के जातकों को गुप्त नवरात्रों के 9 दिनों के दौरान लगातार दुर्गा चालीसा का पाठ करना चाहिए। ऐसा करना कुंभ राशि के जातकों के लिए बहुत उत्तम होगा। वहीं, मीन राशि के जातकों को गुप्त नवरात्रों के 9 दिनों के दौरान मां दुर्गा को लाल चुनरी चढ़ानी चाहिए। ऐसा करना मीन राशि के जातकों के लिए बड़ा लाभकारी होगा। वहीं इसके आगे ज्योतिषाचार्य ने बताया, कि गुप्त नवरात्र में दश महाविद्या देवी और अपराजिता देवी की आराधना करें, इससे सारे बिगड़े काम बन जाएंगे।

करोड़पति एक्टर को डेट कर रही रश्मिका मंदाना!

इशारों-इशारों में किया खुलासा

साउथ और बॉलीवुड एक्ट्रेस

रश्मिका मंदाना को नेशनल क्रश का टैग मिला हुआ है। इन दिनों एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म 'छावा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। जिसमें रश्मिका एक्ट्रेस विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी। फिल्म 'छावा' वैलेंटाइन डे पर यानी 14 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म 'छावा' को लेकर भी एक्ट्रेस जमकर प्रमोशन कर रही हैं। इसी बीच उनके रिलेशनशिप को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। दरअसल, एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने जाने अनजाने में अपने रिश्ते का कंफर्म कर दिया है। अक्सर एक्ट्रेस फिल्मों से ज्यादा इन बातों को लेकर चर्चा में रहती हैं कि वो साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा को डेट कर रही हैं। कई बार दोनों को बाहर एक साथ स्पॉट भी किया गया है। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने हाल ही में द हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने खुलासा किया कि 'मेरा घर ही मेरी हैप्पी प्लेस है। मैं यहां बहुत अच्छा महसूस करती हूं। यह मुझसे जड़ों से जुड़े होने का फील कराता है। यहां पर रहकर मुझे एहसास होता है कि सक्सेस कभी भी आ और जा सकती है लेकिन घर हमेशा रहेगा। मुझे यहीं से फेम और दृश्यता मिली है। मैं अभी सिर्फ एक बेटी, सिर्फ एक बहन और सिर्फ एक पार्टनर हूं। मैं अपनी पर्सनल लाइफ की इज्जत करती हूं।'

मैनफोर्स के फाउंडर बोले- कंडोम एड के लिए पहली पसंद बने जाह्नवी और रणबीर कपूर

बॉलीवुड में तमाम सितारे फिल्मों से ज्यादा ब्रांड एंडोर्समेंट से पैसा कमाते हैं। कई सेलेब्स अलग अलग ब्रांड के साथ कोलैब किए हुए हैं। वहीं अब देश की जानी मानी कंपनी मैनफोर्स के फाउंडर ने कंडोम और प्रेग्नेंसी टेस्ट किट को प्रमोट करने के लिए अपनी पहली पसंदीदा बॉलीवुड एक्ट्रेस के बारे में बात की है। कंडोम कंपनी मैनफोर्स के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव जुनेजा ने हाल ही में अपनी कंपनी के ब्रांड एंबेसेडर्स को लेकर बात की है। उन्होंने इस दौरान कुछ उन सितारों के नाम लिए जिन्हें वे अपनी कंपनी के लिए अप्रोच करना चाहते थे, लेकिन स्टार्स ने इस ऑफर को अपनाने से इनकार कर दिया। इस सवाल पर कि राजीव जुनेजा के मुताबिक कंडोम ऐड के लिए बेस्ट एक्टर कौन हो सकता है, राजीव ने कहा- 'कंडोम के लिए? किसी के लिए भी? जाह्नवी कपूर सही हैं, वो बेस्ट चॉइस हैं।' इसके बाद राजीव ने रणबीर कपूर और लक्ष्य लालवाणी का नाम भी लिस्ट में ऐड किया। राजीव ने इस दौरान खुलासा किया कि जाह्नवी और रणबीर पहले ही कंडोम कंपनी का ब्रांड एंबेसेडर बनने से इनकार कर चुके हैं।

जब काजोल को गलती से किस कर बैठे थे शाहरुख खान

शर्म के मारे लोग भी हैरत में पड़ गए थे

शाहरुख खान और काजोल बॉलीवुड की सुपरहिट जोड़ियों में से एक है

जब जब शाहरुख खान और काजोल की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर आती है तब तब हंगामा मच जाता है। रोमांटिक फिल्म में काम करने के बाद भी शाहरुख खान और काजोल ने कभी भी एक दूसरे को लिप लॉक किस नहीं किया है। वहीं असल जिंदगी में भी शाहरुख खान और काजोल एक दूसरे को अपना काफी अच्छा दोस्त मानते हैं। हालांकि एक बार गलती से शाहरुख खान और काजोल एक दूसरो को किस कर बैठे थे। शाहरुख खान और काजोल को किस करते देखकर लोग भी हैरत में पड़ गए थे। फिल्म दिलवाले की शूटिंग के दौरान शाहरुख खान और काजोल साथ में डांस कर रहे थे। इस दौरान शाहरुख खान और काजोल एक दूसरे की तरफ पीठ करके खड़े हुए थे। जैसे ही शाहरुख खान काजोल की तरफ मुड़े वैसे ही दोनों आपस में टकरा गए। इस दौरान गलती से शाहरुख खान ने काजोल को किस कर लिया।

शाहरुख खान की ये हरकत देखकर एक बार के लिए काजोल चौंक गईं। इसी बीच शाहरुख खान ने काजोल को देखकर हंसना शुरू कर दिया। वहीं काजोल भी अपनी हंसी नहीं छिपा सकी। सेट पर मौजूद सभी लोग की भी हंसी छूट गई। सबको बता था कि शाहरुख खान ने ये किस गलती से किया है। जिसके बाद शाहरुख खान और काजोल का ये वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। अब ये तो हर कोई जानता है कि शाहरुख खान बॉलीवुड के रोमांस किंग है। शाहरुख खान जानते हैं कि किस तरह से लड़कियों को अपनी बातों में उलझाया जाता है।

पाकिस्तान की वो हसीना जिसके प्राइवेट वीडियो हुए लीक

इंडिया में पाकिस्तानी सितारों को खूब प्यार किया जाता है

पाकिस्तान के कई सितारे ऐसे हैं जो इस समय इंडिया की जनता के दिलों पर राज कर रहे हैं। जबकि इस सितारों को अब तक बॉलीवुड में आने का एक मौका ततक नहीं मिला है। एक ऐसा ही ना पाकिस्तानी अदाकारा मथिरा खान का भी है। मथिरा खान पाकिस्तानी होकर भी इंडियन लोगों के दिलों में अपनी अलग जगह बना चुकी हैं। हाल ये है कि लोग मथिरा खान की एक एक पोस्ट का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। अपनी इस रिपोर्ट में हम आपको मथिरा खान की शानदार बोल्ड तस्वीरें दिखाने वाले हैं। एक जमाना था जब मथिरा खान की प्राइवेट फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गई थीं। मथिरा खान की प्राइवेट वीडियोज ने सोशल मीडिया की दुनिया को हिलाकर रख दिया है। मथिरा खान सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग रखती हैं। मथिरा खान की हर एक तस्वीर पर लोग प्यार बरसाना पसंद करते हैं। समय के साथ मथिरा खान की पॉपुलैरिटी बढ़ती चली जा रही है।

एक सीन की वजह से बढ़ गया 'थंडेल' का बजट?

चंदू मोंडेती ने तोड़ी चुप्पी

नागा चैतन्य की फिल्म 'थंडेल' इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है।

दावा किया जा रहा है कि यह अभिनेता के करियर की सबसे महंगा प्रोजेक्ट है। फिल्म का निर्देशन चंदू मोंडेती कर रहे हैं। अभिनेत्री साई पल्लवी रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म में नागा के साथ मुख्य भूमिका अदा करते हुए नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि फिल्म का बजट बढ़ गया है और निर्माताओं ने इस परियोजना पर लगभग 90 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। अब इसके निर्देशक ने भी बजट के ज्यादा होने की पुष्टि की है।

क्या बढ़ गया फिल्म का बजट?

रिपोर्ट्स के मुताबिक एक इंटरव्यू में निर्देशक चंदू मोंडेती से जब फिल्म के बढ़े हुए बजट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस पर अपनी राय रखी। निर्देशक ने कहा, "मैं विषय-वस्तु पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा था। हां बजट अनुमान से अधिक था लेकिन अल्लू अरविंद गारू और बनी वास बहुत कैलकुलेटिव हैं। वह जानते हैं कि बढ़ा हुआ पैसा कैसे लाना है। यही इस प्रोडक्शन हाउस की खूबसूरती है।"

बिना एक्टिंग किए

14 साल की उम्र में सलमान खान ने की थी पहली कमाई, मिले थे इतने रुपये

सुपरस्टार सलमान खान आज एक फिल्म के लिए करोड़ों फीस लेते हैं। साथ ही किसी-किसी फिल्म के प्रॉफिट में भी भाईजान का हिस्सा होता है। लेकिन ये सबकुछ उन्होंने शुरुआत से ही हासिल नहीं किया। सलमान की पहली फिल्म तो चली ही नहीं थी और दूसरी में फीस काफी कम मिली थी। वहीं पहली बार सलमान खान ने एक्टिंग से पैसे नहीं कमाए थे बल्कि 14 साल की उम्र में बैकग्राउंड डांसर के तौर पर उन्हें पहली बार मेहनत के पैसे मिले थे। 'आपकी अदालत' शो में सलमान खान से जब उनकी पहली सैलरी या फीस के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बैकग्राउंड डांसर वाला किस्सा बताया। साथ ही एक्टर ने अपनी पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म मैंने प्यार किया की फीस के बारे में भी बताया।

कैसे हुई थी सलमान खान की पहली कमाई?

एंकर ने इस शो में सलमान खान से पूछा था, 14 साल की उम्र में आपने बैकग्राउंड डांसर का रोल किया था, ये सच है? इसपर सलमान ने कहा, 'जी सर'। इसपर एंकर ने फिर पूछा, 'कितने पैसे मिले थे?' इसपर सलमान खान ने आगे कहा, 'सर उस वक्त मेरे को 75 रुपये मिले थे और पहली बार मुझे मेहनत की कमाई मिली थी।

ताज होटल के अंदर एक परफॉर्मेंस थी जहां पर मैं पीछे, सबसे पीछे डांस कर रहा था और उसके लिए मुझे 75 रुपये मिले था, याद है मुझे।' इसके बाद एंकर ने सलमान से पूछा कि उनकी पहली फिल्म की फीस क्या थी? सलमान खान ने जवाब दिया, 'पहली फिल्म की कमाई मत पूछिए सर, मैंने प्यार किया की बताता हूं। उस फिल्म में मुझे 31 हजार देने की बात हुई थी लेकिन मेरी मेहनत देखकर उन्होंने वो अमाउंट 71 से 75 हजार कर दी थी।'

सलमान खान की पहली फिल्म कौन सी थी?

1988 में रिलीज हुई फारुख शेख और रेखा स्टारर फिल्म बीवी हो तो ऐसी से सलमान खान ने बतौर एक्टर करियर की शुरुआत की थी। इसमें उनका सपोर्टिंग रोल था जिसमें उनको उतनी पहचान नहीं मिली। लेकिन अगले ही साल फिल्म मैंने प्यार किया (1989) आई जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसी फिल्म से बतौर डायरेक्टर सूरज बड़जात्या ने भी करियर की शुरुआत की थी और भाग्यश्री की भी ये डेब्यू फिल्म थी। वहीं बतौर लीड एक्टर सलमान खान की भी ये डेब्यू फिल्म थी जिसने सफलता के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे।

फेमस श्वेता रोहिरा का भयानक एक्सीडेंट; पूरे पैर पर लगा प्लास्टर

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता रोहिरा को लेकर हैरान कर देने वाली खबर फैंस के सामने आई है। पुलकित सम्राट की एक्स वाइफ का भयानक एक्सीडेंट हुआ है। उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में वे अस्पताल में बेड पर नजर आ रही हैं। उनके होठों पर पट्टी लगी है, पूरे पैर पर प्लास्टर नजर आ रहा है। फोटोज में श्वेता की गंभीर हालत देख फैंस भी शॉक्ड हैं। श्वेता रोहिरा ने खुद इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने लिखा है कि जिंदगी उथल-पुथल से भरी होती है। आप एक पल में 'कल हो न हो' गुनगुना रहे होते हैं। दिनभर क्या करना है, इसकी प्लानिंग कर रहे होते हैं? दूसरे ही पल जिंदगी यह कहने को डिसाइड नहीं करती कि 'मेरी चाय को पकड़ो' और एक मोटरसाइकिल को रास्ते में भेज देती है। मेरी कोई गलती नहीं थी, इसके बाद भी मैं चलते-चलते एकदम से नीचे गिर गई। श्वेता आगे लिखती हैं कि चोट के निशान, टूटी हुईं हड्डियां, बिस्तर पर अंतहीन घंटे, यह सब उन्होंने नहीं सोचा था। लेकिन शायद ब्रह्मांड ने सोचा कि मुझे धैर्य के पाठ की जरूरत है। वह सिर्फ यह चाहता था कि मैं अस्पताल ड्रामा में अपने खुद के मिनी-सोप ओपेरा में एक्टिंग करूं। कई बार हमें जिंदगी मजबूत बनाने के लिए झकझोरती है। मुझे पता है कि यह सब सिर्फ एक अध्याय है, पूरी कहानी नहीं। विनाश से ही निर्माण का रास्ता खुलता है।

18 करोड़ी फिल्म ने मचाया था बॉक्स ऑफिस पर तूफान

मालामाल हो गए थे मेकर्स, अब बन रही दूसरी किस्त

फिल्मों में सबसे बड़ा हीरो उसकी कहानी होती है। लीड एक्टर भले ही स्टार हो या सुपरस्टार लेकिन अगर कहानी में दम नहीं है तो चंद दिनों में ही इसका खुमार उतर जाता है। लेकिन अगर कहानी दिमाग हिला देने वाली है तो फिर कलाकारों से भी ऊपर उठकर फिल्म समय के चक्र को भेद देती है। साल 2007 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म है जिसने महज 18 करोड़ रुपयों के बजट से बॉक्स ऑफिस हिला दिया था और 87 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर सभी को चौंका दिया था। ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि 'तारे जमीं पर' थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'सितारे जमीं पर' भी बनकर तैयार हो गया है और इसी साल रिलीज होने वाला है।

इसी साल 25 दिसंबर को रिलीज होगी फिल्म

'तारे जमीं पर' फिल्म ने न केवल बॉक्स ऑफिस पर धमाका किया था, बल्कि लोगों के दिलों में भी खास जगह बनाई थी। ये फिल्म बॉलीवुड इतिहास की एक अनोखी और प्यारी फिल्म बनकर उभरी। इस फिल्म की कहानी ने लोगों के गले भर दिए थे। अब इस फिल्म के बाद इसका दूसरा पार्ट बनकर तैयार हो गया है। फिल्म का शूट भी पूरा हो गया है। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में एक बार फिर से आमिर खान के साथ दर्शील सफारी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। बता दें कि 18 साल पहले 21 दिसंबर 2007 को रिलीज हुई फिल्म 'तारे जमीं पर' को आमिर खान और अमूल गुप्ते ने मिलकर डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी अमूल गुप्ते की थी। फिल्म में दर्शील सफारी, टिस्का चोपड़ा और आमिर खान लीज रोल में नजर आए थे। फिल्म महज 18 करोड़ रुपयों के बजट से बनी थी और बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करने में सफल रही थी। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 87 करोड़ 57 लाख रुपयों से ज्यादा की कमाई कर सभी को चौंका दिया था। अब इस फिल्म का अगला पार्ट इसी साल दिसंबर में रिलीज के लिए तैयार है।

शाहरुख की लाडली सुहाना खान पर रूमर्ड बॉयफ्रेंड की मां ने लुटाया प्यार

बॉलीवुड के किंग खान इन दिनों अपनी बेटी सुहाना खान के साथ जल्द फिल्म 'किंग' में नजर आने वाले हैं, लेकिन उससे पहले ही अब एक गुड न्यूज आ रही है। खबर है कि सुहाना खान जल्द इस परिवार की बहू बनेंगी। वहीं, बड़े खानदान का बेटा शाहरुख खान का दामाद बन सकता है। सुहाना खान अक्सर जिस एक्टर के साथ पार्टी और अपने अलीबाग वाले फार्म हाउस पर नजर आती हैं उसी से शाहरुख खान और गौरी खान अपनी लाडली का रिश्ता करेंगे। ये खबर इसलिए सामने आई है क्योंकि सुहाना खान के रूमर्ड बॉयफ्रेंड की मां ने सुहाना खान पर इंस्टाग्राम स्टोरी पर खूब प्यार लुटाया है। वहीं, सुहाना ने भी उसका जवाब दिया है। इस खबर ने पूरे सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है हर कोई जानना चाहता है कि आखिर वो कौन एक्टर है और उनकी मां कौन हैं?

अगस्त्य नंदा रखते हैं सुहाना का खुद से ज्यादा ध्यान

सुहाना खान और अग्स्त्य नंदा के फैंस दोनों की जोड़ी को बेहद पसंद करते हैं। अक्सर दोनों को साथ में देखा जाता है। पार्टी हो या नया साल दोनों हमेशा साथ में ही नजर आते हैं। कुछ समय पहले भी एक पार्टी में सुहाना को बॉडीगार्ड की तरह अगस्त्य नंदा प्रोटेक्ट करते दिखाई दिए थे। वहीं, नए साल पर दोनों को शाहरुख खान के अलीबाग वाले फार्महाउस में साथ जाते देखा गया था। यही वजह है कि सुहाना और अगस्त्य नंदा की शादी की बातें हमेशा होती रहती है, हालांकि कभी दोनों ने ही इन अफवाहों पर कोई जवाब नहीं दिया है और यही वजह है कि सुहाना और अगस्त्य के फैंस दोनों को एक कपल की तरह ही देखते हैं और कहते हैं कि एक दिन सुहाना ही श्वेता नंदा की बहू बनेंगी।

उर्वशी रौतेला ने कहा

उनके पैरेंट्स ने क्यों स्कूल में फर्स्ट आने के लिए किया था मना, सुनकर लोगों ने पकड़ा माथा

उर्वशी रौतेला अक्सर अपने इंटरव्यू, अपनी बातों को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक बार फिर से उन्होंने कुछ ऐसा ही कहा हहै जिसे सुनकर लोगों के कान खड़े हो गए हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'डाकू महाराज' रिलीज हुई जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। अब जो वीडियो सामने आया है, उसे सुनकर हो सकता है कि आप दूसरी बार भी इसे सुनना चाहें। वो इस वीडियो में खुद को नंबर वन बता रही हैं। वही ये भी कहती दिख रही हैं कि उनके पैरेंट्स ने स्कूल में उनसे कहा था कि उन्हें आखिर क्यों नंबर वन पर कभी नहीं रहना है। अपने एक इंटरव्यू में उर्वशी कहती दिख रही हैं, 'मुझे लगता है उर्वशी रौतेला नंबर वन है। ये ऑटोमैटिकली है, अगर मैं ट्रैवल भी करती हूं तो मेरी 1ए सीट होती है और वो ऑटोमैटिकली मुझे मिलती है। मैं कभी पूछती नहीं हूं या मांगती नहीं हूं।' वो आगे कहती हैं, 'इनफैक्ट ये मेरे पैरेंट्स ने मुझे हमेशा स्कूल में बोला कि बेटा, आप सेकंड थर्ड आना, लेकिन कभी फर्स्ट मत आना। क्योंकि उन्हें डर था कि हमारी जो बेटी है वो पढ़ती ही रह जाएगी तो वो बाकी करिकुलर एक्टिविटीज में हिस्सा नहीं ले पाएगी। मेरे पैरेंट्स की शुरुआत से ही बहुत अलग तरह की सोच रही है और आप खुद ही सोचिए कि किनके पैरेंट बोलेंगे कि बेटा आप सेकंड थर्ड आ जाओ, लेकिन फर्स्ट मत आओ। तो मुझे लगता है कि फर्स्ट ऐसा है जो मेरे पास खुद आता है, मैं नहीं जाती फर्स्ट के पास।'

'बच्चा दोनों की जिम्मेदारी है, नौकरी छोड़ने की उम्मीद महिला से क्यों?', सान्या ने किया सवाल

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा अपनी आगामी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में हैं। कई फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित हो चुकी और तारीफ बटोर चुकी फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में सान्या एक प्रतिभाशाली डांसर की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी शादी के बाद एक नाटकीय मोड़ लेती है। हाल ही में अभिनेत्री अपनी इस फिल्म के बहाने समाज में महिलाओं से की जाने वाली उम्मीदों और भेदभाव पर बात करती दिखीं।

घरेलू महिला की भूमिका में दिखेंगी सान्या

फिल्म 'मिसेज' में सान्या मल्होत्रा एक हाउस वाइफ के रोल में हैं, जो प्रतिभाशाली डांसर है। एक पुरुष प्रधान घर में शादी के बाद उसकी जिंदगी में बड़े बदलाव आते हैं। फिल्म समाज में महिला और पुरुषों के बीच मौजूद भेदभाव को दिखाती है। आरती कडव के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिसेज' के बहाने सान्या मल्होत्रा ने समाज में महिलाओं से की जाने वाली गैर-जरूरी उम्मीदों पर बात की। न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में सान्या ने समाज के रवैये पर बात की, जिसमें शादी और बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं को नौकरी छोड़ देने के लिए कहा जाता है।

बोलीं- बच्चा तो दोनों की जिम्मेदारी है

सान्या मल्होत्रा ने कहा, 'समाज में महिलाओं से बहुत सारी अपेक्षाएं हैं। आजकल यह बहुत स्वाभाविक है कि महिला से उम्मीद की जाती है कि वह बच्चे को जन्म देने के बाद नौकरी छोड़ दे। लेकिन बच्चा दोनों का है, है न? यह पति और पत्नी दोनों की जिम्मेदारी है। ऐसे में हमें परिवार में एक बेहतर तालमेल की जरूरत है। हमारे किरदार शायद ऐसा करने में सक्षम न हों, लेकिन इसके कई उदाहरण हैं। लोगों को उससे सीखना चाहिए'।

सान्या मल्होत्रा के अलावा फिल्म की निर्देशक आरती कडव ने भी इस बारे में बात की। एएनआई से बातचीत में उन्होंने कहा, 'महिलाओं को चुनाव नहीं करना चाहिए। विचार यह है कि विवाह एक संस्था है, इसलिए इसमें उनके करियर और सपनों के लिए भी जगह होनी चाहिए। ऐसा क्यों है कि शादी महिलाओं के जुनून और महत्वाकांक्षा को तुरंत खत्म कर देती है? महिलाओं को घर में क्यों रहना पड़ता है और क्यों एडजस्ट करना पड़ता है और वे सब क्यों करना पड़ता है? वहीं, पुरुषों को शादी के बाद महिलाओं का पूरा सपोर्ट मिलता है, उसे करियर में आगे बढ़ने की जरूरत होती है। अगर पुरुष को एक अच्छी लड़की मिल जाती है, तो उसका जीवन खिल उठता है। पहले मां उसका ख्याल रखे, फिर पत्नी...आखिर ऐसी सोच क्यों?'। बता दें कि फिल्म 'मिसेज' जी5 पर 07 फरवरी 2025 को रिलीज होगी।

थलपति विजय की नयी मूवी 'जन नायकन' के करोड़ों में बिके ओवरसीज राइट्स

थलपति विजय इन दिनों फिल्म जन नायकन को लेकर जमकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म की रिलीज का प्रशंसकों को इंतजार है, वहीं फिल्म के ओवरसीज राइट्स करोड़ों में बिक गए हैं। आइए जानते हैं विजय की फिल्म के विदेशी अधिकार को कितने करोड़ों में बेचा गया है।

थलपति विजय की 69वीं फिल्म का आधिकारिक नाम जन नायकन रखा गया है, जिसकी घोषणा के साथ ही दो आकर्षक पोस्टर भी जारी किए गए, जिससे फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ गया है। एच. विनोथ द्वारा निर्देशित इस राजनीतिक एक्शन थ्रिलर में पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

सोशल मीडिया पर दलपति की इस फिल्म की जबर्दस्त चर्चा हो रही है, जिससे विजय के प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के विदेशी अधिकार 75 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं, जो कि रिफंडेबल एडवांस बेसिस पर है, जिसने कॉलीवुड के इतिहास में तमिल सिनेमा के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है।

जन नायकन विजय की आखिरी फिल्म के रूप में प्रशंसकों के लिए विशेष महत्व रखती है। केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा समर्थित इस फिल्म में दलपति विजय के अलावा बॉबी देओल, प्रकाश राज, ममिता बैजू और अन्य शामिल हैं और फिल्म का संगीत अनिरुद्ध ने तैयार किया है।

हाल ही में फिल्म दलपति विजय के करियर की आखिरी फिल्म का ऑफिशियल पोस्टर और टाइटल को जारी कर दिया गया है। फिल्म का टाइटल 'जन नायकन' रखा गया है। नाम के साथ विजय का नया पोस्टर भी जारी किया गया, जिसमें वह प्रशंसकों के बीच सेल्फी लेते नजर आए। यह फिल्म अगले साल यानी 2026 में पोंगल के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'जन नायकन' से पहले दलपति 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' में नजर आए थे। प्रशंसकों को विजय की आखिरी फिल्म से काफी उम्मीदें हैं।

स्टार्स के एटीट्यूड वाले बयान पर शाहिद कपूर की सफाई

सलमान खान का सम्मान करता हूं उनके लिए कभी कुछ नहीं बोल सकता

शाहिद कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'देवा' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। लेकिन इसी बीच वह अपने एक बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि कुछ स्टार्स अपने एटीट्यूड के साथ इवेंट्स में आते हैं और दूसरों को ऐसा महसूस कराते हैं जैसे उनकी मौजूदगी बहुत जरूरी हो। इसके बाद लोगों ने इस बयान को सलमान खान से जोड़ लिया। हालांकि, अब शाहिद ने खुद इस मामले पर अपनी सफाई दी है।

जब शाहिद से पूछा गया कि क्या उनका बयान सलमान के लिए था, तो एक्टर ने तुरंत 'ना' कहा। शाहिद ने कहा, 'मुझे इस बारे में एक-दो लोगों ने मैसेज करके भी पूछा था।

ईमानदारी से कहूं तो उस समय ऐसे ही बातें हो रही थीं, तो मैंने बिना कुछ सोचे-समझे बस जवाब दिया था। लेकिन अगर मैं कॉमेंट करना चाहूं, तो यह कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति पर नहीं होगा जो इतना सीनियर, इतना स्थापित हो और जिनका मैं इतना सम्मान करता हूं। बस यह क्लियर करना है।'

शाहिद कपूर ने हाल ही में राज शमान को दिए गए अपने एक इंटरव्यू बॉलीवुड के स्टार्स पर बातें की थी। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि कुछ एक्टर ऐसे हैं जो आते हैं तो उनके चेहरे पर दिखता है कि वे आ रहे हैं। चंद सेकंड में ही ये पता चल जाता है।

अगर आप रूम में घुसे हैं तो आपको देखकर ही लग जाएगा कि वे महसूस करा रहे हैं कि वे आ गए हैं।बताते चलें कि फिल्म देवा एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे रोशन एंड्रयू ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में पूजा हेगड़े, शाहिद कपूर, कुब्रा सेत, पवेल गुलाटी अहम किरदारों में हैं।

फिल्म को पहले 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज किया जाना था, हालांकि बाद में इसे पोस्टपोन कर 14 फरवरी 2025 के लिए शेड्यूल किया गया था। अब इसे प्रीपोन कर 31 जनवरी को रिलीज किया जा रहा है। फिल्म के स्ट्रीमिंग राइट्स नेटफ्लिक्स के पास हैं।

'किस एंगल से हीरोइन लगती है' माता-पिता के सामने एक्ट्रेस की हुई थी बेइज्जती

बॉलीवुड ग्लैमर्स की वो दुनिया है, जिसमें हर कोई अपनी पहचान बनाने के लिए बेताब रहता है। खासतौर पर अगर आप एक्टर या एक्ट्रेस बनना चाहते हैं तो आपको हिंदी सिनेमा में काफी पापड़ बेलने पड़ते हैं। हर एक सुपरस्टार की अपनी एक संघर्ष की कहानी होती है, जिसके बारे में जानकार अक्सर सिनेप्रेमियों को झटका लगता है।

आज इस लेख में हम आपको फिल्म इंडस्ट्री की एक ऐसी दिग्गज अभिनेत्री की स्ट्रगल स्टोरी बताने जा रहे हैं, जिनको दर्जनभर मूवीज से बाहर निकाल गया था और इतना ही नहीं फिल्म निर्माता ने माता-पिता के सामने उनको काफी जलील किया था। आइए जानते हैं कि बॉलीवुड की वो लेडी सुपरस्टार आखिर कौन है।

इस एक्ट्रेस की गई थी बेइज्जती

हिंदी सिनेमा की टॉप अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट जैसी कई एक्ट्रेसेज के नाम शामिल होते हैं। लेकिन इनसे पहले भी कुछ अदाकाराएं ऐसी रही हैं, जिन्होंने 2000 के दशक के बाद से सिनेमा में अपनी खास पहचान बनाई है और वो अभिनेत्री को ई और नहीं बल्कि विद्या बालन हैं।

जी विद्या वो एक्ट्रेस हैं, जिनकों एक फिल्ममेकर ने माता-पिता के सामने बेइज्जत किया था, जिसका असर उनपर काफी हद तक पड़ा था। दरअसल गलत्ता इंडिया को दिए एक इंटरव्यू के दौरान विद्या ने इस मामले पर खुलकर बात की और बताया-

मैं एक साउथ फिल्म कर रही थी, जिसके लिए मैंने शूटिंग शुरू कर दी थी। लेकिन अचानक मुझे उस मूवी से बाहर कर दिया गया था। मैं अपने माता-पिता के साथ चेन्नई में फिल्म प्रोड्यूसर के ऑफिस पहुंची और उनसे पूछा आखिर ऐसे कैसे मुझे बाहर कर दिया। उन्होंने मेरी शूटिंग क्लिप्स चलाए और पेरेंट्स के सामने बोला कि देखिए ये किस एंगल से हीरोइन लगती है।

फोटो क्रेडिट- इंस्टाग्राम

ये सुनकर मुझे काफी बुरा लगा और अगले 6 महीने तक मैंने शीशे में अपनी शक्ल नहीं देखी। लेकिन मेरे माता-पिता ने मुझे समझाया और मैंने कभी हार नहीं मानी। 3 साल मेरे लिए काफी संघर्ष से भरे रहे और इस दौरान मुझे लगभग 13 मूवीज से बाहर किया गया था। लेकिन कहते हैं कि हार के बाद ही जीत है और स्ट्रगल ने मुझे मजबूत बनाया। जिसके दम पर आज मैं यहां मौजूद हैं।

इन मूवीज के लिए फेमस हैं विद्या बालन

2005 में आई फिल्म परणीता से विद्या बालन ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। उनके करियर की कुछ शानदार मूवीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उनके नाम इस प्रकार हैं- लगे रहो मुन्नाभाई, हे बेबी,भूल भुलैया, पा, इश्किया,नो वन किल्ड जेसिका, द डर्टी पिक्चर, कहानी, तुम्हारी सुलु, मिशन मंगल।।

बता दें कि आखिरी बार विद्या को हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 में देखा गया और उनकी ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई।

सोनम-सारा के बाद कृति सेनन के साथ काम करेंगे धनुष

फिल्म तेरे इश्क में का एक और टीजर सामने आया है, जिसमें अभिनेत्री का चेहरा साफ नजर आ रहा है। पहले टीजर में अभिनेत्री की सिर्फ आवाज सुनाई दी थी। जानकारी के अनुसार, इस फिल्म में धनुष के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री नजर आएंगी।

रांझणा में अपने पहले सहयोग के लगभग 12 साल बाद, आनंद एल राय और धनुष तेरे इश्क में के साथ फिर से जुड़ने के लिए तैयार हैं। आधिकारिक घोषणा एक मनोरंजक टीजर के माध्यम से की गई थी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। फिल्म तेरे इश्क में के पहले टीजर में सिर्फ अभिनेत्री की आवाज सुनाई दी थी, लेकिन अब कुछ ही देर पहले फिल्म 'तेरे इश्क में' का दूसरा टीजर रिलीज हुआ है, जिसमें अभेनेत्री का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। वो हैं कृति सेनन।

कुछ ही देर पहले निर्देशक आनंद एल राय और तेरे इश्क में के निर्माताओं ने आगामी रोमांटिक ड्रामा का दूसरा टीजर शेयर किया था, जिसमें कृति सेनन का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। इस टीजर में कृति दंगो के बीच नजर आ रही हैं और जब वह आगे बढ़ती हैं तो अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ती नजर आईं और फिर उन्होंने सिगरेट जलाई और इसी क्लीप के साथ टीजर खत्म। कृति ने इंस्टाग्राम पर फिल्म तेरे इश्क में का टीजर शेयर किया और लिखा, 'कुछ लव स्टोरीज आग की लपटों से उभरने के लिए होती हैं। इसका सबूत हैं शंकर और मुक्ति...तेरे इश्क में'। इसके आगे फिल्म की रिलीज तारीख भी लिखी है। यह फिल्म 28 नवंबर, 2025 को रिलीज होगी।

तेरे इश्क में - फोटो : सोशल मीडिया

'तेरे इश्क में' के पहले टीजर में एक वॉयस ओवर सुनाई देता है, जिसमें पूछा जाता है, "शंकर, इश्क में सिर्फ लड़के ही मरते हैं क्या? कुछ लड़कियाँ भी कलेजा रखती हैं जान देने का।" इश्क में सवाल, इश्क में जवाब चुप रहना मुहाल कह देना बवाल...देर से सही पर हीरोइन का जवाब आया है...कल सुनना जरूर।

सितारों ने जताई इब्राहिम के डेब्यू पर खुशी, यूजर्स बोले- फाइनली ऋतिक के बाद कोई आ रहा है

इब्राहिम अली खान के डेब्यू की खबरें काफी वक्त से मीडिया की सुर्खियों में चल रही थीं। आज बुधवार को करण जौहर ने आधिकारिक एलान भी कर दिया। उन्होंने एक भावुक सा पोस्ट लिखकर इब्राहिम अली खान के इंडस्ट्री में आगाज की खबर फैंस के साथ साझा की। इसके बाद इब्राहिम की दीदी सारा से लेकर बुआ सबा तक, परिवार के रिएक्शन आ रहे हैं। फिल्मी सितारे भी बधाई दे रहे हैं। तो वहीं, सोशल मीडिया यूजर्स भी अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करा रहे हैं।

महिमा चौधरी से बिपाशा तक, सभी ने जताई खुशी

करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर इब्राहिम के डेब्यू की जानकारी दी है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि इस परिवार के साथ उनकी पीढ़ियों का रिश्ता है। वे 40 साल से परिवार को जानते हैं। अमृता सिंह और सैफ अली खान के साथ काम करने के बाद अब वे परिवार की नई प्रतिभा इब्राहिम के साथ काम करते हुए खुश हैं। इस पर महिमा चौधरी से लेकर बिपाशा बसु और वीर पहाड़िया, तमाम सितारों ने खुशी जताई है और बधाईयां दे रहे हैं।

दीदी सारा ने किया स्वागत, बुआ ने लुटाया प्यार

इब्राहिम के डेब्यू की खबर पर सारा अली खान ने भाई का स्वागत किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा कर लिखा है, 'फिल्मों की दुनिया में स्वागत है'। वहीं, इब्राहिम की बुआ सबा अली खान ने करण जौहर के पोस्ट पर रेड हार्ट इमोजी पोस्ट किए हैं। इनके अलावा अक्षय ओबेरॉय और फराह खान ने भी प्रतिक्रिया दी है। फराह ने लिखा है, 'ये लड़का बहुत प्यारा है'। सिकंदर खेर ने भी इब्राहिम का स्वागत किया है।

क्या कह रहे नेटिजन्स?

फिल्मी सितारों के अलावा सोशल मीडिया यूजर्स भी कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर लोग इब्राहिम के डेब्यू पर खुशी जता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली ऋतिक रोशन के बाद कोई आ रहा है'। एक यूजर ने लिखा, 'इब्राहिम को परदे पर देखने का इंतजार बेसब्री से है'। एक यूजर ने लिखा, 'इब्राहिम का चेहरा बिल्कुल सैफ जैसा है। सैफ हमेशा मेरे फेवरेट रहे हैं। उम्मीद है कि इब्राहिम इस विरासत को आगे बढ़ाएंगे'। एक यूजर ने लिखा, 'उम्मीद है कि अपने टैलेंट के दम पर कुछ कर दिखाएंगे'।

करण जौहर हो गए ट्रोल

एक तरफ इब्राहिम अली खान को जहां बधाईयां मिल रही हैं, वहीं करण जौहर एक बार फिर ट्रोल हो रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, 'लगता है तैमूर और जेह को भी आप ही लॉन्च करोगे'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'नेपोटिज्म के चक्कर में धर्मा आधा तो बिक गया और अब बाकी भी चला जाएगा'। एक यूजर ने लिखा, 'हमें हैरानी नहीं हुई, आप हमेशा नेपोटिज्म का झंडा बुलंद किए रखते हो'।

कभी पीएम ने बजट पेश किया, कुछ बजट पेश कर राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री बने; जानें भारत के वित्त मंत्रियों को

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारण 01 फरवरी 2025 को बजट पेश करने वाली हैं। संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, केन्द्रीय बजट सरकार की अनुमानित आय और व्यय का वित्तीय विवरण होता है। स्वतंत्रता के बाद देश का पहला बजट नवंबर 1947 में पेश किया गया था। 2017-18 में रेल बजट को केंद्रीय बजट में मिला दिया गया, जिससे अलग बजट की 92 साल पुरानी परंपरा खत्म हो गई। आजाद भारत की यात्रा में देश के कई वित्त मंत्रियों ने अर्थव्यवस्था को वर्तमान स्तर पर लाने में अहम भूमिका निभाई है। जहां देश में कई लोगों ने प्रधानमंत्री रहते हुए बजट पेश किया तो कुछ वित्त मंत्री ऐसे भी रहे जिन्होंने वित्त मंत्री रहते हुए बजट पेश किया, और आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री बने। देश के कुछ वित्त मंत्री देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे राष्ट्रपति चुने गए। आइए ग्राफिक्स जरिए नजर डालते हैं भारत के हर वित्त मंत्री के कार्यकाल पर।



आर.के. शनमुखम चेट्टी

रामासामी चेट्टी कंदासामी शनमुखम चेट्टी स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री थे। उन्होंने देश का पहला बजट 26 नवंबर 1947 को पेश किया गया था। उनके कार्यकाल के दौरान ही योजना आयोग की शुरुआत हुई थी। स्वतंत्र भारत का पहला बजट साढ़े सात महीने के लिए था। देश के पहले वित्त मंत्री ने 171.15 करोड़ रुपये की आमदनी और 197.39 करोड़ रुपये के खर्च का बजट पेश किया था।

कार्यकालः 22 सितंबर, 1948 - 26 जनवरी, 1950; 26 जनवरी, 1950 - 6 मई, 1950; 6 मई, 1950 - 1 जून, 1950

सी.डी. देशमुख

सीडी देशमुख यानी चिंतामन द्वारकानाथ देशमुख ने 1951-52 के लिए पहला अंतरिम बजट पेश किया। उनका कार्यकाल पहली पंचवर्षीय योजना की अवधि को कवर करता था। उन्होंने निगम कर सहित सभी करों में समग्र वृद्धि और सभी आयकर और सुपर-टैक्स दरों पर 5 प्रतिशत सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव रखा था। उनके कार्यकाल के दौरान, राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) की स्थापना की गई थी और वे इसके शासी निकाय के संस्थापक सदस्य थे।

कार्यकालः 1 जून, 1950 - 13 मई, 1952; 13 मई, 1952 से 1 अगस्त, 1956

टीटी कृष्णमाचारी

टीटी कृष्णमाचारी ने संपत्ति कर और व्यय कर की शुरुआत की। उनके कार्यकाल के दौरान एनएलसी, आईडीबीआई, आईसीआईसीआई और दामोदर घाटी निगम की स्थापना की गई। मुंद्रा घोटाले में उनका नाम सामने आने के बाद उन्होंने वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया, जिसमें उनकी मिलीभगत पाई गई थी। कृष्णमाचारी ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान देश में पहली बार गुप्त आय के स्वैच्छिक प्रकटीकरण की योजना शुरू की।

कार्यकालः 30 अगस्त, 1956 - 17 अप्रैल, 1957; 17 अप्रैल, 1957 - 14 फ़रवरी, 1958; 31 अगस्त, 1963 - 31 दिसंबर, 1965

जवाहरलाल नेहरू

जवाहरलाल नेहरू केंद्रीय बजट पेश करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री थे।

कुछ अवधि के लिए उन्होंने वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी अपने पास रखी थी। उन्होंने उपहार कर की शुरुआत की थी। अपवाद के तौर पर केवल धर्मार्थ संस्थाओं, सरकारी कंपनियों, केंद्रीय या राज्य अधिनियमों के तहत स्थापित निगम और सार्वजनिक कंपनियां थीं, जिन्हें छह या उससे अधिक व्यक्तियों की ओर से नियंत्रित किया जाता था, उपहार कर के दायरे से बाहर रखा गया था। उन्होंने संपदा शुल्क अधिनियम में कुछ संशोधनों का भी प्रस्ताव रखा था।

नकली हीरों की पहचान होगी आसान, इंडस्ट्रीज और सरकार एक साथ कर रही है काम

नई दिल्ली,30 जनवरी (एजेंसियां)। भारत में लोगों की आमदनी जिस हिसाब से बढ़ रही है, उसी तरह से उनके रहन-सहन में भी बदलाव आ रहा है। तभी तो यहां हीरे का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। उम्मीद है कि अगले पांच साल में इसका बाजार और बढ़ कर दूना हो जाएगा। लेकिन आम लोगों के साथ दिक्कत यह है कि वे असली और नकली हीरे में फर्क नहीं कर पा रहे है। कभी-कभी वह हीरे के नाम पर सिंथेटिक हीरा खरीद लेते हैं। लेकिन जल्दी ही कुछ ऐसा होने वाला है, जिससे आप असली और नकली हीरों की पहचान आसानी से कर पाएंगे।दुनिया भर में नेचुरल डायमंड या असली हीरों के सबसे बड़े उत्पादक डी बीयर्स के इंडिया मैनेजिंग डाइरेक्टर अमित प्रतिहारी का कहना है कि इस दिशा में सरकार के साथ मिल कर काम चल रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत काम करने वाले जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल इस दिशा में सक्रिय है। हो सकता है कि हीरे में भी कुछ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था हो जाए, जैसे सोने के आभूषणों में है। उल्लेखनीय है कि सोने के जेवरों में सरकार ने हॉलमार्किंग की व्यवस्था शुरू की है। अमित का कहना है कि हीरे के बारे में ठगी पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने पहले से ही कुछ निर्देश जारी किया है। जैसे लैब ग्रोन डायमंड के लिए अब सिंथेटिक शब्द का उपयोग करना अनिवार्य कर दिया गया है। तब भी ठगी हो जाती है क्योंकि बेचने वाले सिंथेटिक नेचुरल डायमंड कह कर बेच देते हैं। हालांकि यहां पहले से ही हीरों की ग्रेडिंग के लिए ग्रेडिंग के लिए फेडरेशन ट्रेड कमीशन के नियमों का पालन हो रहा है।अमित प्रतिहारी का कहना है कि इस समय साधारण आंखों से नेचुरल डायमंड और लैब ग्रोन डायमंड या सिंथेटिक डायमंड में फर्क करना मुश्किल हो गया है। इसे जांचने के लिए उन्नत मशीन की आवश्यकता पड़ती है। इस तरह की मशीन में हीरों की कलर और क्लेरिटी के आधार पर ग्रेडिंग की जाती है। उनका कहना है कि मशहूर ब्रांड से यदि आप हीरे या हीरे के गहनों की खरीदारी करेंगे तो ठगे जाने की संभावना न्यून है। लेकिन गली-मोहल्ले के दुकानों पर भरोसा करते हैं तो हो सकता है कि आप असली हीरे की जगह सिंथेटिक हीरे खरीद लें।

चीन के डीपसीक के बाद दुनिया के अरबपतियों को लगा दूसरा झटका, इतनी घट गई दौलत

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। चीन के डीपसीक एआई के बाद अमेरिकी फेड रिजर्व से भी अरबपतियों को तगड़ा झटका लगा है। अमेरिका की सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कटौती नहीं की है। सेंट्रल बैंक ने लगातार 3 बार रेट कट करने के बाद बैंक ने इस बार पॉज बटन दबा दिया है। अमेरिका दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश है, इसलिए वहां की पॉलिसी लेवल पर जो भी बदलाव होते हैं। उसका असर पूरी दुनिया पर देखने को मिलता है। डोनाल्ड ट्रंप जब से देश के राष्ट्रपति बने हैं उनके ताबड़तोड़ फैसलों से दुनिया की इकोनॉमी पर असर देखने को मिल रहा है। इसी बीच फेड की ओर से रेट कट न करने के फैसले का भी असर दुनिया भर के अरबपतियों की दौलत पर देखने को मिल रहा है। फ्रांस से लेकर अमेरिका तक के अरबपतियों की नेट वर्थ में गिरावट आई है।ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेंट्रल बैंक के फैसले के बाद अरबपतियों की दौलत में गिरावट आई है। इंडेक्स के मुताबिक इस फैसले के बाद फ्रांस के बिजनेस मैन बर्नार्ड अर्नाल्ट से लेकर एलन मस्क की दौलत में कमी आई है। आइए जानते हैं कि किस अरबपति की कितनी दौलत कितनी कम हुई है।

बर्नार्ड अर्नाल्ट को सबसे ज्यादा नुकसान

फेड के फैसले के बाद बर्नाल्ड अरनॉल्ट को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। ब्लूमबर्ग इंडेक्स के मुताबिक उनको सबसे ज्यादा 9.55 बिलियन डॉलर का घाटा लगा है। उनकी नेटवर्थ अब 197 बिलियन डॉलर रह गई है।

एलन मस्क को भी घाटा

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति के दोस्त और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को भी नुकसान हुआ है। अमेरिकी सेंट्रल बैंक के फैसले के बाद अमेरिका के दिग्गज बिजनेसमैन एलन मस्क की दौलत में 7.12 बिलियन डॉलर की कमी आई है। इंडेक्स के मुताबिक उनकी अब नेटवर्थ अब 421 बिलियन डॉलर रह गई है। वहीं, फ्रांस के एक और उद्योगपति फ्रेंकोइस बेटेनकोर्ट मेयर्स की दौलत भी 2.25 बिलियन डॉलर कम हो गई। फेड के ऐलान के बाद अमेरिकी उद्योगपति लैरी एलिसन, स्टीव बाल्मर और बॉब दुग्गन की नेटवर्थ घटी है।

अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने तो ब्याज दर नहीं घटाई, क्या अब आरबीआई कम करेगा आपकी ईएमआई?

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में पॉलिसी के लेवल पर जब भी कोई बदलाव होता है, तो उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। हाल में जब अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के बाद डोनाल्ड ट्रंप प्रेसिडेंट बने, तब से उनकी नीतियों का असर वर्ल्ड ट्रेड से लेकर दुनिया के सभी बाजारों पर देखने को मिला है। ऐसे में अमेरिकी फेडरल रिजर्व का अपनी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करना, दुनिया के लिए एक बड़े बदलाव का संकेत है। भारतीय रिजर्व बैंक भी 7 फरवरी को अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति का ऐलान करेगा, जो 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट के ठीक बाद आएगी। तब क्या आरबीआई आपकी ईएमआई को कम करने का कोई काम करेगा?दरअसल अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के सिलसिले पर रोक लगाएगा, इसका अंदाजा पहले से था। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद ये संभावना यकीन में बदलनी ही थी और वैसा हुआ भी। इससे पहले फेडरल रिजर्व ने नवंबर और दिसंबर की बैठक में दो बार ब्याज दरों में कटौती की थी और ब्याज दरों को पूरा 1 प्रतिशत कम कर दिया था। अभी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर 4।25 से 4।50 प्रतिशत के बीच ही रहेगी।

आरबीआई की मोनेटरी पॉलिसी

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने और फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने के बाद भारत में दो बड़े फाइनेंस इवेंट होने हैं। पहले 1 फरवरी 2025 को सरकार वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेगी। उसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक की कैलेंडर ईयर 2025 की पहली और वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी मौद्रिक नीति 7 फरवरी को आनी है। ऐसे में अमेरिका में हुए बदलाव का असर इन दोनों ही

इवेंट पर देखने को मिल सकता है। हाल में आरबीआई को अपना नया चीफ मिला है। ऐसे में गवर्नर संजय मल्होत्रा के ऊपर भी फेडरल रिजर्व की नीति के असर से निपटने का दबाव होगा। भारतीय रिजर्व बैंक की मोनेटरी पॉलिसी जहां घरेलू स्तर पर महंगाई को नियंत्रण में रखने का काम करती है, वहीं ये विदेशी प्रभाव से निपटने का भी काम करती है। साल 2022 में भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी अप्रैल में मौद्रिक नीति की समीक्षा करने के बावजूद मई में अचानक से बैठक करके ब्याज दरों को 0।40 प्रतिशत बढ़ा दिया था। तब रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते महंगाई बढ़ने का डर था, जिसके चलते देश में ब्याज दरें बढ़ाई गईं थी। वहीं अमेरिका के फेडरल रिजर्व की बैठक भी उसी समय होनी थी और तब अमेरिका में ब्याज दर को 0।50 प्रतिशत बढ़ाने का अनुमान था। इससे भारत के शेयर बाजार में तबाही मचने की आशंका थी, इसलिए तब पॉलिसी रेट को बढ़ाया गया था। अब सवाल ये है कि क्या 7 फरवरी को आरबीआई ब्याज दरों में कटौती करेगी, ताकि आपकी ईएमआई का बोझ कम हो सके। दिसंबर की मौद्रिक नीति के बाद ही देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ब्याज दरों में कटौती की जरूरत बताई थी, ताकि देश में ग्रोथ को बढ़ाया जा सके। लेकिन फूड इंफ्लेशन के ऊंचाई पर बने रहने के चलते तब कटौती नहीं की गई।

गौतम अडानी के 'विराट' के बाद इस कंपनी ने दिखाया जलवा, इतनी बढ़ी कमाई

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी की 'विराट मजबूती' वाली एक कंपनी का मुनाफा 242 प्रतिशत बढ़ा है। इसके बाद अब उनकी एक और कंपनी ने जबरदस्त प्रॉफिट कमाया है। ये अडानी ग्रुप की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है और इसका कारोबार देश-विदेश में फैला है। ये कंपनी अडानी पोर्ट एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन है।अडानी पोर्ट का कंसोलिडेट मुनाफा अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 2,520 करोड़ रुपए रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 2,208 करोड़ रुपए था। अडानी पोर्ट एंड सेज अडानी ग्रुप की सबसे प्रमुख कंपनी है। देश के सबसे बड़े प्राइवेट पोर्ट की मालिक यही कंपनी है। अडानी पोर्ड एंड सेज की इस दौरान ऑपरेशंस से इनकम 7,964

करोड़ रुपए रही है। ये वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में हुई 6,920 करोड़ रुपए की कमाई से 15 प्रतिशत अधिक है। अगर इसकी तुलना 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही से की जाए, तब भी कंपनी की इनकम 13 प्रतिशत बढ़ी है। तब कंपनी की ऑपरेशनल इनकम 7,067 करोड़ रुपए थी।

गौतम अडानी का 'विराट' मुनाफा

गौतम अडानी ने कुछ साल पहले सीमेंट के बिजनेस में भी एंटर किया था। अडानी पोर्टफोलियो की अडानी सीमेंट कंपनी में 'विराट मजबूती' वाली अंबुजा सीमेंट और एसीसी लिमिटेड शामिल हैं। इसमें से अंबुजा सीमेंट के परिणाम कंपनी ने बुधवार को जारी किए थे। अंबुजा सीमेंट का स्टैंडअलोन प्रॉफिट अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 242 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान कंपनी ने 1,758 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। जबकि 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 514 करोड़ रुपए था। इस दौरान अंबुजा सीमेंट की नेटवर्थ 62,535 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। जबकि कंपनी के पास मौजूद कैश एसेट्स 8,755 करोड़ रुपए के बराबर हैं। इस दौरान कंपनी पूरी तरह से कर्ज मुक्त रही है। अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का रिजल्ट भी आ गया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 58 करोड़ रुपए रहा है। गौतम अडानी देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

सोना पहली बार 81 हजार रुपए पार : 30 दिन में दाम 4,844 बढ़े

चांदी 920 बढ़कर 91,600 रुपए किलो पहुंची

नई दिल्ली,30 जनवरी (एजेंसियां)। सोना आज यानी 30 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 81,006 रुपए हो गया है। बुधवार को इसके दाम 80,975 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज बढ़त रही। ये 920 रुपए बढ़कर 91,600 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 90,680 रुपए प्रति किलो थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था। तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

इस साल अब तक 4,844 महंगा हुआ सोना

31 दिसंबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 76,162 रुपए था। बीते 30 दिन में इसमें 4,844 रुपए का इजाफा हुआ है। वहीं, 31 दिसंबर को 1 किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी। इस दौरान इसमें भी 5,583 रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

महानगरों में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 76,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 83,170 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 76,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 83,020 रुपए है।

कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 76,100 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 83,020 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 76,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 83,020 रुपए है।

भोपाल : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 76,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैइस साल अब तक 4,844 महंगा हुआ सोना

हैदराबाद : सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 83,020 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 76,100 रुपये है।

सेंसेक्स 226 अंक बढ़कर 76759 पर बंद : निफ्टी भी 86 अंक चढ़कर 23249 पर बंद

पावर और एफएमसीजी शेयर्स में तेजी रही

मुंबई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। सेंसेक्स आज यानी 30 जनवरी को 226 अंक की तेजी के साथ 76,759 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 86 अंक की बढ़त रही, ये 23,249 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली। आज पावर और एफएमसीजी शेयर्स में तेजी रही। वहीं आईटी और ऑटो शेयर्स में गिरावट रही।

जापान के निक केई में 0.21% की तेजी

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.25% की तेजी देखने को मिली। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स और कोरिया का कोस्पी आज बंद रहे। एनएसई के डेटा के अनुसार, 29 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 2,586 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 1,792 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 29 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.31% की गिरकर 44,713 पर बंद हुआ। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.47% गिरकर 6,039 पर बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 0.51% की गिरावट रही। डॉ. अग्रवाल्स हेल्थ केयर लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ आज दूसरा दिन है। निवेशक इस इश्यू के लिए 31 जनवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। 5 फरवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

सैजिलिटी इंडिया के शेयर में 5% की तेजी

सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के शेयर में आज 5% अपर सर्किट लगा है। कंपनी का शेयर 2.27 रुपए (4.99%) बढ़कर 47.73 रुपए पर पहुंच गया है। कंपनी के शेयर में ये तेजी ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर सॉल्यूशंस के अधिग्रहण की घोषणा के बाद देखने को मिल रही है। ब्रॉडपाथ एक अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा देने वाली कंपनी है, जिसका मुख्यालय टक्सन, एरिजोना, यूएस में है।इससे पहले कल यानी 29 जनवरी को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 631 अंक की तेजी के साथ 76,532 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 205 अंक की तेजी रही, ये 23,163 के स्तर पर बंद हुआ।

5 फरवरी को दिल्ली में बाजार रहेंगे बंद, सीटीआई ने दिया बड़ा निर्देश

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में 5 फरवरी को मतदान होने है. इसी को देखते हुए पांच फरवरी को दिल्ली के बाजार बंद रहेंगे. इस बात की जानकारी चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने बृहस्पतिवार को दिया है. सीटीआई ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव मतदान के दिन राजधानी में सभी 700 बाजार बंद रहेंगे. ऐसे में यह जरूरी है कि आप अपना कार्यक्रम उसी हिसाब से बनाए. सीटीआई के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने इस पर टिप्पणी की है. उन्होंने कहा है कि व्यापारियों को चुनाव आयोग और लेबर डिपार्टमेंट के आदेशों का पालन करना चाहिए।

दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायणे - ऋतु - शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-51
भोग्य कलि वर्ष-426875 सूर्यास्त. -18-07
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

ग्रह स्थिति			लग्नारंभ समय	
सूर्य-	मकर	मे	मकर...	04-56 बजे
चंद्र-	कुंभ	मे	कुंभ...	07-36 बजे
मंगल	मिथुन (व)	मे	मीन...	09-14 बजे
बुध-	मकर	मे	मेष...	10-50 बजे
गुरु-	वृष	मे	वृष...	12-32 बजे
शुक्र-	मीन	मे	मिथुन	14-36 बजे
शनि-	कुंभ	मे	कर्क..	16-48 बजे
राहु-	मीन	मे	सिंह...	19-00 बजे
केतु-	कन्या	मे	कन्या...	21-08 बजे
			तुला....	23-12 बजे
			वृश्चिक..	01-21 बजे
			धनु.....	03-36 बजे

दिशाशूल - पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया . 13-59 तक उपरान्त तृतीया
मास - माघ शुक्ल , शुक्रवार 31 January
नक्षत्र - शतभिषा 04-14 तक उपरान्त पूर्वभाद्रपद
योग - वरियान 15-32 तक उप परिघ
करण- कौलव 16-10 तक उप तैतिल
विशेष:- बाबा रामदेव बीज
व्रत -त्योहार -

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

राहुकाल 11:05 से 12:30 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
चंचल	06:51 - 08:15	शुभ	रोग.	18:07 - 19:45	अशुभ
लाभ	08:15 - 09:40	शुभ	काल	19:45 - 21:20	अशुभ
अमृत	09:40 - 11:05	शुभ	लाभ.	21:20 - 22:55	शुभ
काल	11:05 - 12:30	अशुभ	उत्पात	22:55 - 00:30	अशुभ
शुभ.	12:30 - 13:55	शुभ	शुभ	00:30 - 02:04	शुभ
रोग.	13:55 - 15:20	अशुभ	अमृत.	02:04 - 03:39	शुभ
उत्पात	15:20 - 16:45	अशुभ	चंचल	03:39 - 05:14	शुभ
चंचल.	16:45 - 18:07	शुभ	रोग	05:14 - 06:51	अशुभ

आपका राशिफल

मेष (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,): आज किसी अनियोजित रोमांचक यात्रा पर जाने की सम्भावना है । हो सकता है कि शहर में ही घूमना चाहें,लेकिन आपका विचार खूब मजे करने का है और ऐसा ही होगा भी । आप किसी करीबी के साथ हुए गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं । आपको पहले ही ऐसा करना चाहिए था,परन्तु आज सामने आने पर सब बातें साफ़ हो जायेंगी ।

वृष (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,): आज आपको कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलेंगी । लेकिन चिंता ना करें,सब अच्छी खबरें होंगी । जिन कई चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे थे,वे आज पूरी होने वाली हैं । जिन कोशशों को आप अपनी और से व्यर्थ मान चुके थे,वे अंतत आज सफल होंगी । इसीलिए आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ मनाएं ,हो सकता है कि उनके पास भी आपको सुनाने के लिए कोई अच्छी खबर हो ।

मिथुन (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,): इस बात के लिए अधिक सोच विचार ना करें कि अप्रत्याशित घटनाएँ क्यों हो रही हैं या बहुत देर क्यों हो रही है ? ये आपके भले के लिए भी हो सकता है जिसके फायदे अभी आपको दिखाई नही दे रहे हैं । अपनी बेहतरीन परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग करें । इससे आपको भी अपने रोजमर्रा के नियमित कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी ।

कर्क (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,): आपके पिछले कुछ समय से अपने करियर तथा निजी जीवन सम्बन्धी किये गये प्रयासों का फल मिलने का समय आ गया है । ऐसा घटनाक्रम बनेगा कि आपको कोई बड़ी सफलता हाथ लगेगी । आपको प्रयासों और परिश्रम को आपके सीनियर ध्यान से देखेंगे और वे आपके जबरदस्त समर्थक भी बन जायेंगे । आपके दुश्मन आज असहाय अनुभव करेंगे ।

सिंह (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,): आपका दिमाग आज बहुत सक्रिय है ,आप उर्जा और प्रेरणा से भरे हैं ।आपके दिमाग में नयी योजनायें आती रहेंगी जिन्हें आप आसानी से कार्यान्वित भी कर पायेंगे ।आपकी समस्या आज यही रहेगी की आपके दिमाग में आज लगातार नए विचारों की बाढ़ सी आती रहेगी । आप अपने आसपास के सभी लोगों को भी अधिक प्रेरित कर पायेंगे ।

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आप फिलहाल अपने जीवन की केन्द्रीय समस्या को सुलझाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं । ऐसा भी संभव है कि आप इसे सुलझाने के लिए अपनी सामजिक और वित्तीय जिम्मेदारियों से भी छुट्टी ले लें । हालाँकि आपको यह भी समझना है कि आपके जल्दी मचने से इस समस्या का स्थायी समाधान नही निकलेगा । आपको धीरज से काम लेना होगा ।

तुला (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,): लम्बे समय के बाद आज आपको रहत महसूस होगी । किसी महत्वपूर्ण खबर से ख़ुशी मिलेगी । यदि माता-पिता हैं तो बेटे/बेटी के लिए सुयोग्य वर मिल सकता है । किसी लंबित अदालती मामले का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है । करियर के मामले में छोटे से प्रयास से बड़ी सफलता मिलनी तय है । आज से जिन्दगी वापस पटरी पर आती दिख रही है ,प्रियजनों के साथ खुश रहें ।

वृश्चिक (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,): आप एक आशावादी व्यक्ति हैं और आज यह बात सबको जान्ने देने और इससे लाभ उठाने का दिन है । इससे आपकी छवि एक प्रेरणात्मक वक्ता की बनेगी,जिसकी कोशिश आप लम्बे समय से करते आ रहे हो । समाज में आपके सम्बन्ध जिन लोगों के साथ बहुत अच्छे नही हैं ,उनके साथ भी आपके संबंधों में अब सुधार आना शुरू हो जाएगा ।

धनु (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे): किसी पुराने दोस्त या परिवार के साथ बाहर घुमने जाने या बातचीत का आनंद लें । आपको अपने काम के लिए उन्ही तरीकों पर भरोसा करना चाहिए जो आपके लिए पिछले समय में लाभकारी रहें हैं । आज कोई नया प्रयोग शुरू करना ठीक नही होगा । अगर आप कोई नौकरी या कोई परियोजना हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं तपो पारम्परिक तरीकों से ही कोशिश करें ।

मकर (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी): गृहों की स्थिति ऐसी है कि आपको अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है ,पिछले कुछ समय से आप बहुत अच्छी स्थिति में हैं और फिलहाल ऐसा कुछ भी नही है जो परेशानी पैदा करने वाला दीखता हो । लेकिन आज ऐसी बढ़ाएं और परेशानियां पैदा होने वाली हैं जो आपके काम और मूड दोनों को ही प्रभावित करेंगी । अप्रत्याशित समस्याओं से काम कुछ समय के लिए रुक सकता है ।

कुंभ (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,): आज के दिन आप अपने आसपास सभी को अपनी सोच और किसी भी स्थिति को सही समझने की योग्यता से प्रभावित करेंगे । अपने कार्यस्थल की किसी बड़ी समस्या या किसी दोस्त की परेशानी का बहुत रचनात्मक सा हल निकलकर छा जायेंगे । आपके लिए रोमांचक समय है । आपको किसी का ध्यान अपनी और खीचने की जरुरत नही है,बल्कि लोग खुद आपकी ओर सहायता लेने के लिए आयेंगे ।

मीन (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची): आपके सामने नए अवसर प्रस्तुत होने वाले हैं । आप आज तक अपनी जिस प्रतिभा को केवल हॉबी मानते आये थे,उससे अपनी आजीविका कमा सकते हैं । जीवन के हर क्षेत्र में नए बदलाव होंगे जो आपके जीवन को पूरी तरह बदलकर रख देंगे । आप अपने जीवन से संतुष्ट अनुभव करेंगे ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

धमतरी से कांग्रेस मेयर प्रत्याशी का नामांकन रद्द

तिलक सोनकर को पार्टी बना सकती है प्रत्याशी, बैज बोले- कलेक्टर पर दबाव बनाया, कॉल डिटेल सार्वजनिक हो

बिलासपुर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। धमतरी में कांग्रेस मेयर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन निरस्त हो गया है। भाजपा ने निगम ठेकेदार और लाभार्थी होने पर आपत्ति जताई थी। जिस पर रिटर्निंग ऑफिसर ने दोनों पक्षों को सुना और फिर नामांकन रद्द कर दिया है।

इस पर पीसीसी चीफ बैज ने कहा कि, धमतरी कलेक्टर पर दबाव बनाकर ये काम किया गया है। सीएम हाउस से उनके पास कॉल गया था। सरकार कलेक्टर का कॉल डिटेल सार्वजनिक करे। विजय गोलछा निगम के रजिस्टर्ड ठेकेदार भी नहीं हैं।

अब तिलक सोनकर धमतरी से कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी हो सकते हैं। तिलक सोनकर को पार्टी-बी फॉर्म दे सकती है। नामांकन में केवल तिलक सोनकर ने ही कांग्रेस पार्टी का नाम लिखा है। पार्टी से बी-फॉर्म मिलने पर वे आधिकारिक रूप से कांग्रेस प्रत्याशी बन जाएंगे।

इधर छत्तीसगढ़ में 4 जगह वोटिंग से पहले ही 4 पार्षद भी जीत गए हैं। इसमें बिलासपुर और दुर्ग नगर निगम से 1-1 और कटघोरा नगर पालिका से ही 2 प्रत्याशियों को वॉकओवर मिल गया। यहां कांग्रेस बीजेपी के अलावा कोई और पार्टी

या निर्दलीय प्रत्याशी नहीं उतरा था।

विस्तार से समझिए कैसे मिली जीत-

बिलासपुर वार्ड नंबर 13- यहां से कांग्रेस उम्मीदवार श्याम पटेल ने नामांकन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र ही जमा नहीं किया। जिसके चलते उसका नामांकन निरस्त हो गया और बीजेपी प्रत्याशी रमेश पटेल को वॉकओवर मिल गया।

कोरबा जिले के कटघोरा वार्ड 13- भाजपा प्रत्याशी का एकमात्र नामांकन दाखिल हुआ, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल ही नहीं किया।

कटघोरा के ही वार्ड 18- कटघोरा के ही वार्ड-18 में भी बीजेपी को ही वॉकओवर मिला। यहां कांग्रेस प्रत्याशी ने बुधवार को नामांकन वापस ले लिया।

दुर्ग वार्ड नंबर 21- कांग्रेस प्रत्याशी मीरा सिंह ने नाम वापसी के दिन नामांकन वापस ले लिया। इससे भाजपा प्रत्याशी विद्यावती सिंह निर्विरोध पार्षद निर्वाचित हो गईं। इस वार्ड से भी किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा था।

महापौर पद के लिए 19 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं, पार्षद पद के लिए 165 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। निगम के कुल 40 वार्डों में कड़ी टक्कर है।

दरअसल, नगर निगम के मंगला स्थित वार्ड क्रमांक 13 दीनदयाल नगर में कांग्रेस ने श्याम पटेल को प्रत्याशी बनाया था। जिन्होंने ओबीसी सीट से अपना नामांकन दाखिल किया था। लेकिन, कांग्रेस प्रत्याशी श्याम पटेल ने नामांकन पत्र के साथ अपनी जाति प्रमाणपत्र जमा नहीं किया था।

इस पर भाजपा के प्रत्याशी रमेश पटेल ने आपत्ति दर्ज कराई। इसी तरह इस वार्ड से आम आदमी पार्टी के पार्षद प्रत्याशी नर्मदा पटेल ने भी नामांकन जमा किया था। बुधवार को स्क्रूटनी के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने दोनों के नामांकन को खारिज कर दिया।

इसके बाद अब वार्ड में भाजपा प्रत्याशी रमेश पटेल के अलावा कोई प्रत्याशी नहीं रह गया है। ऐसे में उसका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है।

पार्षद के निर्विरोध निर्वाचन की खबर से भाजपा में उत्साह का माहौल है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने इसे भाजपा का विजय द्वार बताते हुए कहा कि बिलासपुर नगर निगम में पिछले पांच वर्षों के भ्रष्टाचारी नेताओं के लिए इस बार पार्षद प्रत्याशी के लिए कार्यकर्ता खोजना मुश्किल था। यही वजह है कि हड़बड़ी में वे अपने प्रत्याशी से जरूरी दस्तावेज भी पूरा नहीं करा पाए।

बिलासपुर निगम में 30 से 35 कांग्रेस प्रत्याशी ऐसे हैं, जो जबरिया चुनाव मैदान में धकेल दिए गए हैं। वहीं जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि यह अप्रत्याशित घटनाक्रम कांग्रेस की नाकामियों को उजागर करती है। आज प्रमुख विपक्षी पार्टी के पास कोई रणनीति नहीं है। आपसी कलह और हार की निराशा से घिरे हुए कांग्रेस नेता टिकट बांटने के पूर्व उनकी योग्यता पर भी विचार नहीं कर सके।

बुधवार को बिलासपुर के निर्वाचन कार्यालय में महापौर और पार्षद पदों के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के बाद विभिन्न कारणों से पार्षद पद के 6 नाम निर्देशन पत्र निरस्त किए गए। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त प्रेक्षक विनीत नंदनवार की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की जांच की गई।

भिलाई कार ब्लास्ट का आरोपी निकला कंप्यूटर इंजीनियर

पुलिस बोली- कार मालिक से पत्नी का अवैध संबंध का शक, उसकी कंपनी में असिस्टेंट-मैनेजर है महिला

भिलाई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। भिलाई में कार बम ब्लास्ट का आरोपी कार मालिक की कंपनी में काम करने वाली महिला का पति निकला। उसे उसकी पत्नी और मालिक के बीच अवैध संबंध का शक था। इसके चलते सबक सिखाने के लिए उसने उसकी कार में बम लगाकर रिमोट से उड़ा दिया। आरोपी देवेंद्र सिंह कंप्यूटर इंजीनियर है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने घटना के बारे में बताया कि 28 जनवरी की शाम महोबिया बिल्डर्स के संचालक प्रकाश महोबिया के भांजे संजय बुंदेला की कार में किसी ने सुतली बम के बारूद से धमाका किया था। संजय बुंदेला की शिकायत पर स्मृति नगर पुलिस चौकी में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कार को फोरेंसिक से जांच करवाई। अगले दिन 29 जनवरी को पुलिस को पता चला कि संजय बुंदेला की कंपनी में रामनगर की रहने वाली एक असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। महिला का पति देवेंद्र सिंह अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता है और उस पर संजय

बुंदेला के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाता था। मामला दूसरा रूप ना ले इसके चलते महिला को नौकरी से निकाल दिया गया था। बाद में संजय ने महिला की स्थिति पर तरस खाया और उसके कहने पर उसे दोबारा नौकरी पर रख लिया गया। इससे देवेंद्र का शक और बढ़ गया। देवेंद्र ने संजय को कहा था कि वो उसकी पत्नी को नौकरी पर ना रखे। पत्नी पर भी दबाव बनाया था कि वो वहां नौकरी ना करे। जब पत्नी नहीं मानी तो उसने संजय बुंदेला की कार में बारूद फिट कर उसमें ब्लास्ट कर दिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी देवेंद्र कंप्यूटर इंजीनियर है। उसने सुतली बम के बारूद को स्टील की बॉटल में भरकर वायर से कनेक्ट किया। इसके बद उसमें छोटी बैट्री लगाकर उसमें करंट सप्लाई दी। फिर उस विस्फोटक डिवाइस को खिलौने के रिमोट से कनेक्ट किया। इसके बाद बनाए गए रिमोट बम को संजय बुंदेला की कार में लगा दिया।

इसके बाद वहां से दूर गया और रिमोट से विस्फोट कर दिया। धमाका इतना तेज था कि वहां का पूरा एरिया दहल गया था। पुलिस ने जब देवेंद्र को उसके घर से गिरफ्तार किया तो उसने गोलमोल जवाब दिया। इसके बाद पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

थानों में डंप मादक पदार्थों को किया गया नष्ट

पुलिस ने गड्ढा खोदकर बुलडोजर से दबाया

दुर्ग, 30 जनवरी (एजेंसियां)। दुर्ग जिला पुलिस नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में अलग-अलग तरीके के मादक पदार्थों को भी जब्त किया जा रहा है। पिछले कई महीनों से जब्त किए गए मादक पदार्थों के थानों में डंप हो जाने के चलते आज न्यायालय के आदेश के बाद इनका विनष्टीकरण किया गया।

पुलिस अधिकारियों की एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी और भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों की मौजूदगी में भिलाई स्टील प्लांट के अंदर भट्टी के भीतर बारी-बारी से विनिष्टिकरण किया गया। इस करवाई की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। इस कार्रवाई के द्वारा एसपी जितेंद्र शुक्ल, एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी समेत थाना प्रभारी और बीएसपी प्रबंधन के अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस ने विभिन्न थानों में जब्त गांजा, नशीली दवाई और सिरप का अलग स्थानों पर विनिष्टिकरण किया गया। पुलिस ने गांजा को भिलाई स्टील प्लांट के अंदर भट्टी में तो सिरप और दवाई को नेवई थाना क्षेत्र के मरोदा डैम में गड्ढा खोदकर बुलडोजर से कुचलकर दबाया गया।

दुर्ग एएसपी सुखानंदन राठौर ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत दुर्ग जिले में 81 प्रकरण में करीब 242 किलो गांजा, 19 ग्राम हेरोइन, 123 ग्राम, 45 हजार, नशीली टैबलेट, 46 हजार, कैप्सूल 3200 नग सिरप, 210 नग इंजेक्शन का नष्टीकरण किया गया है।

महाकुंभ में भगदड़, यूपी-सीजी बॉर्डर पर श्रद्धालुओं को रोका

रात 12 बजे तक एंट्री बैन, बसंतपुर-धनवार के बीच 12 घंटे तक 15किमी रहा जाम

बलरामपुर\सरगुजा, 30 जनवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ में मची भगदड़ में करीब 40 लोगों की मौत हो चुकी है। 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। प्रयागराज में भीड़ और न बढ़े इसलिए उत्तर प्रदेश-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर श्रद्धालुओं को रोक दिया गया है।

बुधवार शाम से ही करीब 12 घंटे तक ट्रकों और भारी वाहनों को बसंतपुर से धनवार के बीच रोक दिया गया था, जिससे 15 किलोमीटर लंबा जाम लग रहा। हालांकि यातायात बहाल हो गई है। लेकिन कुंभ के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को रोक दिया गया है। सबसे ज्यादा प्रभाव बलरामपुर जिले के धनवार बॉर्डर पर देखने को मिला। बता दें कि सीमावर्ती राज्यों की सीमाओं पर 31 जनवरी रात 12 बजे तक वाहनों की एंट्री पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दी गई है।

बुधवार शाम को सरगुजा आईजी ने कुंभ श्रद्धालुओं की गाड़ियों को

रोकने का आदेश जारी किया। श्रद्धालुओं की गाड़ियों को सूरजपुर जिले के चंदौरा से वापस किया गया। सरगुजा पुलिस ने भारी वाहनों को चंदौरा में ही रोकना शुरू कर दिया था।

स्थानीय यात्री बसों और चार पहिया वाहनों को इससे छूट दी गई। कुंभ यात्रियों के वाहनों को रोका गया। धनवार से लेकर बसंतपुर तक जाम की स्थिति बनने के कारण यूपी के रेनुकूट तक चलने वाली गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से रघुनाथपुर होकर भेजा गया। यूपी से गाड़ियों को आने की छूट है, लेकिन गाड़ियां यूपी सीमा और छत्तीसगढ़ सीमा में जाम में फंस गई थीं। कई किलोमीटर तक लगे लंबे जाम के कारण यात्रियों और श्रद्धालुओं को खाने-पीने के लिए परेशान होना पड़ा, क्योंकि यूपी के बभनी, डाला, राबर्ट्सगंज में जाम की स्थिति थी। फिलहाल अब यातायात बहाल है।

प्रयागराज महाकुंभ में भीड़ प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने सभी सीमावर्ती राज्यों की सीमाओं पर 31 जनवरी रात 12 बजे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दी है। प्रशासन के अनुसार, यह प्रतिबंध महाकुंभ में बढ़ती भीड़ और सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है। 1 फरवरी से वाहनों को प्रयागराज महाकुंभ जाने की अनुमति दी जाएगी। प्रशासन ने यात्रियों से धैर्य बनाए रखने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट मंगलवार और बुधवार की आधी रात को हुई भगदड़ में 35 से 40 लोग मारे गए हैं। हादसे के 17 घंटे बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 लोगों की मौत की पुष्टि की। शाम 6.30 बजे मेला अधिकारी विजय किरण आनंद और डिग वैभव कृष्णा ने 3 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि भगदड़ में मरने वालों में यूपी के सबसे ज्यादा 19, कर्नाटक के 4, गुजरात और असम के एक-एक श्रद्धालु की मौत हुई है।

प्रोफेसर पर हमले का मामला

आरोपी की पत्नी को 15 घंटे थाने में बैठाया दो पुलिसकर्मियों पर एफआईआर के आदेश

भिलाई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। भिलाई के खूबचंद बघेल कॉलेज के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर जानलेवा हमले के आरोपी प्रोबिर शर्मा की पत्नी के पक्ष में कोर्ट ने एक बड़ा आदेश दिया है। आरोपी प्रोबिर शर्मा की पत्नी के वकील ने पुरानी भिलाई के व्यवहार न्यायालय में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा कि आरोपी प्रोबिर शर्मा की पत्नी डॉक्टर पूर्णिमा शर्मा को बिना कारण के पुरानी भिलाई पुलिस ने 15 घंटो तक हिरासत में लेकर थाने में रखा गया था। थाने के सीसीटीवी फुटेज की जांच पर न्यायालय ने पुरानी भिलाई थाना के टीआई महेश ध्रुव और महिला थाना की टीआई श्रद्धा पाठक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए दुर्ग रेंज के आईजी को आदेश दिया है। हाई प्रोफाइल प्रोफेसर हमले के आरोपी प्रोबीर शर्मा की पत्नी डॉक्टर पूर्णिमा शर्मा का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने जब उनके पति को आरोपी बनाया है तो उन्हें क्यों पुलिस द्वारा प्रताड़ित किया गया है। उन्हें काकीनाडा के पीठापुरम से पहले तो बिना महिला आरक्षक के डिटेन कर लाया गया।

झारखंड के रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी

आदित्यपुर बना 'फाइव स्टार' स्टेशन

जमशेदपुर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। आदित्यपुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो गया है। दो प्लेटफार्म वाला यह स्टेशन अब पांच प्लेटफार्म का हो गया है। स्टेशन के प्रवेश द्वार पर एक सुंदर पार्क बनाया गया है। चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम तरुण हुरिया ने नए प्लेटफार्म और भवन का उद्घाटन किया। टाटानगर स्टेशन पर यात्रियों के बढ़ते भार को कम करने के लिए आदित्यपुर स्टेशन को विकसित किया जा रहा है। इससे क्षेत्रीय यात्री सेवाओं में सुधार होगा और आसपास के लोगों को सुविधा मिलेगी।

आदित्यपुर स्टेशन में पहले सिर्फ़ अप और डाउन लाइन के लिए दो प्लेटफार्म थे। विकास कार्यों के तहत तीन नए प्लेटफार्म बनाए गए हैं। इस तरह अब स्टेशन में कुल पाँच प्लेटफार्म हो गए हैं। चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम तरुण हुरिया ने नए प्लेटफार्म और भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने

प्लेटफार्म नंबर 1 और 2 का निरीक्षण भी किया। अधिकारियों से पूरी जानकारी ली और काम की गुणवत्ता देखकर उनकी सराहना की। डीआरएम हुरिया ने बताया कि टाटानगर स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ कम करने के लिए आदित्यपुर स्टेशन को विकसित किया जा रहा है। यह स्टेशन एक मुख्य विकल्प के रूप में काम करेगा। इससे क्षेत्रीय यात्री सेवाओं में सुधार होगा। आसपास के इलाकों के लोगों को आने-जाने में आसानी होगी। भविष्य में यह स्टेशन और भी सुविधाजनक और कारगर साबित होगा। इससे यात्रियों को काफी फायदा होगा।

स्टेशन के विकास से स्थानीय लोगों में खुशी है। उन्हें अब ट्रेन पकड़ने के लिए टाटानगर नहीं जाना पड़ेगा। आदित्यपुर स्टेशन पर ही सभी सुविधाएं मिल जाएंगी। पार्किंग की भी अच्छी व्यवस्था है। साफ-सफाई का भी ध्यान रखा गया है। कुल मिलाकर आदित्यपुर रेलवे स्टेशन अब एक आधुनिक और सुविधाजनक स्टेशन बन गया है।

बच्ची की गला घोंटकर हत्या

बुधवार दोपहर से लापता थी बच्ची, अरहर के खेत में मिला शव, लोगों में आक्रोश

गिरिडीह, 30 जनवरी (एजेंसियां)। गिरिडीह में एक बच्ची की गला घोंटकर हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। बच्ची बुधवार की दोपहर से लापता थी। गुरुवार की सुबह अरहर के खेत से उसका शव बरामद किया गया है। यह पूरा मामला गावां थाना क्षेत्र के पिहरा पूर्वी पंचायत का है। यहां घाघरा गांव की (4) साल की बच्ची बुधवार को गायब हो गई थी। आज सुबह शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और लोग सड़क पर उतरकर उच्च स्तरीय जांच की मांग करने लगे। घाघरा निवासी साजिद अख्तर की (4) वर्षीय पुत्री सायरा उर्फ खुशी बुधवार को घर से खेलने के लिए निकली थी। इसके बाद वह रहस्यमय ढंग से गायब हो गयी। दिनभर परिजन काफी खोजबीन परेशान रहे, आसपास के क्षेत्र में उसे खोज करते रहे, लेकिन सायरा नहीं मिली।

2 हजार से ज्यादा लोगों को घर से उठा ले गए पुलिसवाले

बिना जानकारी राजधानी को बनाया ठिकाना, इन राज्यों के लोगों पर एक्शन

रायपुर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। दुर्ग, कवर्धा के बाद अब राजधानी रायपुर में ऐसे लोगों की पहचान शुरू कर दी गई है। दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ में बिना जानकारी रह रहे लोगों को गुरुवार को थाने में बुलाकर उनसे पूछताछ की गई है। सुबह 4 बजे से रायपुर पुलिस ने लगभग 2 हजार बाहरी संदेहियों को बसों में भरकर पुलिस लाइन लेकर आई। जहां पुलिस ने सभी से पूछताछ की। मौके पर रायपुर एसएसपी समेत पुलिस के आला अधिकारी भी पुलिस लाइन पहुंचे हैं। संदेहियों से पूछताछ की गई और उनके बारे में जानकारी ली गई।

रायपुर पुलिस ने शहर के अलग-अलग थाना इलाकों में बिना मुसाफिरी दर्ज कराए रह रहे लोगों को घरों से उठाया। उसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए थाने लेकर

पहुंची। जिन लोगों को थाने बुलाया गया वह अलग-अलग राज्यों के थे। इनमें से ज्यादातर लोग पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, नार्थ ईस्ट, बिहार, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन लोगों का वेरिफिकेशन किया। पुलिस ने आधार कार्ड मशीन से संदेहियों का डेटा मैच किया। इसके बाद एक-एक करके लोगों को जाने दिया।

मामले की जानकारी देते हुए रायपुर अतरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने बताया कि बाहरी संदिग्ध लोगों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। अगर इनमें से कोई भी वक्ति संदिग्ध पाया जाता है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सभी लोगों का पुलिस ने आधार कार्ड और वेरिफिकेशन किया है। सभी के एक-एक करके पूछताछ की गई है। उनके रायपुर में रहने, काम करने और बाकी पहलुओं को लेकर पूछताछ हुई है। उसके बाद लोगों से वेरिफिकेशन फॉर्म भरवाया गया है।

रायपुर एडिशनल एसपी लखन पटले ने बताया कि हमें जानकारी मिल रही थी कि रायपुर के विभिन्न थाने क्षेत्रों में दूसरे राज्यों से लोग आकर रहे हैं। उनकी जानकारी थानों के पास नहीं थी। हमें जानकारी मिली थी की कई लोग संदिग्ध गतिविधियों में शामिल थे। जिसके बाद हमने गुरुवार को यह अभियान चलाया था। रात में अभियान चलाने पर पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा- सुबह होते ही फेरी वाले और अन्य मजदूर काम करने चले जाते हैं। यही कारण है कि आधी रात से लोगों को संबंधित थाने लाया गया और थाने से बस में बैठ कर उन्हें पुलिस लाइन लाया गया। यहां सभी का वेरिफिकेशन किया गया।

पूर्व डेप्युटी सीएम के बेटे, बहू और पोती की बड़े लड़के ने की थी हत्या

मां ने खोल दिया 'राज', इस कारण हुआ था मर्डर

कोरबा, 30 जनवरी (एजेंसियां)। कोरबा जिला अदालत ने पूर्व उप मुख्यमंत्री प्यारेलाल कंवर के बेटे, बहू और चार वर्षीय पोती की हत्या के आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। हत्या में प्यारेलाल कंवर के बड़े बेटे, उसकी पत्नी, उसके दो साले और साले का एक दोस्त शामिल था। जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा के अतिरिक्त लोक अभियोजक कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बताया कि अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे प्यारेलाल कंवर के बेटे हरीश कंवर, बहू सुमित्रा कंवर और चार वर्षीय पोती याशिका कंवर की हत्या के मामले में न्यायाधीश सुनील कुमार नंदे की अदालत ने प्यारेलाल के बड़े बेटे हरभजन सिंह कंवर, हरभजन की पत्नी धनकुंवर, धनकुंवर के भाई परमेश्वर कंवर और सुरेंद्र कंवर तथा परमेश्वर के दोस्त रामप्रसाद मन्नेवार को आजीवन कारवास की सजा सुनाई है। द्विवेदी ने बताया कि उरगा थाना क्षेत्र के भैसमा गांव में 21 अप्रैल 2021 की सुबह लगभग चार बजे हरीश, हरीश की पत्नी सुमित्रा और बेटी याशिका की हत्या कर दी गई थी। हत्यारों ने तीनों के चेहरे, सिर, गर्दन, मुंह, नाक, कान, पैर पर धारदार हथियार से कई बार हमला किया था। पुलिस छानबीन के समय घर के लोगों के मोबाइल फोन की भी जांच की गई।

कोयला चोरों का हमला, सीआईएसएफ पर पथराव

चोरी की सूचना पर पहुंची थी टीम, दो राउंड हवाई फायरिंग, महिला कॉन्स्टेबल घायल

धनबाद, 30 जनवरी (एजेंसियां)। धनबाद के बीसीसीएल लोदना एरिया में कोयला चोरी को रोकने गई सीआईएसएफ की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। कुजामा आउटसोर्सिंग माइंस में छापेमारी के दौरान हुई इस घटना में एक महिला कॉन्स्टेबल घायल हो गई। आत्मरक्षा में सीआईएसएफ को दो राउंड हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

घटना की जानकारी देते हुए सीआईएसएफ अधिकारियों ने बताया कि आउटसोर्सिंग माइंस से कोयला चोरी की शिकायत मिलने पर टीम छापेमारी के लिए पहुंची थी। टीम को देखते ही कोयला चोरों ने न केवल पथराव शुरू कर दिया, बल्कि रास्ता भी ब्लॉक कर दिया।

आस-पास की बस्तियों से बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सीआईएसएफ को हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

घनुआडीह थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि घटना में घायल महिला कॉन्स्टेबल का इलाज कराया जा रहा है। सीआईएसएफ की ओर से मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है और पुलिस जांच कर रही है।

विशेष चिंता का विषय यह है कि क्षेत्र में कोयला चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं और जब भी सुरक्षा बल कार्रवाई करने जाती है, उन्हें विरोध का सामना करना पड़ता है। हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जो क्षेत्र में कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गई हैं।

झारखंड में 'ठंड' की 'गरमा'गरम' जानकारी

रांची, 30 जनवरी (एजेंसियां)। झारखंड में ठंड से जल्द ही राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान 3-4 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। इससे लोगों को कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिलेगी। हालांकि, सुबह-शाम ठंडी हवाएं चलती रहेंगी। मौसम में उतार-चढ़ाव को देखते हुए, स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। छोटी सी लापरवाही भी बीमारी का कारण बन सकती है। मौसम विभाग ने किसानों को भी कुछ खास सलाह दी है।

रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले तीन दिनों में

तापमान में होगी बढ़ोतरी

न्यूनतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। इसके बाद के दो दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। झारखंड के कई इलाकों में आज हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहेगा। बाद में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। 1 फरवरी तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। यानी ठंड से राहत मिलेगी, लेकिन पूरी तरह से नहीं। सुबह और शाम के समय ठंड का अहसास बना रहेगा। इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है। पिछले 24 घंटों में झारखंड का मौसम शुष्क रहा। राज्य में सबसे अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 4.9 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह के समय कुछ जगहों पर हल्का से मध्यम कोहरा देखा गया। बाद में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहे। अभी भी कई जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही सभी जिलों का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाएगा। बदलते मौसम को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को कुछ महत्वपूर्ण सलाह दी है। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा है कि किसान अपनी खड़ी सब्जियों और फसलों में हल्की सिंचाई करते रहें।

अमेरिका में अवैध अप्रवासियों को निकालने वाला कानून लागू

डिपोर्ट करके क्यूबा के डिटेंशन सेंटर भेजने की तैयारी, ट्रम्प ने एक्ट पर साइन किए

वॉशिंगटन, 30 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को अपने दूसरे कार्यकाल के पहले कानून लेकेन रिले एक्ट पर साइन किए। यह कानून फेडरल अधिकारियों को उन अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लेकर डिपोर्ट करने का अधिकार देता है, जो किसी क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार अपराध करने वाले अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लेकर क्यूबा के ग्वांतानामो-बे डिटेंशन सेंटर भेजने का प्लान बना रही है। व्हाइट हाउस ने कहा- यह एक ऐतिहासिक कानून है, जिसे हम आज लागू कर रहे हैं। यह निर्दोष अमेरिकियों की जान बचाएगा।

ट्रम्प ने 20 जनवरी को शपथ लेने के बाद अवैध अप्रवासियों की एंट्री बैन करने, उन्हें डिपोर्ट करने

और जन्मजात नागरिकता (बर्थराइट सिटीजनशिप) को खत्म करने के लिए एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी किया है। प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक अमेरिका में दुनिया के सबसे ज्यादा अप्रवासी हैं। दुनिया के कुल 20% अप्रवासी अमेरिका में ही रहते हैं। 2023 तक यहां रहने वाले अप्रवासियों की कुल संख्या 4.78 करोड़ थी। ट्रम्प का मानना है कि दूसरे देशों से लोग अवैध तरीके से अमेरिका में घुसकर अपराध करते हैं। अमेरिका में पिछले महीने अवैध अप्रवासियों से डील करने वाली सरकारी संस्था (आईसीई) ने करीब 15 लाख लोगों की एक सूची बनाई थी, जो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं। 18 हजार भारतीय इसी सूची का हिस्सा हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार वहां अवैध रूप से रह रहे अपने सभी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें वापस लाने के लिए ट्रम्प प्रशासन के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अमेरिका में अवैध प्रवासियों के रहने के मामले में भारत का स्थान बहुत मामूली है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा डेटा के मुताबिक साल 2024 में अवैध प्रवासियों में सिर्फ 3% भारतीय नागरिक थे। मेक्सिको, वेनेजुएला और ग्वाटेमाला जैसे लैटिन अमेरिकी देशों की हिस्सेदारी इसमें सबसे ज्यादा है।

हमास ने 3 इजराइली बंधकों को रिहा किया

थाईलैंड के 5 नागरिक भी छोड़े, फिलिस्तीन के 110 कैदियों को रिहा करेगा इजराइल

तेल अवीव, 30 जनवरी (एजेंसियां)। हमास ने गुरुवार को सीजफायर डील के तहत इजराइल के 2 और थाइलैंड 5 के बंधकों को रेड क्रॉस के हवाले कर दिया। इन्हें इजराइल ले जाया जा रहा है। हमास ने आज दो चरणों में बंधकों को रिहा किया। सबसे पहले इजराइली बंधक अगम बर्गर को जबालिया से रिहा किया था। इसके बाद उसे नेत्जारिम कॉरिडोर इलाके में इजराइली सेना के स्पेशल फोर्स के पास ले जाया गया। उन्होंने अगम को गाजा पट्टी से निकाला। इजराइल पहुंचने के बाद अगम को आईडीएफ अगर के स्वास्थ्य जांच के लिए बॉर्डर के पास एक फैसिलिटी सेंटर ले जाया गया। अगम बर्गर इजराइल की निगरानी सैनिक है जिसे 7 अक्टूबर, 2023 के हमले के दौरान नाहल ओज पोस्ट से हमास के लड़ाकों ने किडनैप कर लिया था।

सीरियाई विद्रोही नेता जुलानी ने खुद को राष्ट्रपति घोषित किया

संविधान खत्म कर संसद भंग की, पिछले महीने हुआ असद सरकार का तख्तापलट

दमिश्क, 30 जनवरी (एजेंसियां)। सीरिया के विद्रोही गुट तहरीर अल शाम (एचटीएस) के नेता अबु मोहम्मद अल जुलानी ने बुधवार को दमिश्क में संविधान खत्म कर खुद को राष्ट्रपति घोषित कर दिया। सीरियाई न्यूज एजेंसी साना के मुताबिक कमांडर हसन अब्देलघानी ने कहा कि जब तक देश में पूरी तरह स्थिरता नहीं आ जाती है, तब तक जुलानी राष्ट्रपति पद पर रहेंगे।

अब्देलघनी ने कहा कि सीरिया की संसद भी भंग कर दी गई है। नए संविधान के लागू होने तक राष्ट्रपति एक अस्थायी विधान परिषद का गठन करेंगे। हालांकि इसके लिए कोई समय-सीमा नहीं बताई। अब्देलघानी ने यह भी कहा कि पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की बाथ पार्टी से जुड़े सभी संगठनों और संस्थाओं भंग कर दिया जाएगा। साथ ही उनकी सारी प्रॉपर्टी पर सीरियाई सरकार का कंट्रोल होगा।

पिछले महीने एचटीएस ने सीरिया में तख्तापलट कर

राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही असद खानदान की 54 पुरानी हुकूमत खत्म हो गई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल असद ने भागकर मॉस्को में शरण ली थी।

जुलानी को अहमद अल-शरा नाम से भी जाना जाता है। उसने साल 2000 में उन्होंने मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया। एक लिबरल इस्लाम वाले माहौल में पला-बढ़ा जुलानी जब कॉलेज पहुंचा तो उसका सामना कट्टर इस्लाम वाली विचारधारा रखने वाले लोगों से हुआ।

2003 में जब उसे लगा कि अमेरिका इराक पर हमला करने वाला है तो वह परेशान हो गया और मेडिकल की पढ़ाई छोड़कर जंग लड़ने चला गया। इराक पहुंचकर जुलानी, अल कायदा के संपर्क में आया। जून 2006 में उसे अमेरिकी सेना ने पकड़कर जेल भेज दिया था। जेल में रहने के दौरान जुलानी, बगदादी से जुड़े लोगों के संपर्क में आया। 2011 में जेल रिहा होने के बाद उसने सीरिया में कई हमलों को अंजाम दिया। उसने 2012 में अल कायदा की सीरिया शाखा जबात अल-नुस्र का गठन किया। 2017 में जुलानी ने एक वीडियो जारी कर हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के गठन का ऐलान किया। उसने कहा कि उसके संगठन का किसी बाहरी देश या पार्टी से कोई संबंध नहीं है। उनका एकमात्र मकसद सीरिया को असद सरकार से आजाद कराना है। 2018 में अमेरिका ने एचटीएस को आतंकी संगठन घोषित कर दिया और अल-जुलानी पर 10 मिलियन डॉलर का इनाम भी रखा था। हालांकि तख्तापलट के बाद अमेरिका ने यह इनाम हटा लिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 2016 में जब सीरिया का गृह युद्ध थमा तब से जुलानी अपनी लड़ाकों को मजबूत करने में जुट गया।

कनाडाई एजेंसी बोली-निज्जर की हत्या में भारत का हाथ नहीं

पिछले चुनावों में दखल का आरोप लगाया, भारत बोला- हमारा इसमें कोई रोल नहीं

ओटावा, 30 जनवरी (एजेंसियां)। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने का कोई सबूत नहीं मिला है। यह बात विदेशी हस्तक्षेप पर कनाडा सरकार की तरफ से गठित मैरी जोसी हॉग आयोग ने कही है।

हॉग आयोग की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर गलत सूचनाएं फैलाईं। हालांकि इसमें यह भी साफ कर दिया गया कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों के संबंध को साबित करने को लेकर कोई ठोस लिंक नहीं है।

इस रिपोर्ट में भारत, रूस, चीन और पाकिस्तान को कनाडा के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत ने चुनाव में तीन राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को चुपचाप पैसे से मदद की है। इसके लिए प्रॉक्सी एजेंटों का इस्तेमाल हुआ है। हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय

ने भारत के हस्तक्षेप संबंधी बातों को पूरी तरह से खारिज किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा-हकीकत यह है कि कनाडा भारत के आंतरिक मामलों में लगातार हस्तक्षेप करता रहा है।

सितंबर 2023 में कनाडाई इंटेलिजेंस एजेंसी ने एक रिपोर्ट में दावा किया था कि कनाडा में 2019 और 2021 में हुए 2 चुनावों में चीन ने दखल दिया है। इसमें यह दावा किया गया था कि चीन ने जस्टिन ट्रूडो को चुनाव जिताने में मदद की है। हालांकि चीन ने इससे इनकार कर दिया था लेकिन कनाडा की राजनीति में काफी हंगामा मचा।

इसके बाद विपक्षी नेताओं के दबाव में पीएम ट्रूडो ने मामले की जांच के लिए सितबंर 2023 में हॉग आयोग का गठन किया। इस आयोग का नेतृत्व जस्टिस मैरी-जोसी होग कर रहे थे। इसका गठन इसलिए किया गया कनाडाई चुनावों में विदेशी ताकतों के हस्तक्षेप को लेकर स्थिति साफ हो सके। आयोग ने मंगलवार (28 जनवरी) को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने नवंबर 2023 में देश की संसद में आरोप लगाया था कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय राजनयिक समेत कई लोग शामिल थे। ट्रूडो ने कहा था कि उनके पास इससे जुड़े सबूत भी हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक तनाव बढ़ गया था। भारत ने ट्रूडो और उनकी पार्टी पर खालिस्तानियों को लुभाने के लिए वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया था।

मामले में एक्शन लेते हुए कनाडा की ट्रूडो सरकार ने भारत के एक सीनियर डिप्लोमैट को देश से निकाल दिया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच विवाद बढ़ता चला गया। हालांकि बाद में ट्रूडो ने कई बार भारत से रिश्ते बनाए रखने की बात कही थी।

इजरायल से भी शक्तिशाली होगा अमेरिकी आयरन डोम

ट्रेड वार के साथ स्पेस वॉर की तैयारी में ट्रंप

वॉशिंगटन, 30 जनवरी (एजेंसियां)। पूरी दुनिया में ट्रेड वॉर के हालात पैदा करने वाला अमेरिका अब स्पेस वॉर की तैयारी में जुट गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 27 जनवरी को 'द आयरन डोम अमेरिका' शीर्षक से जिस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, वह इस ओर इशारा कर रहा है कि उत्तर कोरिया, चीन और रूस जैसी विरोधी ताकतों की ओर से विकसित अगली पीढ़ी की उन्नत हाइपरसोनिक, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के हमले से निपटने के लिए अमेरिका उन्हें स्पेस में ही मार गिराने की तैयारी कर रहा है। अगर कभी हालात ऐसे हुए तो यह तय है कि यह स्पेस वार की शुरुआत होगी और नजारा कुछ हालीवुड की फिल्म स्टार वॉर जैसा होगा।

साउथ सूडान में चार्टेड प्लेन क्रैश, 20 लोगों की मौत

इनमें 1 भारतीय भी, चीन की कंपनी ने किराए पर ले रखा था विमान

जूबा, 30 जनवरी (एजेंसियां)। साउथ सूडान के यूनिटी स्टेट में बुधवार को एक प्लेन क्रैश कर गया जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक यह छोटा प्लेन था जिस पर दो पायलट समेत 21 लोग सवार थे। इस प्लेन को चीन की तेल कंपनी ग्रेटर पायनियर ऑपरेटिंग कंपनी ने किराए पर ले रखा था।

यूनिटी राज्य की सूचना मंत्री गैटवेच बिपाल ने कहा कि हादसा स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर हुआ। प्लेन राजधानी जुबा के लिए उड़ान भर रहा था। बिपाल ने कहा कि प्लेन में बैठे सभी लोग ग्रेटर पायनियर ऑपरेटिंग कंपनी के तेल कर्मचारी थे। बिपाल ने कहा कि मृतकों में दो चीन और एक भारत का नागरिक शामिल है।

संयुक्त राष्ट्र के रेडियो मिराया की रिपोर्ट के मुताबिक, ये प्लेन दक्षिणी सूडान की एक

ऑयलफील्ड से उड़ान भर रहा था। प्लेन में तेल कंपनी से जुड़े स्टाफ सवार थे। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि घटना की वजह क्या थी?

फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। वहीं, अधिकारियों ने अभी तक पीड़ितों की पहचान उजागर नहीं की है।

साउथ सूडान को सूडान से साल 2011 में आजादी मिली थी। इसके बाद से यहां पर कई विमान हादसे हो चुके हैं। सितंबर 2018 में राजधानी जुबा से रियोल जा रहा एक चार्टेड प्लेन क्रैश कर गया था। इसमें 19 लोगों की मौत हो गई थी। साल 2015 में राजधानी जुबा से एक रूस निर्मित कार्गो विमान उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

प्लेन के दुर्घटनाग्रस्त होने से 36 लोग मारे गए थे। इसकी वजह विमान की क्षमता से ज्यादा लोगों को बैठाना था।

स्वीडन में कुरान जलाने वाले सलवान मोमिका की हत्या

हमलावरों ने गोली मारी, हत्या के वक्त टिकटॉक पर लाइव था सलवान

स्टॉकहोम, 30 जनवरी (एजेंसियां)। स्वीडन में मस्जिद के सामने कुरान जलाने वाले प्रदर्शनकारी सलवान मोमिका की बुधवार शाम अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। बीबीसी के मुताबिक 38 साल के सलवान को स्टॉकहोम के सोडरटेलजे में एक अपार्टमेंट में गोली मार दी गई। हत्या के समय सलवान टिकटॉक पर लाइव था।

सलवान ने 2023 में कई बार कुरान जलाई थी और पैगंबर की आलोचना की थी। इस वजह से दुनियाभर में स्वीडन के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे। उस पर कुरान के पन्नों पर सुअर का मांस लपेटने, कुरान को पैरों से कुचलने जैसे आरोप भी थे।

सलवान के हत्यारों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और हत्यारों की जांच में जुट गई है।

सलवान और उसके दोस्त सलवान नजीम पर स्वीडन में इस्लाम के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगा था। उनके खिलाफ 16 जनवरी को स्वीडन की अदालत में मुकदमा शुरू हुआ था। 31 जनवरी को इसे लेकर फैसला सुनाया जाना था। आज उसे स्टॉकहोम की जिला कोर्ट में दोनों को पेश होना था। आज कोर्ट में जज गोरान लुंडाहल ने उसकी मौत की पुष्टि की। मौत की खबर के बाद स्टॉकहोम कोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी।

सलवान इराक में असीरियन-अरामी (ईसाई) समुदाय से था। यह ग्रुप इराक में राजनीतिक तौर पर काफी सक्रिय है और अपनी मांग मनवाने के लिए अक्सर हिंसा का सहारा लेता है।

सलवान मोमिका पहले इराकी मिलिशिया में था।

मोमिका का दावा था कि उसके प्रदर्शन इस्लाम धर्म के खिलाफ थे, न कि मुस्लिम लोगों के खिलाफ। उसका कहना था कि वह स्वीडन की जनता को कुरान के संदेशों से बचाना चाहते है। स्वीडिश पुलिस ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के आधार पर उनके प्रदर्शनों की अनुमति दी, लेकिन उनके खिलाफ मामले भी दर्ज किए।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने दिया पाकिस्तान को झटका तो तुर्की और अजरबैजान से याराना बढ़ाने लगे शहबाज

अब 'खलीफा' का इंतजार

इस्लामाबाद, 30 जनवरी (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रोबोवो सुबियांतो से झटका खाने के बाद पाकिस्तान अब तुर्की और अजरबैजान की ओर रुख कर रहा है। यही नहीं, अपने दोनों पारंपरिक सहयोगियों को अपने पाले में लाने के लिए इस्लामाबाद एक कदम और आगे बढ़ा रहा है। इसके पहले इंडोनेशियाई राष्ट्रपति सुबियांतों ने भारत sके गणतंत्र दिवस का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद अपनी इस्लामाबाद यात्रा टाल दी थी। इसे इस्लामाबाद के लिए झटका बताया गया था। अब पाकिस्तान एक बार फिर पुराने दोस्तों की तरफ देख रहा है। बीते सप्ताह अजरबैजान के रक्षा उद्योग मंत्री वुगर मुस्तफायेव ने रक्षा उद्योग में सहयोग की संभावना तलाशने के लिए इस्लामाबाद का दौरा किया था।

जॉर्ज सोरोस के बेटे से मिले मोहम्मद यूनुस

बांग्लादेश के आर्थिक हालात पर चर्चा की ट्रम्प ने पिछले हफ्ते बांग्लादेश की मदद रोकी थी

ढाका, 30 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने अमेरिकी बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस के बेटे एलेक्स सोरोस से मुलाकात की है। दोनों की ये मुलाकात ढाका में ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में हुई। पिछले तीन महीने में यूनुस दूसरी बार एलेक्स से मिले हैं। यूनुस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया बैठक में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधारों पर चर्चा हुई। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक एलेक्स सोरोस ने सुधारों से जुड़े कार्यों के लिए यूनुस की तारीफ भी की।

अमेरिकी सरकार ने बांग्लादेश को दी जाने वाले सभी तरह की मदद पर 26 जनवरी को रोक लगा दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शपथ ग्रहण के बाद दूसरे देशों

की मदद रोकने के फैसले पर साइन किए थे।

इसके बाद रविवार को यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) ने बांग्लादेश में अपनी सभी परियोजनाओं को बंद करने का आदेश दिए। इसे लेकर यूएसएआईडी की तरफ से एक लेटर भी जारी किया गया।

फाइनेंशियल एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्सपर्ट्स को डर है कि बांग्लादेश का आर्थिक मॉडल बुरी तरह फेल हो गया है। वर्ल्ड बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बांग्लादेश के लिए जीडीपी ग्रोथ के पूर्वानुमान को 0.1% घटाकर 5.7% कर दिया है। महंगाई दर 10% के करीब पहुंच गई है। अमेरिकी मदद बंद होने से बांग्लादेश की मुसीबत और ज्यादा बढ़ सकती हैं।

लगातार बढ़ता बजट घाटा, घटता विदेशी मुद्रा भंडार, करेंसी की वैल्यू में गिरावट और बढ़ती आय असमानता जैसे संकट पहले से बांग्लादेश के लिए मुश्किल पैदा कर रहे हैं। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था तेजी से नीचे गिर रही है। 5 अगस्त को शेख हसीना का तख्तापलट होने के बाद से 10 लाख से ज्यादा लोग बेरोजगार हो चुके हैं। आर्थिक संकट की वजह से उद्योग धंधे ठप हो रहे हैं। बांग्लादेश की आबादी के एक बड़े हिस्से को भयंकर अकाल का सामना करना पड़ सकता है।

ट्रंप सरकार में नियुक्ति के लिए आज सीनेट के सामने पेश होंगी तुलसी गबार्ड

वॉशिंगटन, 30 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सरकार में तुलसी गबार्ड और कश पटेल को अहम जिम्मेदारियों के लिए नामित किया है। अब इन पदों पर नियुक्ति की पुष्टि के लिए दोनों नेता गुरुवार को सीनेट के सामने पेश होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों नेताओं को पुष्टि के लिए सीनेट सांसदों के कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के बहुमत को देखते हुए दोनों की नियुक्ति की पुष्टि होने के आसार हैं। ट्रंप ने तुलसी गबार्ड को अपनी सरकार में यूएस नेशनल इंटेलीजेंस का निदेशक नामित किया है। गुरुवार को गबार्ड सीनेट की खुफिया मामलों की समिति के सामने पेश होंगी, जो उनकी नियुक्ति पर अंतिम मुहर लगाएगी। तुलसी गबार्ड अमेरिकी सेना के नेशनल गार्ड विभाग में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं और दो बार पश्चिम एशिया में भी तैनात रही हैं। तुलसी गबार्ड साल 2020 में अमेरिका के राष्ट्रपति पद की रेस में भी शामिल थीं, लेकिन वे सफल नहीं हो सकीं थी। तुलसी गबार्ड के पास खुफिया विभाग में काम करने या कोई भी सरकारी एजेंसी का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। इसके चलते तुलसी को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

अमेरिका में प्लेन-हेलिकॉप्टर क्रैश, 67 लोगों के मौत की आशंका

अब तक 30 शव मिले, टक्कर के बाद 3 टुकड़े हुए, नदी में गिरा

वॉशिंगटन, 30 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बुधवार रात करीब 9 बजे एक यात्री विमान और एक हेलिकॉप्टर टकरा गए। क्रैश के बाद दोनों पोटोमैक नदी में गिर गए। प्लेन में 4 क्रू मेंबर समेत 64 लोग सवार थे। वहीं हेलिकॉप्टर में 3 लोग थे। इन सभी लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है।

हादसे के बाद अमेरिकी एयरलाइंस का प्लेन पोटोमैक नदी में तीन टुकड़ों में पड़ा मिला। सीबीएस न्यूज के मुताबिक अब तक 30 शव बरामद कर लिए गए हैं। वॉशिंगटन के फायर डिपार्टमेंट के प्रमुख जॉन डोनेली ने हादसे पर दिए बयान में कहा कि हादसे में अब कोई जीवित बचा होगा, उन्हें इसकी उम्मीद नहीं है।

जॉन डोनेली ने बताया कि पानी में सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन

जारी है। पानी काफी गहरा और मटमैला है। इससे गोताखोरों को गोता लगाने में कठिनाई आ रही है। रेस्क्यू में कई दिनों का वक्त लग सकता है।फिलहाल एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें और लैंडिंग रोक दी गई हैं। वॉशिंगटन के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक घटना रोनाल्ड रीगन एयरपोर्ट के पास हुई। हादसा यूएस एयरलाइन्स के सीआरजे700 बॉम्बार्डियर जेट और सेना के ब्लैक हॉक (एच-60) हेलिकॉप्टर के बीच हुआ। अमेरिकन एयरलाइन्स का जेट कंसास राज्य से वॉशिंगटन आ रहा था। रूसी न्यूज एजेंसी टीएएसएस के मुताबिक प्लेन में रूस के दो फिगर स्केटर्स येवगेनिया शिश्कोवा और वादिम नौमोव भी सवार थे। दोनों ने 1994 में वर्ल्ड चैंपियनशिप भी जीती थी। दोनों शादीशुदा थे। वे कई साल से अमेरिका में रह रहे थे और आइस स्केटर्स को ट्रेनिंग देते थे। टीएएसएस ने आशंका जताई है कि शिश्कोवा और नौमोव के बेटे मैक्सिम भी उसी प्लेन में हो सकते हैं। इससे पहले व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लीविट ने बताया था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हादसे के बारे में जानकारी दी गई है। ट्रम्प लगातार इस पर नजर बनाए हुए हैं। राष्ट्रपति ने लोगों से शांत रहने और अधिकारियों को रेस्क्यू के लिए निर्देश दिए हैं। सीएनएन के मुताबिक लोगों के रेस्क्यू के लिए गोतोखोरों को पोटोमैक नदी में उतारा गया है। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक प्लेन हादसे के बाद पानी में जिंदा बचे पैसेंजर्स को लिए खतरा हो सकता है। वॉशिंगटन का तापमान जीरो डिग्री के आसपास चल रहा है।

तय समय से ज्यादा समय तक अमेरिका में रहे सात हजार भारतीय छात्र

यूएस संसद में पेश रिपोर्ट में दावा

वाशिंगटन, 30 जनवरी (एजेंसियां)। भारत से अमेरिका जाकर अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि 2023 में भारत से 7,000 से अधिक छात्र अमेरिका में अपने निर्धारित समय से अधिक समय तक रुके है। यह जानकारी सेंटर फॉर इमिग्रेशन स्टडीज की जेसिका एम वॉन ने अमेरिकी हाउस कमेटी को दी। उन्होंने बताया कि दुनिया के 32 देशों में छात्र और विनिमय आगंतुकों के अमेरिका में तय समय से अधिक रुकने की दर 20 प्रतिशत से भी ज्यादा है। विशेष रूप से, एफ-1 और एम-1 वीजा धारक, जो शैक्षिक और व्यावसायिक कामो के लिए आते हैं, इनमें सबसे ज्यादा लोग तय समय से अधिक रुकते हैं। वॉन ने अमेरिकी हाउस कमेटी को ये भी बताया कि ब्राजील, चीन, कोलंबिया और भारत जैसे देशों में हजारों लोग अपनी वीजा अवधि से ज्यादा समय तक अमेरिका में रहते हैं और भारत से आने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है, करीब 7,000 से भी ज्यादा। उन्होंने इसके अलावा अमेरिका की आव्रजन नीतियों में सुधार की आवश्यकता की बात की, जिसमें एच-1बी वीजा जैसे कार्यक्रमों में सुधार की भी सिफारिश की गई है।

साथ ही वॉन ने अमेरिकी हाउस कमेटी को बताया कि वीजा जारी करने की नीतियों में समायोजन की ज़रूरत है और आंतरिक प्रवर्तन को मजबूत करने की भी। इसके अलावा भी उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कई महत्वपूर्ण तरीकों से कानून में संशोधन करना चाहिए।

सरकार ने 20 जिलों के कुल 5897 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया

प्रभावित किसानों को मदद और आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सके

जयपुर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने किसानों के लिए एक अहम कदम उठाया है। ओलावृष्टि के कारण खरीफ फसलों में 33 प्रतिशत से अधिक खराबा होने के बाद, इन प्रभावित गांवों के किसानों को कृषि-आदान अनुदान वितरण किया जाएगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मानसून 2024 में बाढ़ और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करने के बाद लिया गया। राज्य सरकार ने 20 जिलों के कुल 5897 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया है, जिससे प्रभावित किसानों को मदद मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने में सहायता हो सके। इसके बाद सरकार ने और भी गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया है।

राजस्थान सरकार ने एक आदेश जारी कर खरीफ फसलों में ओलावृष्टि से 33 फीसदी से अधिक खराबा होने के कारण प्रभावित कृषकों को कृषि-आदान अनुदान वितरण करने के लिए हनुमानगढ़ जिले के 9 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया है।

आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के संयुक्त शासन सचिव भगवंत सिंह ने बताया कि राजस्थान एफेक्टेड एरियाज(सस्पेंशन ऑफ़ प्रोसिडिंग्स) एक्ट 1952 के तहत जिला कलक्टर हनुमानगढ़ द्वारा खरीफ फसल सम्वत-2081(वर्ष-2024) में हुई ओलावृष्टि से खरीफ फसलों में खराबे की

गिरदावर रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार ने हनुमानगढ़ की संगरिया तहसील के 9 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया है।

20 जिलों के 5897 गांवों को घोषित किया अभावग्रस्त, देखें जिला अनुसार गांवों की संख्या

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदनशील निर्णय लेते हुए खरीफ सीजन में बाढ़ एवं ओलावृष्टि से प्रभावित 21 जिलों के किसानों को एसडीआरएफ से कृषि आदान अनुदान वितरण करने की मंजूरी दी है। इसके लिए 20 जिलों के 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल खराबे वाले 5897 गांव अभावग्रस्त घोषित किए गए हैं। मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील निर्णय से प्रभावित किसानों को बड़ा संबल मिलेगा। इस निर्णय के उपरान्त अब आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग द्वारा इस बारे में अधिसूचना जारी की जाएगी।

नियमित गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर लिया यह निर्णय

मुख्यमंत्री ने मानसून वर्ष 2024 (संवत 2081) में बाढ़ और ओलावृष्टि से खरीफ फसलों के खराबे के आकलन के लिए गिरदावरी के निर्देश दिए थे और जिला कलक्टरों से प्राप्त की नियमित गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।

जिले अनुसार देखें गांवों की संख्या

प्रदेश के बून्दी जिले के 486, नागौर जिले के 67, धौलपुर जिले के 58, झालावाड़ जिले के 61, सवाई माधोपुर के 2, बारां के 1, अजमेर के 592, भरतपुर के 418, कोटा के 345, टोंक के 865, बीकानेर के 45, बांसवाड़ा के 817, बालोतरा के 10, फलौदी के 207, पाली के 155, हनुमानगढ़ के 49, डीग के 258, जोधपुर के 262, ब्यावर के 626, भीलवाड़ा के 564 एवं हनुमानगढ़ जिले के 9 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया गया है। इन गांवों में खराबे से प्रभावित किसानों को एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार कृषि आदान अनुदान वितरण किया जाएगा। साथ ही, श्रीगंगानगर के 2 गांवों में 33 प्रतिशत से अधिक फसल खराबे वाले व्यक्तिगत कृषकों को कृषि आदान अनुदान भुगतान वितरण की अनुमति प्रदान की गई है।

लिटरेचर फेस्टिवल में बोले जावेद अख्तर- अंग्रेजी सीखना जरूरी

लेकिन मातृभाषा से कट जाना गलत

जेलएफ फेस्टिवल में जावेद अख्तर और अभिनेता अतुल तिवारी

जयपुर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के पहले दिन साहित्यकार-गीतकार जावेद अख्तर ने मातृभाषा पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मातृभाषा पर जोर देते हुए कहा कि अंग्रेजी की पढ़ाई के साथ मातृभाषा भी बहुत जरूरी है। साथ ही जावेद अख्तर ने मंच पर 'सीपियां' बुक भी लॉन्च की। इस दौरान साहित्यकार-समाजसेवी सुधा मूर्ति और अभिनेता अतुल तिवारी भी मौजूद रहे।

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान होटल क्लार्क्स आमेर के फ्रंट लॉन में सुबह 11 बजे ज्ञान-सीपियां, पर्ल्स ऑफ विजडम' सत्र का आयोजन हुआ। इस मौके पर गीतकार जावेद अख्तर ने कहा कि आज के दौरे में बच्चे अंग्रेजी मीडियम स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं। लेकिन, मैं अंग्रेजी की जरूरत से इनकार नहीं कर रहा हूं। क्योंकि आज के दौर में अंग्रेजी सीखना जरूरी है। लेकिन, अपनी मातृभाषा से कट जाना गलत है।

दोहों के इस्तेमाल पर भी चर्चा

जावेद अख्तर ने अभिनेता अतुल तिवारी के साथ भारतीय परंपरा व दोहों के इस्तेमाल पर भी चर्चा की। जावेद अख्तर ने कहा कि टूटे फिर न जुटे, जुटे गांठ पड़ जाए, यहां चटकाय शब्द का ही प्रयोग किया।

जिस पर अभिनेता अतुल तिवारी ने पूछा कि कबीर, रहीम, वृंद, तुलसी के ही दोहे आपने किताब में चुने हैं। बाकी कवियों के दोहे कब लेकर आएंगे? इस पर अख्तर ने कहा कि यह जिम्मेदारी मैं आपको देता हूं। साथ ही कहा कि जो दोहे आज के जीवन से जुड़े हुए है, उन्हें ही मैंने शामिल किया है।

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का शानदार आगाज

पिंकसिटी जयपुर में आज पांच दिवसीय जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का शानदार आगाज हुआ। संजय के रॉय और अन्य अ तिथियों ने सुबह 10 बजे दीप प्रज्जवलित कर फेस्टिवल का उद्घाटन किया। खास बात ये है कि लिटरेचर फेस्टिवल में इस बार राजस्थानी संस्कृति की झलक भी देखने को मिल रही है।

भीषण अग्निकांड

ड्राइवर जिंदा जला, खलासी ने कूदकर बचाई जान

अजमेर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। अजमेर में किशनगढ़-नसीराबाद पुलिया के पास एक भीषण अग्निकांड हो गया। जानकारी के अनुसार दो ट्रेलरों के बीच भिड़ंत हो जाने से भीषण आग लग गई। इस आग में एक के जिंदा जलने की पुष्टि हुई है। आग इतनी भयंकर थी कि घटनास्थल पर आसपास के इलाके में धुएं का गुबार छा गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत की जा रही है। आग को बुझाने के बाद मृतकों के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी लेकिन फिलहाल एक व्यक्ति के आग में जिंदा जलने की खबर है। वहीं घायलों का अजमेर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। अग्निकांड के कारण किशनगढ़-नसीराबाद पुलिया क्षेत्र में भारी ट्रैफिक जाम लग गया। हादसे के कारण कई किलोमीटर तक सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटनास्थल पर पुलिस और अग्निशमन विभाग का जाप्ता तैनात है और राहत कार्य जारी हैं।

तेल टैंकर सहित 3 वाहनों में जबरदस्त भिड़ंत, एक की मौत

भरतपुर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के भरतपुर जिले में आज सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेल

टैंकर सहित तीन वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

गहनौली थाना पुलिस के मुताबिक हादसा आज सुबह भरतपुर-धौलपुर नेशनल हाईवे पर गांव जंगी नगला के पास हुआ। जहां कोहरे की वजह से ट्रक चालक को सामने वाहन नहीं दिखाई दिया और अचानक चावल से भरा ट्रक सामने चल रहे टैंकर में जा घुसा। तभी सामने से आ रहा सीमेंट से भरा ट्रक भी टकरा गया। हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, एक ड्राइवर घायल हो गया।

नेशनल हाईवे पर लगा जाम

हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। ऐसे में वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने क्रेन की मदद से तीनों वाहनों को सड़क से हटवाया। इसके बाद यातायात सुचारू

टक्कर के बाद ट्रक में फंसकर 500 मीटर तक घिसटती चली गई बाइक

पूर्व सरपंच सहित दो की दर्दनाक मौत

चित्तौड़गढ़, 30 जनवरी (एजेंसियां)। जिले के गंगरार थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में पूर्व सरपंच सहित कुल दो लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भयावय था कि पूर्व सरपंच सहित उसके साथी के शरीर का शरीर बुरी तरह क्षतविक्षत हो गया। ट्रक ने बाइक को पीछे टक्कर मारी और उसके बाद में ट्रक में फंसी बाइक करीब 500 मीटर तक घिसटती चली गई। आजोलिया का खेड़ा सहित आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंचे और गंगरार थाना पुलिस को सूचना दी।

तुम्बडिया के पूर्व सरपंच लादूलाल पंवार अपने साथी धुंवालिया निवासी रामसिंह में साथ बाइक से जा रहे थे। गंगरार थाना इलाके में आजोलिया का खेड़ा के पास पीछे से आए ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। बाद में ट्रक के नीचे बाइक फंस गई। इससे लादूलाल और राम सिंह ट्रक और बाइक के बीच में फंसकर करीब 500 मीटर तक घीसटते चले गए। आजोलिया का खेड़ा में हाईवे स्थित होटल पर बैठे युवकों ने हादसा देखा तो पीछे दौड़े। इस पर चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया। हादसे में पूर्व सरपंच और साथी की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर गंगरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों मृतकों के शव गंगरार चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है।

तुम्बडिया निवासी लादूलाल पंवार पूर्व सरपंच एवं वर्तमान जीएसएस अध्यक्ष लादू हैं। इधर, गंगरार थाना पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है। गुरुवार को शव के पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिए। आजोलिया का खेड़ा निवासी सुभाष शर्मा ने बताया कि चिकित्सीय स्थित एक होटल पर बैठे युवकों ने यह हादसा देखा था। करीब आधा किलोमीटर जाने के बाद चालक ट्रक मौके पर ही छोड़ कर भाग गया था। दोनों ही मृतकों के शव बुरी तरह से बिखर गए थे।

दीवार तोड़कर कमरे में घुसा ट्रेलर

धमाके की आवाज सुनकर सहमे ग्रामीण, सोते हुए दंपति को रौंदा, पति की दर्दनाक मौत

नागौर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर स्थित बिचपुड़ी गांव में मंगलवार रात में एक ट्रेलर मौत बनकर दौड़ा। डिवाइडर से अनियंत्रित होकर तेज गति से दौड़ता ट्रेलर एक मकान की दीवार तोड़कर अंदर घुस गया। ट्रेलर ने मकान में गहरी नींद सो रहे बुजुर्ग दंपति को रौंद दिया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर घायल हो गई। उसे ग्रामीण निजी वाहन से मेड़ता चिकित्सालय ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अजमेर रेफर किया।

जानकारी के अनुसार रात साढ़े 11 बजे के करीब बिचपुड़ी निवासी बक्साराम विश्नोई (61) के राजमार्ग के पास स्थित मकान में तेज गति से दौड़ता ट्रेलर घुस गया। ट्रेलर ने घर में सो रहे बक्साराम व उसकी पत्नी जड़ावली देवी (61) को रौंद दिया। दोनों के घायल हालत में

मेड़तासिटी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाने पर चिकित्सकों ने बक्साराम को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल जड़ावली देवी को अजमेर रेफर किया।

दुर्घटना की सूचना मिलने पर मेड़ता वृत्ताधिकारी रामकरण , मेड़तारोड़ थानाधिकारी ऊर्जाराम विश्नोई, रेण चौकी प्रभारी प्रकाश ताण्डी, परिवहन अधिकारी असगर अली खां, मेड़ता वृत्त निरीक्षक धर्मेश सहित कुचेरा व गोटन से पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा।

ट्रेलर की गति इतनी तेज थी कि करीब 200 मीटर तक सड़क से नीचे दौड़ता रहा। मकान के आगे लगा नीम का पेड़ टूटकर ट्रेलर के ऊपर चढ़ गया। मकान के बाहर बने टॉयलेट व चारदीवारी को तोड़ते हुए ट्रेलर ने कमरे को तोड़कर अन्दर सो रहे बुजुर्ग दम्पती को कुचल दिया।

मकान में घुसे ट्रेलर को ग्रामीणों ने निकालने से मना कर उसके मालिक को मौके पर बुलाने की मांग रखी। थानाधिकारी ऊर्जाराम बिश्नोई, अशोक भाम्बू व अधिकारियों के समझाइश कर ट्रेलर निकालने के लिए राजी किया। उसके बाद क्रेन बुलाकर ट्रेलर को मकान से बाहर निकाला गया।

हाईकोर्ट एलडीसी पेपर लीक

तीन अभ्यर्थियों को एसओजी ने पकड़ा ब्लूटूथ के जरिए कर रहे थे नकल

बीकानेर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। हाईकोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा 2022 के पेपर लीक मामले में एसओजी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बीकानेर से तीन अभ्यर्थियों द्रोपती सिहाग, उमेश तंवर और राकेश कस्वां को दबोचा है। इन पर परीक्षा में ब्लूटूथ के जरिए नकल कर सरकारी नौकरी हासिल करने की कोशिश का आरोप है। एसओजी की जांच में सामने आया है कि इस पूरे फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड पोरव कालेर था, जिसने गिरफ्तार अभ्यर्थियों को पहले ही पेपर पढ़ा दिया था। इसके बाद परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस की मदद से उन्हें उत्तर बताए गए। एसओजी की टीम इस घोटाले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। अब तक की जांच में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह बड़े स्तर पर परीक्षाओं में धांधली कर अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरियां दिलाने के नाम पर मोटी रकम वसूल रहा था।

बीकानेर के रहने वाले इन अभ्यर्थियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। यदि इनके खिलाफ आरोप साबित होते हैं, तो परीक्षा में इनकी उम्मीदवारी रद्द होने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। एसओजी की इस कार्रवाई के बाद परीक्षा प्रणाली में धांधली को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। यह मामला भर्ती परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों की गंभीरता को उजागर करता है।

कोर्ट ने सुनाई अनूठी सजा: 2 साल तक सरकारी अस्पताल में करनी होगी अवैतनिक साफ-सफाई

झुंझुनू, 30 जनवरी (एजेंसियां)। झुंझुनूं के बाल न्यायालय ने विधि से संघर्षरत दो बालकों को दो साल तक अस्पताल में साफ-सफाई का कार्य करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने दोनों पर दस-दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सेशन न्यायाधीश दीपा गुर्जर ने बालक 'ए' और 'पी' को हिंसा करने और कैंपर गाड़ी से टक्कर मारकर वैन को क्षतिग्रस्त करने के मामले में यह निर्णय सुनाया। न्यायालय ने दोनों बालकों को आदेश दिया कि वे अगले दो वर्षों तक राजकीय चिकित्सालय के वार्ड, किचन और अन्य स्थानों पर अवैतनिक साफ-सफाई का कार्य करेंगे। इस दौरान उन्हें फर्श पर पोछा लगाने का काम भी सौंपा जाएगा। यह कार्य एक सप्ताह में कम से कम 30 घंटे का होगा। दोनों बालक यह कार्य सीएमएचओ के निर्देशन एवं देखरेख में करेंगे। इसकी रिपोर्ट हर तीन महीने में सीएमएचओ व परिवीक्षा अधिकारी को न्यायालय में पेश करनी होगी।

मामला 7 मई 2020 का है। संदीप कुमार ने बगड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 2020-21 में ग्राम पंचायत प्रतापपुरा के शराब ठेके का लाइसेंस उसके नाम था। मुख्य दुकान झुंझुनूं रोड पर मठ बस स्टैंड के पास है। वह 7 मई 20 की सुबह रवींद्र व सैल्समेन मंजीत सिंह के साथ ठेके पर आया। जैसे ही दुकान खोली, वहां तीन बिना नंबरों की कैंपर गाड़ी आई।इनमें बैठे लोगों ने आते ही उन तीनों पर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरू कर दी। फिर उन्होनें दुकान मे घुसकर कांउटर पर रखी शराब की बोतलों में तोड़फोड़ की तथा पिस्टल दिखाकर बिक्री के डेढ लाख रुपए भी ले गए।

पाइप लाइन कनेक्शन को लेकर खूनी संघर्ष

1 को गोली लगी, दर्जनभर घायल

अलवर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। अलवर मालाखेड़ा थाना क्षेत्र के खेड़ली पिचनोत गांव में पानी की पाइप लाइन कनेक्शन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पहले सुबह मामूली कहासुनी हुई, लेकिन दोपहर बाद मामला इतना बढ़ गया कि फायरिंग तक हो गई। गोली लगने से भगवान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक दर्जन से अधिक महिला-पुरुष जख्मी हुए हैं।

गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की लाइन बिछाई जा रही थी, जिसे लेकर सरपंच और जलदाय विभाग की लापरवाही के कारण विवाद शुरू हुआ। सुबह ग्रामीणों ने मामला शांत करा दिया, लेकिन दोपहर बाद फिर टंकी से पानी की नली दबाने को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले और फायरिंग हो गई। आरोप है कि सरपंच तथा जलदाय विभाग की लापरवाही से यह आपसी झगड़ा हुआ है।

घायलों की स्थिति

गोली लगने से भगवान सिंह गंभीर रूप से घायल हुए, जिनका इलाज अलवर में चल रहा है। इसके अलावा, जितेंद्र सिंह, मीना कंवर, दशरथ सिंह, लक्ष्मीबाई, महावीर सिंह, सत्यवीर सिंह, भरत सिंह, जय सिंह, जगदीश सिंह, सीताराम, दीनदयाल, वीरू सिंह और रसाल कंवर सहित कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी को पहले मालाखेड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर घायलों को अलवर रेफर कर दिया गया।

परिवार के ही लोग बने दुश्मन

बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष एक ही दादा की संतान हैं, लेकिन पानी की नली को लेकर रंजिश इतनी बढ़ गई कि परिवार के लोग ही एक-दूसरे के खून के प्यासे बन गए।

भगवान सिंह के पुत्र भरत सिंह ने आरोप लगाया कि उनका बिजली कनेक्शन सरकार ने कर दिया था, जिसे लेकर दूसरे पक्ष के लोग पहले से नाराज थे। आज पानी के विवाद पर उन्होंने मिलकर हमला कर दिया और उनके पिता को गोली मार दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों का इलाज जारी है।

अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

पुलिस स्पेशल टास्क फोर्स ने की कार्रवाई

अजमेर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अजमेर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान व निष्कासन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। एसपी वंदिता राणा के निर्देशन में गठित टीम ने दरगाह क्षेत्र और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाकर 25-30 संदिग्ध खानाबदोश व्यक्तियों को डिटेन किया। दरगाह थानाधिकारी दिनेश कुमार जीवनानी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बाग्लादेशी नागरिकों को डिटेन करने के लिए जिला पुलिस और सीआईडी जोन की विशेष टीमों का गठन किया गया है।

इसके बाद अवैध रूप से अजमेर शहर में बसे बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ के लिए सघन अभियान चलाया गया है। गठित टीम की ओर से अभियान के दौरान मुखबिरान से आसूचना संकलन कर, तकनीकि साधानों एवं विभिन्न जानकारीयों एवं सघग्न तलाश के आधार पर दरगाह क्षेत्र जालियान कब्रिस्तान, अन्दकोट, नई सडक व दरगाह के अन्य संभावित क्षेत्र में रह रहे संदिग्ध करीब 25-30 खानाबदोश व्यक्तियों को डिटेन कर पुछताछ की गई।

दरगाह थानाधिकारी दिनेश कुमार जीवनानी ने बताया कि दो व्यक्तियों ने अवैध रूप से चोरी छिपे बार्डर क्रॉस कर अनाधिकृत रूप से भारत में प्रवेश कर अलग-अलग स्थान/क्षेत्र में रहते हुए दरगाह क्षेत्र में पहुंच कर खानाबदोश के रूप में निवास करना पाया गया। उक्त दोनों शख्स ने स्वयं को बांग्लादेशी होना पूछताछ में स्वीकार किया। उक्त दोनों अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को पूर्व में भी वर्ष 2012 में डिटेन कर बांग्लादेश भिजवाया गया था। उक्त दोनों शक्स से गहनता से पूछताछ जारी है।

गांव के 3 लड़कों का गंदा खेल, लड़कियों की फोटो दिखाकर धोखाधड़ी, बना लिए आलीशान घर

चूरू, 30 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के चूरू के सादुलपुर के सिद्धमुख थाना क्षेत्र के गांव धानौठी छोटी से पुलिस की ओर से दबिश देकर ऑस्ट्रेलिया की स्कोका वेबसाइट पर ठगी करने के मामले में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को तीन दिन के लिए पुलिस रिमांड सौंप दिया। चूरू के गांव धानौठी छोटी, जहां आईपीएस अधिकारी निश्चिय प्रसाद के नेतृत्व में जब पुलिस ने दबिश देकर सर्च अभियान चलाया तो गांव में एकाएक हड़कंप मच गया। एकबारगी को ग्रामीणों के समझ में ही नहीं आया कि माजरा क्या है, लेकिन जब ऑस्ट्रेलिया की स्कोका वेबसाइट पर ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया तो वे आश्चर्यचकित रह गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार आरोपी विदेशी व्यक्तियों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सहायता से ऑस्ट्रेलिया की स्कोका वेबसाइट पर लड़कियों की फोटो डालकर फर्जी एस्कॉर्ट सर्विस प्रोवाइड करवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर बेइमानी पूर्वक रुपए हड़पने जैसे अवैध कार्य में संलग्न रहे। आईपीएस अधिकारी निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि मामले में आरोपी नरेंद्र कुमार उम्र 28 साल, अनिल कुमार उम्र 30 साल निवासी धानौठी छोटी पुलिस थाना सिधमुख तथा महेंद्र कुमार उम्र 30 साल निवासी चैनपुरा छोटा पुलिस थाना सिधमुख जिला चूरू को गिरफ्तार कर किया है।

डोमिसाइल संबंधी फैसले से चिकित्सा शिक्षा पर पड़ेगा असर

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यों में अधिवास आधारित आरक्षण को अनुचित घोषित करने वाले सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, जिन्होंने नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और एमबीबीएस तथा सुपर-स्पेशियलिटी मेडिकल सीटों की संख्या बढ़ाने में भारी निवेश किया है। पिछले दशक में, पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पिछली बीआरएस सरकार ने 33 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए। चिकित्सा बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के परिणामस्वरूप, तेलंगाना राज्य में पीजी स्पेशलिटी सीटें बढ़कर लगभग 3,000 स्पेशलिटी सीटें हो गई हैं। 3,000 पीजी मेडिकल सीटों में से लगभग 50 प्रतिशत तेलंगाना राज्य के राज्य कोटे के अंतर्गत आती हैं। तेलंगाना में निवास करने वाले छात्र आमतौर पर इन 1,500 पीजी सीटों को प्राथमिकता देते हैं, क्योंकि उन्हें विशेष चिकित्सा पाठ्यक्रम करने के लिए अन्य भारतीय राज्यों की यात्रा नहीं करनी पड़ती है। हालांकि, बुधवार को शीर्ष निकाय के फैसले ने इन 1,500 पीजी मेडिकल सीटों को अन्य भारतीय राज्यों के छात्रों के लिए खोल दिया है।

चिकित्सा शिक्षा विशेषज्ञों ने समझाया कि फैसले ने पीजी प्रवेश के लिए निवास-आधारित आरक्षण को पूरी तरह से हटा दिया है। इसका मतलब है कि तेलंगाना राज्य अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ-साथ अपनी सरकारी मेडिकल पीजी सीटों का 50 प्रतिशत केवल अपने छात्रों के लिए आरक्षित नहीं कर सकता है। कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य समेत सभी दक्षिण भारतीय राज्यों में कुल मिलाकर 20,000 से ज़्यादा पीजी मेडिकल सीटें हैं। इन 20,000 पीजी मेडिकल सीटों में से 50 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा हैं जबकि शेष 50 प्रतिशत राज्य कोटा हैं।

विशेषज्ञों ने कहा कि इससे पहले, राज्य कोटे के तहत 50 प्रतिशत पीजी मेडिकल सीटें स्थानीय छात्रों के लिए आरक्षित थीं। हालांकि, अब ये सीटें सभी भारतीय राज्यों के छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। इसका मतलब यह है कि अन्य राज्यों के छात्र इन पीजी मेडिकल सीटों के लिए पात्र होंगे, अगर वे तेलंगाना राज्य में केवल एमबीबीएस पूरा करते हैं।

20.25 लाख रुपये का गांजा जब्त, तीन गिरफ्तार

कोत्तागुडेम, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के मादक पदार्थ निरोधक विभाग के अधिकारियों ने एक कार में गांजा की तस्करी कर रहे तीन लोगों को पकड़ा है और उनके पास से 81.95 किलोग्राम वजन का गांजा जब्त किया है। गांजा ले जा रहे छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के आरोपी माड़वी नंदा, जिले के बर्गमपाद मंडल के सोमपल्ली गांव के पंडागा वेंकटेश्वरलू और उसके भाई पंडागा रामुलु को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई। जब्त किए गए गांजे की कीमत 20.25 लाख रुपये है। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आरोपियों, जब्त किए गए गांजे और कार को आगे की जांच के लिए भद्राचलम टाउन पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

तेलंगाना कांग्रेस का ऑनलाइन सर्वेक्षण उलटा

✻ लोगों ने की केसीआर की वापसी की मांग

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कांग्रेस द्वारा ऑनलाइन सर्वेक्षण के माध्यम से पिछली बीआरएस सरकार को 'फार्महाउस गवर्नेंस' कहकर अपमानित करने का प्रयास उल्टा पड़ रहा है और लोग के. चंद्रशेखर राव सरकार की वापसी की मांग कर रहे हैं। राज्य सरकार को लोगों द्वारा दिए गए समर्थन को दर्शाने के प्रयास के तहत, तेलंगाना कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल आईएनसी तेलंगाना ने एक ऑनलाइन पोल शुरू किया, जिसमें एक्स उपयोगकर्ताओं से पूछा गया कि उन्हें कौन सी सरकार पसंद है। विकल्प थे ए. फार्महाउस गवर्नेंस और बी. प्रजाला वड्डाकु पालना, जिसमें कांग्रेस ने खुद को लोगों की सरकार बताया। हालांकि, जैसे-जैसे मतदान आगे बढ़ा, रुझान कांग्रेस के उस दावे के पक्ष में रहा जिसे वह फार्महाउस शासन कहकर कमतर आंकने की कोशिश कर रही थी तथा 70 प्रतिशत से अधिक मतदाता चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली बीआरएस की वापसी की मांग कर रहे थे। तेलंगाना कांग्रेस एक्स हैंडल के सर्वेक्षण का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक लोगों ने बीआरएस सरकार का समर्थन किया, बीआरएस प्रवक्ता पुट्टा विष्णुवर्धन रेड्डी ने कहा कि संदेश स्पष्ट है। ठीक है... संदेश बिल्कुल साफ़ है। लोग केसीआर सरकार चाहते हैं।

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, कहा- महज दिखावा बनकर रह गई संसदीय समितियां

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के कामकाज के तरीके को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। समितियों के कामकाज के तरीकों लेकर विपक्षी नेताओं ने सर्वदलीय बैठक में अपना विरोध दर्ज कराया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप भी लगाया कि वर्तमान सरकार में संसदीय समितियां महज एक दिखावा बनकर रह गई हैं।

सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि संसद सत्र शुरू होने से पहले पारंपरिक रूप से होने वाली सर्वदलीय बैठक में आज सुबह सभी विपक्षी नेताओं ने वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी जेपीसी के कामकाज के तरीके पर कड़े शब्दों में अपना विरोध व्यक्त किया है।

उन्होंने आरोप लगाया, सभी संसदीय परंपराओं और प्रथाओं का पूरी तरह से मजाक बना दिया गया है। ऐसी समितियां एक ताकत हुआ करती थीं। अब वे महज एक दिखावा बनकर रह गई हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने समिति की रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी।

कांग्रेस नेता बीआरएस में हुए शामिल

नलगोंडा, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को यहां कई कांग्रेस नेता और पदाधिकारी बीआरएस में शामिल हो गए। पूर्व विधायक कंचेरला भूपाल रेड्डी ने उनमें से कई का पार्टी में स्वागत किया। शामिल होने वालों में दचाराम के वरिष्ठ नेता देसोजू रामचारी और लेला संदीप रेड्डी अपने समर्थकों के साथ शामिल थे। भूपाल रेड्डी ने उन्हें गुलाबी स्कार्फ भेंट कर पार्टी में स्वागत किया। भूपाल रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को जनता से कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है और यहां तक कि उनके अपने नेता भी सरकार के रवैये से असंतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि इन कांग्रेस नेताओं का शामिल होना नलगोंडा निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी के गौरव को पुनर्जीवित करने की दिशा में पहला कदम है।

बीआरएस में शामिल हुए रामचारी और संदीप रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की बदलाव की उम्मीदों के बावजूद कांग्रेस नेता जनता की उपेक्षा कर रहे हैं और व्यक्तिगत लाभ पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में सरकार के प्रति लोगों का असंतोष बढ़ता जा रहा है और इन मुद्दों को पार्टी के ध्यान में कई बार लाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। उनका मानना है कि लोग अब बेहतर शासन के लिए के चंद्रशेखर राव की बीआरएस की ओर देख रहे हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में कई अन्य लोग कांग्रेस पार्टी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

आरपीएफ ने चोरी के बड़े मामले को सुलझाया, 64 लाख बरामद

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और अपराध जांच शाखा (सीआईबी) की संयुक्त टीम ने विजयवाड़ा रेलवे स्टेशन पर चोरी के एक बड़े मामले को सफलतापूर्वक सुलझाया। टीम ने कार्रवाई के दौरान चोरी हुए बैग को बरामद किया, जिसमें 64 लाख थे। दर्ज शिकायत के अनुसार, 24 जनवरी, 2025 को पिंटू कुमार जैन के दो सहयोगी ट्रेन संख्या 20896 के बी2 कोच में राजमंड्री से चेन्नई जा रहे थे। वे व्यापार के लिए सोने के आभूषण खरीदने के लिए 64 लाख नकद से भरा एक बैग लेकर जा रहे थे। विजयवाड़ा पहुंचने पर उन्हें पता चला कि बैग गायब है और उन्होंने तुरंत चोरी की सूचना दी। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वल्लेश्वर बी थोककला के नेतृत्व में आरपीएफ टीम ने सीआईबी और जीआरपी टीमों के साथ मिलकर तेजी से जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज का उपयोग करते हुए, टीम ने बैग चुराने वाले और विजयवाड़ा स्टेशन से भागने वाले तीन संदिग्धों की पहचान की। जांचकर्ताओं ने अपराध से पहले और बाद में संदिग्धों की गतिविधियों पर बारीकी से नज़र रखी और आखिरकार उन्हें राजमंड्री में पाया। बुधवार को एक बड़ी सफलता में, संयुक्त टीम ने विजयवाड़ा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में आरोपियों- अकुला साई कुमार, पेंडेम प्रसन्ना कुमार और वल्लूरी महेश कुमार को गिरफ्तार किया। राजकीय रेलवे पुलिस ने संदिग्धों को गिरफ्तार किया और चोरी की गई नकदी जब्त की। बाद में आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। विजयवाड़ा डिवीजन के मंडल रेल

निजी बस ने लॉरी को मारी टक्कर, चालक घायल

सूर्यापेट, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विजयवाड़ा से हैदराबाद जा रही एक निजी ट्रैवल्स बस ने गुरुवार को सूर्यापेट जिले के मोद्दुलाचेरुवु गांव के पास एक कंटेनर लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी।

बस चालक केबिन में फंस गया था और उसे बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। उसे सूर्यपेट एरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है। दुर्घटना के समय बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

सड़क दुर्घटना में 7वीं बटालियन के पुलिसकर्मी की मौत

निजामाबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार रात हुई सड़क दुर्घटना में पुलिस कांस्टेबल अजमीरा कल्याण नाइक (29) की मौत हो गई। गर्जनपल्ली निवासी कल्याण नाइक टीएसएसपी 7वीं बटालियन, दिचपल्ली में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। ड्यूटी खत्म करके घर लौटते समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उनके परिवार में पत्नी सुषमा, बेटी अहियुक्ता, बेटा अभिषेक और माता-पिता भारती और पंडारी नाइक हैं।

मौनी अमावस्या को प्रयागराज से रेलवे ने चलाई 364 गाड़ियाँ

सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए प्रशासन के निर्देशों का करें पालन : अश्विनी वैष्णव

हैदराबाद/नई दिल्ली, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रेल प्रशासन द्वारा मौनी अमावस्या के दिन संगम में स्नान कर घर वापसी करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से 364 आउटवर्ड गाड़ियों का परिचालन किया गया, प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान किसी एक दिन में चलाई गई रेल गाड़ियों का यह नया कीर्तिमान है। साथ ही इस अवधि में रेलवे द्वारा 77 इंवर्ड गाड़ियों का परिचालन भी किया गया। आउटवर्ड गाड़ियों में 142 नियमित और 222 महाकुंभ मेला विशेष गाड़ियां शामिल रहीं।

नई दिल्ली में प्रेस संवाददाताओं से बातचीत करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन 364 ट्रेन प्रयागराज से चलाई गई। रेलवे की सभी वरिष्ठ अधिकारियों की टीम रेल भवन स्थित वार रूम से पूरे सिचुएशन की रियल टाइम मॉनिटरिंग कर रही हैं, राज्य सरकार के साथ निरंतर समन्वय करके गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। तीनों रेलवे जोन के जीएम और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्रद्धालुओं को उनके घर तक पहुंचाने के लिए लगे हुए हैं और मेला प्रशासन एवं राज्य सरकार के संपर्क में है। उन्होंने संगम स्नान के लिए आए सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए बड़े-बड़े होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं जहां बैठकर अपने क्षेत्र की गाड़ी की प्रतीक्षा करें। उसके बाद प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार गाड़ी पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर प्रस्थान करें। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक, सूचना एवं प्रसार दिलीप कुमार ने बताया कि इस दिन इनवर्ड एवं आउटवर्ड मिलाकर उत्तर मध्य रेल द्वारा 280 गाड़ियों का परिचालन किया गया जबकि पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा 73 गाड़ियों का एवं उत्तर रेलवे द्वारा 88 गाड़ियों का परिचालन किया। उत्तर मध्य रेल द्वारा सबसे अधिक 157 महाकुंभ मेला विशेष गाड़ी का परिचालन किया गया। उत्तर रेलवे ने 28 और पूर्वोत्तर रेलवे ने 37 गाड़ियों का परिचालन किया। मेला की पूर्ण अवधि में रेलवे द्वारा लगभग 13,450 गाड़ियों के परिचालन की योजना बनाई गई है जिसमें 10,028 नियमित गाड़ियां और 3400 से अधिक विशेष गाड़ियों का परिचालन शामिल है। अब तक 1900 से अधिक विशेष गाड़ियों का परिचालन किया जा चुका है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि सारी गाड़ियों का परिचालन योजनानुसार किया जा रहा है। पूर्व दी गई सूचना के आलोक में कुछ गाड़ियों को मार्ग परिवर्तित करके चलाया जा रहा है जबकि कुछ गाड़ियों का टर्मिनल स्टेशन प्रयागराज की जगह सूबेदारगंज किया गया है।

राहुल का केजरीवाल को चैलेंज

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल जोर-शोर से प्रचार से लेकर रोड शो और जनसभाएं कर रहे हैं। इसी बीच गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली के बादली इलाके में एक रैली को संबोधित किया।

इस दौरान राहुल गांधी भाजपा और आम आदमी पार्टी पर जमकर बरसे। राहुल गांधी ने कहा कि ये लोग नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। हमने मोहब्बत की दुकान खोली। इन लोगों ने 400 पार की बात की। कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा की लड़ाई से लड़ रही है। ये देश भाईचारे का देश है। मोदी जी नफरत क्यों फैलाते हैं। क्योंकि वह जानते हैं कि देश की जनता एक दूसरे से लड़े और कमजोर हो जाए।

सड़क हादसे से सहमे लोग

राजन्ना-सिरसिल्ला, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को वेमुलावाड़ा मंदिर नगर में एक लॉरी के नियंत्रण से बाहर हो जाने से अफरातफरी मच गई।

थिप्पापुर की ओर जाते समय वाहन ने पहले बाईपास रोड पर महालक्ष्मी स्ट्रीट में एक बिजली के खंभे को टक्कर मारी और कुछ दूर तक उसे घसीटता हुआ ले गया। मुलवागु पुल पर सड़क के डिवाइडर से टकराने के बाद, यह कार थिप्पापुर में कदीरे राजमल्लैया की दुकान से जा टकराई। राजमल्लैया की वाहन कंसल्टेंसी के पांच दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ड्राइवर ने शराब पीकर गाड़ी चलाई, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

2 मनरेगा मजदूरों की मौत, 5 घायल

सिद्दीपेट, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के दो श्रमिकों की चट्टानें गिरने से मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब वे गुरुवार को अक्कन्नापेट मंडल के गोवर्धनगिरी गांव में काम कर रहे थे। दोनों पीड़ितों की पहचान कंदरापु सरोजना (52) और उनकी बेटी ममता (25) के रूप में हुई है। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

ए.के. प्रधान जीआरएमबी के नए अध्यक्ष नियुक्त

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जल शक्ति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ए.के. प्रधान को गोदावरी नदी प्रबंधन बोर्ड (जीआरएमबी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जल शक्ति मंत्रालय ने इस नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की। प्रधान केंद्रीय जल इंजीनियरिंग सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हैं और वे तुरंत अध्यक्ष के रूप में अपनी नई ज़िम्मेदारियां संभालेंगे।

गांधीजी के बताए रास्ते पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि - कोंडा सुरेखा

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रपिता की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में वन, पर्यावरण एवं देवदया धर्मार्थ मंत्री कोंडा सुरेखा ने लंगर हाउस के बाबूघाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री सुरेखा ने कहा कि गांधीजी एक महान नेता थे जिन्होंने प्रार्थना, निवेदन और विरोध के महान युद्धों से अंग्रेजों को हराया और देश को आजादी दिलाई। मंत्री सुरेखा ने कहा कि गांधीजी द्वारा सुझाई गई शांति और अहिंसा का अभ्यास ही गांधीजी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। मंत्री सुरेखा ने कहा कि कांग्रेस सरकार महात्मा गांधी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

महात्मा गांधी बस स्टेशन गौलीगुडा चमन, हैदराबाद में महात्मा गांधी के प्रतिमा पर श्रद्धांजली अर्पित करते हुए अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सरकारी सलाहकार ए. गौतम जैन। इस अवसर पर उपस्थित पी राजेंद्र यादव, गजानंद चौदरी, रघुनंद गोपी, एम. नरसिंग राव, प्रेमचंद मुनोथ, सुरेश, राम चंदर एवं रघुवीर आदि।

जामबाग नगरसेवक राकेश जयसवाल आज टैंकबंड स्थित जीएचएमसी परिषद की बैठक में शामिल हुए। कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी सांसद, शंकर यादव नगरसेवक, दर्शन नगरसेवक जियागुडा भी परिषद की बैठक में उपस्थित थे।

कांग्रेस सरकार के खिलाफ बीआरएस नेताओं का अनोखा प्रदर्शन

सिद्दीपेट, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों को पूरा करने में कांग्रेस सरकार की विफलता के विरोध में बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पूर्ववर्ती मेदक जिले में विभिन्न स्थानों पर महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कांग्रेस सरकार ने 420 वादे किए थे और सरकार ने 420 दिन पूरे कर लिए, इसलिए बीआरएस कार्यकर्ताओं ने सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए एक अनूठा विरोध प्रदर्शन शुरू किया। बीआरएस कार्यकर्ताओं ने सिद्दीपेट शहर में ज्ञापन सौंपने से पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पार्टी के नगर अध्यक्ष गारीपल्ली महिपाल गौड़ ने कहा कि उन्होंने यह शिकायत प्रतिमा के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है, क्योंकि कांग्रेस के नेता और सत्ताधारी पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधि विपक्षी दलों और लोगों की कोई भी बात सुनने से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार अपनी कार्यशैली में बदलाव लाएगी और आने वाले दिनों में अपने सभी वादे पूरे करेगी।

बीआरएस कार्यकर्ताओं ने आदिलाबाद में गांधी प्रतिमा के समक्ष ज्ञापन सौंपा

आदिलाबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव के आह्वान पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष ज्ञापन सौंपे। कांग्रेस सरकार पर आरोप है कि उसने पूर्ववर्ती आदिलाबाद जिले में छह प्रमुख चुनावी वादों को पूरा नहीं करके जनता को धोखा दिया है।

आदिलाबाद में बोथ विधायक अनिल जाधव ने सिरिकोंडा मंडल केंद्र में आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल होकर जनता को धोखा दिया है। उन्होंने मांग की कि सरकार फसल ऋण को पूर्ण रूप से क्रियान्वित करने, रैतु भरोसा फसल निवेश सहायता बढ़ाने, मकान और इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा को तत्काल मंजूरी देने के लिए कदम उठाए। कार्यक्रम में बीआरएसवी के जिला अध्यक्ष धरणी राजेश ने भाग लिया और चुनावी वादों को पूरा करने में सरकार की अनदेखी की। उन्होंने उटनूर मंडल केंद्र में महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कांग्रेस पर एक साल पूरा करने के बाद भी वादे पूरे न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी बातों पर कायम रहे। इसी तरह के विरोध प्रदर्शन बोथ, बाजारहाथनूर, जैनद, तमशी, तलमादुगु, गुडीहाथनूर, भीमपुर और जिले के अन्य मंडल केंद्रों, मंचेरियल, निर्मल और कुमराम भीम आसिफाबाद जिलों में भी देखे गए। प्रतिभागियों ने चुनावी वादों की अनदेखी करने और जनता को धोखा देने के लिए सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से सफाई सेवाएं ठप

नलगोंडा, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा नगरपालिका में सफाई सेवाएं ठप हो गई हैं क्योंकि 300 से ज़्यादा सफाई कर्मचारी गुरुवार सुबह से हड़ताल पर चले गए हैं। कचरा संग्रहण में अचानक रुकावट के कारण शहर भर में बड़े पैमाने पर कचरा जमा हो गया है, जिससे निवासियों के बीच स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। शहर में, जहां प्रतिदिन लगभग 300 मीट्रिक टन कचरा निकलता है, बाजार क्षेत्र और मुख्य सड़कों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। एक दिन से अधिक समय तक बिना उठाए रहने पर कचरा सड़ सकता है और बीमारी फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

हड़ताली कर्मचारी पिछले 2 महीनों से नहीं मिले वेतन के साथ-साथ नौ महीने से लंबित बकाया वेतन के भुगतान की मांग कर रहे हैं। सीआईटीयू की स्थानीय इकाई के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। नगर निगम के अधिकारियों ने इस मुद्दे को स्वीकार किया है, लेकिन अभी तक धनराशि के वितरण के लिए कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं बताई है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

शार्दुल ठाकुर ने बल्ले के बाद गेंद से बरपाया कहर, रणजी ट्रॉफी में ली हैट्रिक

मुंबई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पेस बॉलिंग ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर इन दिनों सुर्खियों में छाए हुए हैं. उन्होंने रणजी ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन से फिर से एक सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. उन्होंने मुंबई के लिए खेलते हुए रणजी ट्रॉफी के पिछले मैच में बल्ले से कोहराम मचाया था. शार्दुल ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में अर्धशतक और दूसरी पारी में शतक जड़ दिया था. अब उन्होंने गेंद से कहर बरपाया है. दरअसल, 30 जनवरी शुरू हुए मेघालय के खिलाफ मैच में उन्होंने हैट्रिक लेकर उसे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है. उनकी घातक गेंदबाजी के कारण मेघालय की टीम पूरी तरह पस्त हो गई. उसकी आधी टीम 2 रन के स्कोर पर ही आउट हो गई.

हैट्रिक लेने वाले मुंबई के पांचवें गेंदबाज

शार्दुल ठाकुर रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए हैट्रिक लेने वाले महज पांचवें गेंदबाज हैं. उनके पहले ये कारनामा मुंबई के 4 गेंदबाजों ने किया है, जिसकी शुरुआत जहांगीर खोट ने की थी. उन्होंने 1943-44 के सीजन में बड़ौदा के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी. उनके बाद 1964-64 के सीजन में उमेश नारायण कुलकर्णी ने गुजरात के खिलाफ और 1973-74 के सीजन में अब्दुल इस्माइल ने सौराष्ट्र के खिलाफ हैट्रिक ली थी. फिर रॉयस्टोन डियास ने बिहार के खिलाफ 2023-24 के सीजन में ये कारनामा किया. अब शार्दुल ठाकुर ने इसे मेघायल के खिलाफ दोहराया है.

शार्दुल के कारण मुश्किल में मेघालय

मुंबई और मेघालय के बीच ये मुकाबला शरद पवार क्रिकेट एकेडमी में खेला जा रहा है. गुरुवार 30 जनवरी मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया.

इसके बाद उन्होंने शार्दुल ठाकुर और मोहित अवस्थी को गेंदबाजी का जिम्मा सौंपा. शार्दुल ने पहले ही ओवर की चौथी गेंद पर निशांत चक्रवर्ती को आउट करके मेघालय को पहला झटका दे दिया. वहीं दूसरे ओवर में मोहित ने एक विकेट झटक लिया. इसके बाद बारी आई तीसरे ओवर की.

तीसरे ओवर की पहली 3 गेंदों पर शार्दुल ने 1 रन दिए. अब स्कोर 2 विकेटों के नुकसान पर 2 रन हो चुका था. फिर उन्होंने चौथी, पांचवीं और छठी गेंद पर बैक टू बैक लगातार 3 विकेट झटककर हैट्रिक पूरा की और मेघालय की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया. विकेटों का सिलसिला इसके बाद भी जारी रहा. खबर लिखे जाने जाने तक मेघालय की टीम 20 ओवर के बाद 55 रन पर 8 विकेट गंवा चुकी थी. इस दौरान शार्दुल ने 9 ओवर में 27 रन देकर 4 विकेट चटकाए, वहीं मोहित अवस्थी ने 6 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट और सिलवेस्टर डिसूजा ने 5 ओवर में 12 रन देकर 1 विकेट हासिल किया.

24 गेंदों पर नहीं बनाया रन, जिगरी दोस्त के सामने केएल राहुल का बुरा हाल

5 साल बाद फीकी रही रणजी ट्रॉफी में वापसी

मुंबई, 30 जनवरी (एजेंसियां)। रणजी ट्रॉफी के कमबैक मैच विराट कोहली जब पहली पारी खेलने उतरेंगे तो क्या करेंगे, इस सवाल का जवाब भले ही अभी आना हो. लेकिन, केएल राहुल का रिपोर्ट कार्ड आ चुका है. रणजी ट्रॉफी की पिच पर केएल राहुल की 5 साल बाद वापसी हुई. मगर उनका प्रदर्शन उनके वापसी को दमदार नहीं बना सका. केएल राहुल अपने सबसे अजीज दोस्त मयंक अग्रवाल के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे. मगर उनके सामने उनका हाल बुरा दिखा. 24 गेंदों पर रन बनाने से नाकाम रहने वाले केएल राहुल की रणजी की पिच पर 5 साल बाद वापसी बेहद फीकी रही.

5 साल बाद राहुल की रणजी ट्रॉफी में वापसी

हरियाणा के खिलाफ 30 जनवरी से शुरू हुए मुकाबले में कर्नाटक की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी. पहला विकेट 45 रन पर गिरने के बाद केएल राहुल फर्स्ट डाउन बल्लेबाजी के लिए उतरे. साल 2020 के बाद ये पहली बार था जब राहुल रणजी मैच खेल रहे थे. वहीं उनके साथ दूसरे छोर पर मयंक अग्रवाल थे, जो कर्नाटक के कप्तान होने के अलावे केएल राहुल के अच्छे दोस्त भी थे. मगर राहुल इन सारे मौकों का बड़ा फायदा नहीं उठा सके.

मयंक के साथ 53 रन की साझेदारी करने के बाद हुए आउट

केएल राहुल ने मयंक अग्रवाल के साथ 53 रन की पार्टनरशिप कर अभी कर्नाटक के स्कोर को 99 रन तक पहुंचाया ही था, कि वो आउट हो गए. ऐसा तब हुआ जब पहले दिन के खेल में दूसरा सेशन खेलने उतरे. पहले सेशन में 16 रन बनाकर नाबाद रहने वाले राहुल ने दूसरे सेशन में अभी अपने स्कोर में 10 रन ही और जोड़े थे कि वो आउट हो गए.

24 गेंदों पर नहीं बनाया रन, ये रहा राहुल का स्कोर

केएल राहुल की इनिंग हरियाणा के खिलाफ 37 गेंदों की रही, जिसमें से 24 गेंदें उन्होंने डॉट खेली, मतलब उन गेंदों पर कोई रन नहीं बनाए. केएल राहुल के बल्ले से 37 गेंदों पर 26 रन निकले, जिसमें 4 चौके शामिल रहे.

केएल राहुल पहली पारी में तो 26 रन पर आउट हो गए. लेकिन उनके लिए मैच में अभी एक पारी बची है, जिसमें कुछ बड़ा कर वो अपने रणजी कमबैक को रोचक बना सकते हैं. देखना ये है कि वो उस मौके को भुना पाते हैं या नहीं.

उस्मान ख्वाजा ने टेस्ट में बनाया सबसे बड़ा स्कोर

करियर में पहली बार किया ये कारनामा

गाले, 30 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा फॉर्म में नहीं थे. लेकिन, श्रीलंका पहुंचते ही उनका जो फॉर्म और बल्ले का चार्म लौटा है, वो गजब ही रंग दिखा रहा है. उनमें आए उसी बदलाव का नतीजा है कि उन्होंने अब टेस्ट क्रिकेट में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया है. उन्होंने टेस्ट में अपना पहला दोहरा शतक जड़ा है. उस्मान ख्वाजा ने ये कारनामा श्रीलंका के खिलाफ गॉल टेस्ट के दूसरे दिन के खेल में किया.

उस्मान ख्वाजा का टेस्ट में सबसे बड़ा स्कोर

बाएं हाथ के ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ने टेस्ट में अपने पहले दोहरे शतक की स्क्रिप्ट 290 गेंदों पर लिखी. इस दौरान उन्होंने 16 चौके और 1 छक्का लगाया. ये टेस्ट क्रिकेट में उस्मान का सबसे बड़ा स्कोर है. इससे पहले उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 195 रन का था, जो उन्होंने जनवरी 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ के खिलाफ खेले सिडनी टेस्ट में बनाया था.

उस्मान ख्वाजा के दोहरे शतक की खास बातें

गॉल टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ उस्मान ख्वाजा के बल्ले से निकले दोहरे शतक की कई खास बातें हैं. ये उनके टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक है. ये उनके 13 साल लंबे टेस्ट करियर की सबसे बड़ी इनिंग है. और इन सबसे बढ़कर ये किसी भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के बल्ले से निकला श्रीलंकाई जमीन पर पहला दोहरा शतक है.

बड़ी इनिंग ही नहीं खेली, बड़ी पार्टनरशिप भी की

उस्मान ख्वाजा ने अपनी सबसे बड़ी टेस्ट इनिंग की स्क्रिप्ट लिखने के दौरान टीम के लिए बड़ी और बेहतरीन साझेदारियों का ताना-बाना भी बुना. ख्वाजा ने ओपनिंग विकेट के लिए ट्रेविस हेड के साथ 92 रन स्कोर बोर्ड में जोड़े. लेकिन, इससे भी बड़ी पार्टनरशिप उन्होंने स्टीव स्मिथ के साथ की. स्मिथ के साथ तीसरे विकेट के लिए ख्वाजा ने 419 गेंदों पर 266 रन की पार्टनरशिप की.

गॉल टेस्ट पर ऑस्ट्रेलिया का कसता शिकंजा

उस्मान ख्वाजा के दोहरे शतक और बड़ी साझेदारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गॉल टेस्ट में श्रीलंका पर शिकंजा कस लिया है. पहली इनिंग में वो एक विशाल स्कोर की तरफ बढ़ रहे हैं. उनकी बल्लेबाजी देख लग रहा है जैसे वो दूसरी इनिंग खेलने के मूड में नहीं है. पहली पारी में ही इतना बड़ा स्कोर खड़ा कर देना चाहते हैं, जिसके अंदर श्रीलंका को दो बार आउट किया जा सके.

विराट कोहली के फैन ने दिया सुरक्षाकर्मियों को चकमा, मैदान में आ घुसा, फिर हुआ ड्रामा

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। विराट कोहली अपने शहर, अपने घर और अपने मैदान पर खेल रहे हों तो उन्हें लेकर फैंस की दीवानगी का दिखना स्वभाविक है. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर उसी की झलक दिखी, जहां अपने चहेते क्रिकेटर विराट से मिलने के लिए एक फैन ने स्टेडियम के सुरक्षा घेरे को ही तोड़ डाला. सुरक्षाकर्मियों को चकमा देते हुए लाइव मैच में वो विराट कोहली से मिलने सीधा मैदान पर आ पहुंचा. दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने रेलवे के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. ऐसे में विराट समेत दिल्ली की पूरी टीम फील्ड पर थी. रेलवे की इनिंग का12वां ओवर चल ही रहा था कि विराट कोहली का एक फैन उनसे मिलने के लिए मैदान पर आ पहुंचा. अचानक से उसने दौड़ते हुए आकर विराट के पैर छुए. उसके इतना करते ही वहां सुरक्षाकर्मी भी आ पहुंचे, जो उसके पकड़कर मैदान के बाहर ले गए. अरुण जेटली स्टेडियम पर घटी इस घटना के दौरान विराट कोहली का नरम दिल भी देखने को मिला. दरअसल, सुरक्षाकर्मी जब उस फैन को ले जा रहे थे तो उनका बर्ताव उसके साथ कुछ अच्छा नहीं था. वो उसके साथ सख्ती से पेश आ रहे थे. ऐसे में विराट कोहली ने अपने फैन के लिए उनसे आग्रह किया कि वो उसे मारे या डांटे नहीं. रेलवे की टीम 11.1 ओवर में 3 विकेट पर 33 रन बनाकर खेल रही थी, जब मैदान पर फैन वाली घटना घटी. फैन के मैदान से बाहर जाते ही अगली ही गेंद पर दिल्ली की टीम ने विकेट की जोरदार अपील की. ये अपील रेलवे के बल्लेबाज सैफ के खिलाफ की गई थी. लगा जैसे रेलवे को चौथा झटका लग चुका है. दिल्ली के खिलाड़ियों ने जश्न मनाना भी शुरू कर दिया था. मगर अंपायर ने जांचने-परखने के बाद उस गेंद को नो बॉल करार दिया. और, इस तरह रेलवे और ज्यादा मुश्किल में फंसने से बच गया.

कट्टरपंथियों ने बांग्लादेश में फुटबॉल मैच रद्द करवाया

खेल डेस्क, 30 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों के विरोध प्रदर्शन के बाद बुधवार को महिला फुटबॉल मैच रद्द कर दिया गया। यह हाल ही के दिनों में इस तरह की दूसरी घटना है। जॉयपुरहाट और रंगपुर जिला टीमों के बीच चल रहे फ्रेंडली विमेंस फुटबॉल मैच के दौरान इस्लामिक स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने मैदान पहुंचकर तोड़फोड़ की। जिसके बाद मैच रद्द कर दिया गया। हमारे क्षेत्र के सैकड़ों इस्लामवादी मैच के समय मैदान पर आ गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। सिचुएशन खराब होता देख हमें मैच रद्द करना पड़ा। हाल ही के दिनों में महिला फुटबॉल के विरोध में होने वाली यह दूसरी घटना है। इससे पहले, मंगलवार को शहर दिनाजपुर में एक फुटबॉल मैच के समय इस्लामवादियों ने लाठी चलाकर महिलाओं का मैच रद्द करा दिया था। वहां मौजूद शिक्षक मोनिरुज्जमां जिया के अनुसार, अधिकारियों को सुरक्षा देखते हुए खिलाड़ियों को मैदान से बाहर निकालना पड़ा था। दिनाजपुर विरोध प्रदर्शन के दौरान, इस्लामी प्रदर्शनकारियों और मैच में मौजूद फैंस के बीच लड़ाई हुईं, दोनों समूहों ने एक-दूसरे पर ईंटें फेंकीं। स्थानीय अधिकारी अमित रॉय ने बताया कि घटना में चार लोग घायल हुए थे, हालांकि सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। महिला फुटबॉल के विरोध प्रदर्शन कर रहे मदरसे के हेड अबू बक्कर सिद्दीकी ने कहा-लड़कियों का फुटबॉल गैर-इस्लामिक है। यह हमारा धार्मिक कर्तव्य है कि जो भी चीज हमारी मान्यताओं के खिलाफ हो उसे रोकें। बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन ने घटना की निंदा की है। BFF के मीडिया मैनेजर साकिब ने एक बयान में कहा, फुटबॉल सभी के लिए है और महिलाओं को इसमें भाग लेने का पूरा अधिकार है। पिछले साल पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद, ये घटनाएं लगातार सामने आ रही है। इससे पता चलता है कि बांग्लादेश में इस्लामी समूहों वृद्धि हुई है।

चैंपियंस ट्रॉफी की ओपनिंग सेरेमनी लाहौर में 16 फरवरी को

महाराजा रणजीत सिंह के बनवाए किले में होगा समारोह; रोहित का जाना तय नहीं

लाहौर, 30 जनवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी की ओपनिंग सेरेमनी लाहौर में 16 फरवरी को होगी। इसका आयोजन महाराजा रणजीत सिंह के बनवाए हजूरी बाग किले में होगा। इतना ही नहीं, यहां फोटो शूट के बाद सभी टीमों के कैप्टंस की प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होगी।

हालांकि, इसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के शामिल होने या न होने की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

पीटीआई के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल मिलकर जल्द ही ओपनिंग सेरेमनी की घोषणा करेंगे। वे रोहित के पाकिस्तान जाने या न जाने पर भी स्थिति स्पष्ट करेंगे।

सेरेमनी के लिए सेलिब्रिटी, क्रिकेट के लीजेंड्स और पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों को बुलाया जा रहा है।

हजूरी बाग, पाकिस्तान के लाहौर का एक उद्यान है। इसका निर्माण महाराजा रणजीत सिंह के शासन में हुआ था। इसके केंद्र में हजूरी बाग बारादरी है, जिसे महाराजा ने 1818 में शुजा शाह दुर्रानी से 1813 में कोहिनूर हीरा हासिल करने पर बनवाया था।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री 7 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम दोबारा ओपन करेंगे

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शफीर 7 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम को दोबारा ओपन करेंगे। इधर, 11 फरवरी को राष्ट्रपति असिफ अली जरदारी पीसीब नेशनल स्टेडियम कराची को ओपन करेंगे।

यहां 19 फरवरी को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का पहला मैच खेला जाएगा। अभी दोनों स्टेडियम में रिनोवेशन का काम चल रहा है।

दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के मैच खेलेगा भारत

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलेगा। बीसीसीआई ने टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से इंकार कर दिया था। ऐसे में इंडिया के सभी मुकाबले दुबई में कराने का फैसला लिया गया है।

बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतरेगा पाकिस्तान, 2017 में जीता था खिताब

पाकिस्तान की टीम इस बार बतौर डिफेंडिंग चैंपियन उतर रही है।

पाकिस्तान की टीम ने 2017 में सरफराज अहमद की कप्तानी में आखिरी खिताब जीता था। पाकिस्तान की टीम ने फाइनल में भारत को 180 रन से हराया था।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025

तारीख	मैच	वेन्यू	टाइम
19 फरवरी	पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड	कराची	2:30 PM
20 फरवरी	भारत बनाम बांग्लादेश	दुबई	2:30 PM
21 फरवरी	अफगानिस्तान बनाम साउथ अफ्रीका	कराची	2:30 PM
22 फरवरी	ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड	लाहौर	2:30 PM
23 फरवरी	भारत बनाम पाकिस्तान	दुबई	2:30 PM
24 फरवरी	बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड	रावलपिंडी	2:30 PM
25 फरवरी	ऑस्ट्रेलिया बनाम साउथ अफ्रीका	रावलपिंडी	2:30 PM
26 फरवरी	अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड	लाहौर	2:30 PM
27 फरवरी	पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश	रावलविंडी	2:30 PM
28 फरवरी	अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया	लाहौर	2:30 PM
1 मार्च	साउथ अफ्रीका बनाम इंग्लैंड	कराची	2:30 PM
2 मार्च	भारत बनाम न्यूजीलैंड	दुबई	2:30 PM
4 मार्च	पहला सेमीफाइनल	दुबई	2:30 PM
5 मार्च	दूसरा सेमीफाइनल	लाहौर	2:30 PM
9 मार्च	फाइनल	दुबई/लाहौर	2:30 PM
10 मार्च	फाइनल रिजर्व डे		

नोट- अगर भारत क्वालीफाई किया तो फाइनल दुबई में खेला जाएगा

जेरी होलनेस भारतीय महिला 400 मीटर टीम के कोच बने

ओलंपिक चैंपियन एलेन के मेंटर रह चुके हैं

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। कई ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता एलेन थॉम्पसन और नेस्टा कार्टर जैसे एथलीट का मार्गदर्शन करने वाले जमैका के मशहूर एथलेटिक्स कोच जेरी ली होलनेस को भारतीय महिला 400 मीटर टीम के कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस साल कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिसे देखते हुए होलनेस को नियुक्त किया गया। वह सोमवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में 'लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन' में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए।

भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, होलनेस तिरुवनंतपुरम में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र से जुड़ गए हैं। वह विश्व एथलेटिक्स के लेवल 5 के बहुत ही अनुभवी कोच हैं। उन्होंने जमैका में कुछ बेहतरीन एथलीट को कोचिंग दी है जिसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता शामिल हैं। वह भारतीय महिला 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे जो इस समय तिरुवनंतपुरम में है।

होलनेस का कार्यकाल शुरु में 2026 तक हागा और उनके प्रदर्शन के आधार पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। वह तिरुवनंतपुरम में हिमा दास, सुभा वेंकटेसन रूपल, किरण पहल और विथ्या रामराज जैसी एथलीट को कोचिंग देंगे। जमैका के 65 साल के होलनेस इस तरह स्टाशुक वालेरी की जगह लेंगे जो पेरिस ओलंपिक तक महिलाओं की 400 मीटर और 400 मीटर बाधा दौड़ के कोच थे।

अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम को 7 विकेट से मिली हार

3 साल बाद खेलने उतरी थी पहला मैच

खेल डेस्क, 30 जनवरी (एजेंसियां)। अफगानिस्तान की मेंस टीम तो इस साल पहली बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलती दिखेगी. लेकिन, वहां की महिला क्रिकेट टीम की हालत उतनी अच्छी नहीं. 2021 में देश में तालिबान की हुकूमत जमने के बाद वो बद से बदतर हो गई, जिसका नतीजा ये हुआ कि अफगानिस्तान की महिलाओं को नवंबर 2021 में खेलने के बाद अगले मुकाबले के लिए 3 साल का लंबा इंतजार करना पड़ा. हालांकि, लंबे इंतजार के बाद जब उन्होंने पहला मैच खेला तो उनके लिए तो ये खुशी वाली बात रही ही, वर्ल्ड क्रिकेट के नजरिए से भी अच्छी खबर रही. ये अलग बात है कि मुकाबले में उन्हें 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा.

अफगानिस्तान महिला टीम ने 20 ओवर में बनाए 103 रन

मेलबर्न के जंक्शन ओवल मैदान पर 3 साल बाद क्रिकेट खेलने उतरी अफगानिस्तान की महिला टीम का मुकाबला क्रिकेट विदाउट बॉर्डर इलेवन की टीम से हुआ. इस मैच में अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 9 विकेट पर 103 रन बनाए. अफगानिस्तान की ओर से सबसे ज्यादा रन शाजिया जजई ने बनाए. उन्होंने 46 गेंदों का सामना करते हुए 40 रन बनाए. उनके अलावा टीम की कोई और बल्लेबाज 15 रन के आंकड़े से भी पार नहीं जा सकी, जिसका खामियाजा टीम को आगे भुगतना पड़ा.

अब क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स इलेवन के आगे 20 ओवर में 104 रन बनाने का लक्ष्य था, जिसे उन्होंने 4 गेंद शेष रहते ही 19.2 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया. इस तरह उन्होंने 7 विकेट से मैच को अपने नाम किया.

क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स इलेवन ने अफगान महिलाओं के खिलाफ 19.2 ओवर में 3 विकेट पर 106 रन बनाए.

जीएचएमसी की बैठक में हंगामे के बाद भी 8440 करोड़ रुपये मंजूर

> बीआरएस और कांग्रेस पार्षदों के बीच हाथापाई

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी की आज हुई आम सभा की बैठक में हंगामा हुआ। बीआरएस पार्टी और कांग्रेस पार्टी के पार्षदों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने एक-दूसरे को धक्का दिया। इससे बैठक में तनाव का माहौल बन गया। गुरुवार सुबह बैठक शुरू होते ही परिषद ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। बाद में जीएचएमसी की मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि बजट परिषद में पेश किया जाएगा। हालांकि, बीआरएस पार्टी और भाजपा पार्षदों ने इसका विरोध किया। उन्होंने पहले लोगों के मुद्दों पर बोलने पर जोर दिया। हालांकि, मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने 8,440 करोड़ रुपये के व्यय के साथ जीएचएमसी का बजट पेश किया। उन्होंने सदस्यों से बाद में बजट पर बोलने के लिए कहा। बैठक में अफरा-तफरी मच गई, क्योंकि बीआरएस पार्टी के पार्षदों ने महापौर के पोडियम को घेर लिया। पोडियम पर बीआरएस और कांग्रेस पार्षदों के बीच हाथापाई हुई। बीआरएस पार्षदों ने

छह गारंटियों के क्रियान्वयन पर चर्चा की मांग को लेकर विरोध जताया। बदले में कांग्रेस पार्षदों ने बजट पर चर्चा की मांग करते हुए नारे लगाए। सदन में अफरा-तफरी मचने पर महापौर ने सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी। बैठक दोबारा शुरू होने पर भी बीआरएस और भाजपा पार्षदों ने विरोध जताया। बीआरएस पार्टी के कुछ पार्षदों ने विरोध में तख्तियां लेकर महापौर के पोडियम को घेर लिया। कांग्रेस पार्षदों ने उन्हें रोका और तख्तियां फाड़ दीं। इससे दोनों पार्टियों के पार्षदों के बीच बहस हो गई। बीआरएस पार्टी के चार पार्षदों को मार्शलों ने बाहर निकाला। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। इसका विरोध करते हुए बीआरएस पार्टी के अन्य पार्षदों ने महापौर के आसन को घेर लिया और माफी मांगने की मांग की। हिरासत में लिए गए पार्षदों को वापस लाया जाए और सदन की कार्यवाही शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल होना चाहिए और जनता के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। इससे सदन में अफरा-तफरी मच गई। महापौर ने लोगों के मुद्दों पर चर्चा करने की पेशकश की थी, लेकिन बीआरएस पार्टी के पार्षदों ने हार नहीं मानी। अपनी अधीरता व्यक्त करते हुए उन्होंने पुलिस को पार्षदों को वापस लाने का निर्देश दिया, जिन्हें मार्शलों ने सदन में ले जाया। दूसरी ओर, चार पार्षदों ने अंदर आने से इनकार कर दिया और बहस शुरू हो गई। इसके बाद महापौर ने सभी बीआरएस पार्टी के पार्षदों को निलंबित कर दिया। जब मार्शलों ने उन्हें बाहर भेजा, तो उन्होंने जीएचएमसी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। बैठक में हंगामे के बीच परिषद ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 8,440 करोड़ रुपये के बजट को बिना चर्चा के मंजूरी दे दी। इससे पहले भाजपा पार्षद जीएचएमसी कार्यालय में भीख मांगने आए थे। उन्होंने नारे लगाए कि गोशाला महल स्टेडियम को न तोड़ा जाए और उस्मानिया अस्पताल को वहां न बनाया जाए।

तेलंगाना ने हिमाचल प्रदेश में पनबिजली परियोजनाओं में रुचि व्यक्त की

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बीओटी आधार पर 22 पनबिजली परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाने के जवाब में, तेलंगाना बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने हिमाचल प्रदेश का दौरा किया।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार के बिजली विभाग के सचिव के साथ चर्चा की और सेली एचईपी (400 मेगावाट) और मियार एचईपी (120 मेगावाट) परियोजना स्थलों का निरीक्षण किया। अपने आकलन के बाद, उन्होंने 100 मेगावाट से अधिक क्षमता वाली परियोजनाओं में रुचि व्यक्त करने की सिफारिश की।

तदनुसार, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात की और सेली एचईपी (400 मेगावाट) और मियार एचईपी (120 मेगावाट) परियोजनाओं में तेलंगाना की रुचि

व्यक्त करते हुए औपचारिक रूप से एक पत्र प्रस्तुत किया। उपमुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश सरकार से आगे की जांच के लिए एक मसौदा समझौता ज्ञापन (एमओयू) भेजने का अनुरोध किया। राज्य सरकार जल्द से जल्द एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं शुरू करेगी। इन परियोजनाओं से उत्पन्न पनबिजली का उपयोग तेलंगाना के लिए किया जाएगा, जिससे वर्तमान और भविष्य की दोनों मांगों के लिए इसकी बिजली आपूर्ति मजबूत होगी। भट्टी ने कहा कि यह पहल तेलंगाना की बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने और राज्य की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्री ने श्रमिकों की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक जिले की प्रभारी मंत्री कोंडा सुरेखा ने सिद्दीपेट जिले के गोवर्धनगिरि, हुस्नाबाद में दो रोजगार गारंटी श्रमिकों की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया, जबकि कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने सिद्दीपेट जिला कलेक्टर मनु चौधरी से फोन पर बात की और उन परिस्थितियों के बारे में जानकारी ली जिनके कारण दुर्घटना हुई। मंत्री सुरेखा ने कलेक्टर से रोजगार गारंटी योजना के तहत श्रमिकों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता एवं अन्य अंशदान पर चर्चा की। उन्होंने आदेश दिया कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं कि मृतकों के साथ-साथ घायलों को भी सरकारी सहायता और अन्य लाभ शीघ्रता से उपलब्ध कराए जाएं। घायलों की इच्छा के अनुरूप उन्हें जहां भी चिकित्सा सुविधा मिले, उसकी व्यवस्था की जानी चाहिए। मंत्री सुरेखा ने स्वरूप की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली, जो गंभीर रूप से घायल थे और उनका वारंगल जिला एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्होंने एमजीएम अस्पताल अधीक्षक किशोर से फोन पर बात की और उन्हें मिल रहे इलाज के बारे में जानकारी ली। उन्हें बेहतर इलाज मुहैया कराने और पूरी तरह ठीक होने तक इलाज जारी रखने का आदेश दिया गया। स्वरूप को सलाह दी गई कि जब तक इलाज जारी रहे, तब तक वह अपने पति को भोजन, आवास और अन्य सुविधाएं प्रदान करें।

छात्रों को पीजी मेडिकल सीट का नहीं मिलेगा कोटा

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मेधावी छात्रों को अगले शैक्षणिक वर्ष से स्नातकोत्तर (पीजी) मेडिकल सीटों में उनके निवास-आधारित आरक्षण से वंचित होना पड़ेगा।

इस बदलाव से तेलंगाना में एमबीबीएस पूरा करने वाले अन्य राज्यों के छात्रों को तेलंगाना में सक्षम प्राधिकारी के तहत सुपर-स्पेशियलिटी मेडिकल सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा। बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पीजी मेडिकल सीटों में अधिवास-आधारित आरक्षण को 'अनुचित' घोषित करने के फैसले का अर्थ यह भी है कि तेलंगाना के छात्र राज्य के भीतर ऐसे सभी आरक्षण खो देंगे।

बड़ी संख्या में छात्रों, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और चिकित्सा शिक्षा पर करीबी नजर रखने वाले व्यक्तियों ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय उन स्थानीय छात्रों के लिए अनुचित होगा, जिन्होंने अन्यत्र एमबीबीएस की पढ़ाई की है, जबकि अन्य लोगों का तर्क है कि इससे पूरे भारत के मेधावी छात्रों के लिए अवसर खुलेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से यह तर्क भी सामने आया है कि अत्यधिक विकसित चिकित्सा शिक्षा और अधिक संख्या में पीजी मेडिकल सीटों वाले दक्षिण भारतीय राज्यों को, अधिवास आरक्षण के बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ेगा।

नलगोंडा के निवासी डॉ. सुनील टी ने कहा कि क्या किसी उम्मीदवार को उसके मूल राज्य में अवसर देने से मना करना अनुचित नहीं है, जहां वह पैदा हुआ और पला-बढ़ा है, सिर्फ़ इसलिए कि उसने दूसरे राज्य से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है? राज्य में सिर्फ़ 5 साल रहने वाले छात्रों को राज्य कोटा का लाभ देना और उसी समय स्थानीय छात्रों को लाभ देने से मना करना कैसे न्यायसंगत है?

शमशाबाद एयरपोर्ट पर बम की धमकी का फर्जी कॉल

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस कंट्रोल रूम को आज एक अज्ञात व्यक्ति से फोन आया, जिसमें बताया गया कि शमशाबाद स्थित अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के परिसर में बम रखा गया है। बम की सूचना मिलने पर पुलिस और एयरपोर्ट सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई की और एयरपोर्ट परिसर की गहन तलाशी ली, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला।

सुरक्षा कर्मियों ने राहत की सांस ली, क्योंकि उन्हें लगा कि यह फर्जी फोन कॉल है। पुलिस कर्मियों ने पाया कि यह फोन कॉल तेलंगाना राज्य के कामारेड्डी के एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति का था। इसके साथ ही पुलिस और एयरपोर्ट कर्मियों ने राहत की सांस ली।

राज्यपाल व सीएम ने बापू को श्रद्धांजलि दी

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल जिष्णुदेव वर्मा, सीएम रेवंत रेड्डी, मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बापू घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य सचिव शांति कुमारी, डीजीपी जितेंद्र, मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, पीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़, बीसी आयोग के अध्यक्ष निरंजन, वरिष्ठ अधिकारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर, कोंडा सुरेखा ने भी भाग लिया।

पूर्व मंत्री हरीश राव ने सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान न करने पर उठाए सवाल

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस विधायक टी हरीश राव ने राज्य सरकार से मार्च 2024 से लगभग 8,000 सेवानिवृत्त कर्मचारियों और शिक्षकों को तुरंत सेवानिवृत्ति लाभ जारी करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार उदासीन बनी रहती है, तो बीआरएस सेवानिवृत्त लोगों के लिए न्याय हासिल करने के लिए लड़ाई शुरू करेगी। हरीश राव ने एक बयान में कहा कि पिछले एक साल से प्रत्येक कर्मचारी का 80-90 लाख रुपये का बकाया नहीं चुकाया गया है, जिसमें भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, बीमा, कम्यूटेशन और सरेंडर लीव लाभ शामिल हैं। इसे शर्मनाक बताते हुए उन्होंने सरकार पर तीन दशक तक सेवा देने वाले कर्मचारियों की दुर्दशा के प्रति लापरवाही और अनदेखी करने का आरोप लगाया।

उन्होंने पूछा कि क्या सरकार 30 वर्षों तक लोगों की सेवा करने वाले कर्मचारियों और शिक्षकों को इसी तरह से भुगतान करती है? उन्होंने बताया कि किस प्रकार सेवानिवृत्त कर्मचारी मानसिक पीड़ा झेल रहे हैं, बीमार पड़ रहे हैं और अपने उचित लाभ के लिए कार्यालयों से लेकर अदालतों तक दौड़ रहे हैं। उनके संघर्षों की ओर इशारा करते हुए हरीश राव ने कहा कि कोई अपने बच्चे की शादी के लिए पैसे का इंतज़ार कर रहा है, कोई अपने बेटे की शिक्षा के लिए और कोई अपनी बीमार पत्नी के इलाज के लिए। फिर भी, सरकार ने महीनों तक कोई चिंता नहीं दिखाई है। उन्होंने रेवंत रेड्डी सरकार पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों और शिक्षकों के प्रति क्रूरता का आरोप लगाया तथा उनकी वित्तीय परेशानी और पीड़ा के लिए उसे जिम्मेदार ठहराया।

सीईएलटी ने की दाखिले की घोषणा

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग का सेंटर फॉर इंग्लिश लैंग्वेज ट्रेनिंग (सीईएलटी) 10 फरवरी से इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल्स और पर्सनालिटी डेवलपमेंट में दो महीने का कोर्स शुरू कर रहा है।

कक्षाएं सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक चलेंगी। इच्छुक उम्मीदवार 8 फरवरी तक या उससे पहले नामांकन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 7989903001/9849752655 पर कॉल करें।

फर्जी राजस्व कर्मचारी बनकर घूम रहा व्यक्ति गिरफ्तार

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व विभाग का कर्मचारी बनकर तेलंगाना सचिवालय में संदिग्ध तरीके से घूम रहे एक व्यक्ति को गुरुवार को पुलिस ने पकड़ लिया। स्पेशल पुलिस फोर्स इंटेलिजेंस के एएसआई यूसुफ और हेड कांस्टेबल अंजनेयुलु ने पूरे सबूत जुटाए और चतुराई से उसे पकड़ लिया। खम्मम निवासी भास्कर राव नामक व्यक्ति राजस्व विभाग में कनिष्ठ सहायक के रूप में फर्जी पहचान पत्र पहनकर परिसर में घूम रहा था।

पता चला है कि अल्पसंख्यक विभाग के अनुभाग अधिकारी वी. प्रशांत के ड्राइवर रवि ने फर्जी आईडी कार्ड बनवाने में भास्कर राव की मदद की थी। एसपीएफ इंटेलिजेंस ने ड्राइवर रवि को हिरासत में लिया है। सैफाबाद पुलिस ड्राइवर रवि और भास्कर राव से पूछताछ कर रही है। वे पूछताछ कर रहे हैं कि क्या इन दोनों ने फर्जी पहचान पत्र दिखाकर किसी को आर्थिक रूप से ठगा है। क्या सचिवालय में कोई और भी शामिल है..? किसने उनकी मदद की? क्या इनके कोई पीड़ित हैं..? पुलिस इस आरोप के परिप्रेक्ष्य में जांच कर रही है कि सचिवालय में प्रमुख मंत्रियों के नाम का उल्लेख करके तथा काम करवाने, फाइलें निपटाने तथा नौकरी दिलाने का वादा करके कई लोगों से बड़ी मात्रा में धन लिया गया।

पुलिस आयुक्त ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती, संयुक्त पुलिस आयुक्त डी. जोएल डेविस और अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने 30 जनवरी को महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर बोलते हुए, पुलिस आयुक्त ने कहा कि राष्ट्र राष्ट्रपिता के प्रति कृतज्ञ है और सभी को गांधीजी के शांति, अहिंसा, सादगी, करुणा और विनम्रता के आदर्शों को अपनाना चाहिए। साइबराबाद संयुक्त पुलिस आयुक्त यातायात डी. जोएल डेविस, आईपीएस, एडीसीपी (प्रशासन) रविचंदन रेड्डी, सीएआर मुख्यालय एडीसीपी एसके शमीर, सीएओ अकाउंट्स वेंकट रेड्डी, सीएओ एडमिन गीता, जेएओ साईकुमार, निरीक्षक, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ने भाग लिया।

जीएचएमसी में गांधी को श्रद्धांजलि दी गयी

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर, कमिश्नर इलांबर्ती ने गुरुवार को ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के मुख्यालय में गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बोलते हुए आयुक्त ने कहा कि सभी को महात्मा गांधी के आदर्शों का पालन करना चाहिए, जिन्होंने अहिंसा के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और देश को आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षाएं सामाजिक संतुलन के लिए मार्गदर्शक होनी चाहिए। जीएचएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और स्टाफ ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और गांधीजी के आदर्शों को याद किया।

तेलंगाना ग्रुप-I मुख्य परीक्षा का मूल्यांकन समाप्त

> रैंक सूची फरवरी में आने की उम्मीद

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) द्वारा ग्रुप-I मुख्य परीक्षा का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है और परिणाम कुछ हफ़्तों में आने की उम्मीद है।

आयोग ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए वरिष्ठ प्रोफेसरों की सेवाएं ली हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया के अनुसार प्रत्येक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन दो प्रोफेसरों द्वारा किया जाता है। हालांकि, यदि आवंटित अंकों में 15 प्रतिशत का अंतर है, तो उत्तर पुस्तिका को तीसरे प्रोफेसर के पास भेज दिया जाता है।

31,383 उम्मीदवारों में से 21,151 (67.3 प्रतिशत) ग्रुप-I मुख्य परीक्षा में शामिल हुए, जो

21 से 27 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित की गई थी। टीजीपीएससी ग्रुप-I मुख्य परीक्षा प्रक्रिया पूरी करने और फरवरी में सामान्य रैंकिंग सूची (जीआरएल) जारी करने का इरादा रखता है। आयोग ग्रुप-I के परिणाम अवरोही क्रम में घोषित करने की योजना बना रहा है, जिसके बाद ग्रुप-II और ग्रुप-III का परिणाम आएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि ग्रुप-II और ग्रुप-III की भर्ती में कोई बैकलॉग रिक्तियां न हों।

महिला को भारत से भागते समय पकड़ा गया

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। डुंडीगल पुलिस ने लक्ष्मी श्रीनिवास कंस्ट्रक्शन के मालिक पी विजय लक्ष्मी को गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया, जिस पर कथित तौर पर मल्लमपेट में अवैध लेआउट में विला का निर्माण करने का आरोप है। वह कथित तौर पर देश से भागने की कोशिश कर रही थी। विजया लक्ष्मी पर भूमि हड़पने का आरोप है और उनके खिलाफ पहले से ही कई मामले दर्ज हैं।

इससे पहले शिकायतों के बाद हाइड्रा अधिकारियों ने लक्ष्मी श्रीनिवास कंस्ट्रक्शन द्वारा अवैध रूप से बनाए गए कई विला को ध्वस्त कर दिया था। विजया लक्ष्मी कथित तौर पर तब से फरार हैं। गुरुवार की सुबह, वह कथित तौर पर देश से भागने की योजना बना रही थी और अमेरिका जाने के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए आरजीआईए पहुंची। इमिग्रेशन अधिकारियों द्वारा सतर्क किए जाने के बाद, डुंडीगल पुलिस हवाई अड्डे पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। उसे पुलिस स्टेशन ले जाया गया और उससे पूछताछ की गई। पुलिस विजया लक्ष्मी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाने तथा न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए अदालत में पेश करने की व्यवस्था कर रही है। इस बीच, लक्ष्मी श्रीनिवास कंस्ट्रक्शन्स के पीड़ित बड़ी संख्या में डुंडीगल पुलिस स्टेशन पहुंच गए थे।

बासर मंदिर को मिला प्रभारी ईओ

निर्मल, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। के. सुधाकर रेड्डी ने गुरुवार को बसर के श्री ज्ञान सरस्वती देवस्थानम के कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्हें प्रभारी ईओ के रूप में तैनात किया गया। इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किया गया। सुधाकर रेड्डी ने कहा कि वे प्रशासन को सुव्यवस्थित करने और श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में सुगम दर्शन सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि वे मंदिर में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और प्रमुख समस्याओं का समाधान करने के लिए कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास गतिविधियों में तेजी लाई जाएगी। बताया जा रहा है कि सरकार द्वारा मंदिर में नियमित ईओ की नियुक्ति न किए जाने से प्रशासन प्रभावित हुआ है। तत्कालीन ईओ विजयराम राव का हाल ही में तबादला कर दिया गया।

कांग्रेस सरकार अनुसूचित जाति वर्गीकरण लागू करने के लिए प्रतिबद्ध : संपत

हैदराबाद, 30 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सचिव संपत कुमार ने इस बात पर जोर दिया है कि अनुसूचित जातियों का उप-वर्गीकरण कांग्रेस पार्टी का एक मौलिक सिद्धांत है, और तेलंगाना में सरकार इस वर्गीकरण को स्पष्ट रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस विधायक विवेक या कोई अन्य व्यक्ति अनुसूचित जाति उप-वर्गीकरण का विरोध करता है, तो यह पार्टी का विरोध करने के बराबर है। गुरुवार को गांधी भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए, संपत कुमार ने उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में राज्य सरकार अनुसूचित जाति वर्गीकरण के कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मडिगा आरक्षण पोराटा समिति (एमआरपीएस) के संस्थापक कृष्ण मडिगा

को इस मुद्दे के बारे में कोई चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने संकेत दिया कि मामले पर एक सदस्यीय आयोग की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद राज्य सरकार एससी उप-वर्गीकरण के साथ आगे बढ़ेगी कांग्रेस नेता ने अनुसूचित जातियों के लिए उप-वर्गीकरण के कार्यान्वयन के बारे में जनता को गुमराह करने के लिए बीआरएस नेताओं की आलोचना की और कहा कि पिछले बीआरएस प्रशासन ने मडिगा समुदाय को धोखा दिया था। बीआरएस नेता हरीश राव और केटी रामा राव दावा करते हैं कि वे मडिगा समुदाय को न्याय दिलाएंगे, जो मुझे काफी मनोरंजक लगता है। उन्हें इस तरह के स्पष्ट झूठ बोलने के लिए शर्मिंदा होना चाहिए। पिछले प्रशासन ने अनुसूचित जाति वर्गीकरण के कार्यान्वयन की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.